जयपुर
# महानगर टाइम्स
मिशन पत्रकारिता का प्रहरी
मूल्य : 2 रुपए | पृष्ठ : 12 | वर्ष : 28 | अंक : 122
www.mahanagartimes.com
जयपुर, मंगलवार, 25 मार्च, 2025
जयपुर, कोटा, दौसा, अलवर, उदयपुर एवं जोधपुर से एक साथ प्रकाशित

कम उम्र में बालों का झड़ना

गंजापन, चाहे डेन्ड्रफ हो या अन्य कारण नए बाल पुनः उगे बालों की हर प्रकार की समस्या के लिए
निःशुल्क परामर्श
वैद्य राधामोहन शर्मा (सेवानिवृत)
मो:9214879555,7014117926
समय लेकर पधारें
गुदा में जलन व खुजली गुदा में दर्द गुदा से खुन आना
बिना आपरेशन खाने की दवा से इलाज
नोट: कम उम्र में खाने की व नाक में डालने की दवा से सफेद बाल काले हो

सत्यमेव जयते
राजस्थान सरकार


श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री


श्री भजनलाल शर्मा
माननीय मुख्यमंत्री

## राजस्थान दिवस साप्ताहिक महोत्सव

# राज्य स्तरीय महिला सम्मेलन

मुख्य अतिथि
**श्री भजनलाल शर्मा**
माननीय मुख्यमंत्री

**25 मार्च, 2025 | आदर्श स्टेडियम, बाड़मेर | दोपहर 3:00 बजे**

## राशि हस्तांतरण / वितरण

1.10 करोड़ परिवारों को 200 करोड़ रुपए की एल.पी.जी. सब्सिडी

31,790 बालिकाओं को गार्गी पुरस्कार, बालिका प्रोत्साहन एवं मुख्यमंत्री हमारी बेटियाँ योजनाओं में 13.16 करोड़ रुपए

18,300 महिला समूहों को 100 करोड़ रुपए का हस्तांतरण

30,000 बालिकाओं को लाडो प्रोत्साहन योजना में 7.5 करोड़ रुपए

5,000 मेधावी छात्राओं को कालीबाई भील योजना में स्कूटी वितरण

5,000 महिलाओं को इंडक्शन कुक टॉप का वितरण

स्वामी विवेकानंद स्कॉलरशिप फॉर एकेडमिक एक्सीलेंस योजना के तहत स्वीकृतियाँ

## योजनाओं के दिशा निर्देश

- बर्तन बैंक योजना
- महिला महाविद्यालयों में पुस्तकालय / रीडिंग रूम के उपयोग के सम्बंध में
- अति कुपोषित बच्चों के लिए टेक होम राशन योजना में दूध की मात्रा 15 ग्राम से 25 ग्राम
- सोलर दीदी

**समर्थ महिला – समृद्ध राजस्थान**

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, राजस्थान

राजस्थान संवाद

सपा सांसद रामजीलाल सुमन के बयान पर सियासत गरमाई, बयान को भाजपा ने बताया घृणित और अमर्यादित, रामजीलाल की संसद सदस्यता रद्द करने की मांग

# तुष्टिकरण की राजनीति कर रहा इंडी गठबंधन : भाजपा

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** सपा सांसद रामजीलाल सुमन द्वारा महाराणा सांगा को लेकर दिए गए बयान के बाद सियासी हलचल तेज हो गई है। सोमवार को भाजपा समेत अन्य दलों के नेताओं ने इस बयान की कड़ी निंदा करते हुए इसे इतिहास का अपमान बताया है। भाजपा इसे हिन्दू समाज और महाराणा सांगा का अपमान बता रही है और सुमन की सांसद सदस्यता रद्द करने की मांग कर रही है। उधर, कांग्रेस के नेता भी इस बयान से असहमत दिख रहे हैं, लेकिन भाजपा इसे इंडी गठबंधन की तुष्टिकरण की राजनीति करार दे रही हैं।

### देश और समाज को तोड़ने की कर रहे साजिशः राठौड़



भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने दिल्ली में प्रेसवार्ता कर बयान की निंदा की। राठौड़ ने कहा कि समाजवादी पार्टी, कांग्रेस और उसके सहयोगी दल इंडी गठबंधन देश और समाज को तोड़ने की साजिश रच रहे हैं। उन्हें इतिहास की जानकारी नहीं है और वह सिर्फ तुष्टिकरण की राजनीति कर रहे हैं। यह बयान न सिर्फ एक महापुरुष का अपमान है, बल्कि हिंदू समाज की भावनाओं को आहत करने वाला भी है। राठौड़ ने आरोप लगाया कि वोट बैंक की राजनीति के चलते कुछ नेता देश के आक्रमणकारियों की प्रशंसा कर रहे हैं और राष्ट्र के रक्षकों का अपमान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा इस बयान का कड़ा विरोध करती है और रामजीलाल सुमन की संसद सदस्यता रद्द करने की मांग करती है।

### राणा सांगा राजस्थान की शानः जूली

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने राणा सांगा को राजस्थान की शान बताया। उन्होंने जिस प्रकार से युद्ध लड़े, उसका प्रमाण उनके शरीर पर लगे घाव थे। कोई कुछ भी कहे, वे हमारी धरती के लाल हैं। जूली ने कहा कि इतिहास के साथ छेड़छाड़ नहीं होनी चाहिए और ऐसे बयानों पर लगाम लगाने की जरूरत है।



### शेखावत और राजेंद्र राठौड़ ने भी की निंदा





केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि यह महाराणा सांगा के अस्सी घावों का ऋणी है। उन्होंने इस मुद्दे पर कवि कुमार विश्वास की एक कविता का भी जिक्र किया और कहा कि सांगा का अपमान देश के गौरव का अपमान है। पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने भी इस बयान की निंदा करते हुए कहा कि रामजीलाल सुमन ने हिन्दू साम्राज्य की रक्षा करने वाले योद्धा महाराणा सांगा को गद्दार कहकर उनके बलिदान का अपमान किया है।

## ...इधर राणा सांगा पर चर्चा के मामले में आपत्ति कर फंसी कांग्रेस

**जयपुर।** समाजवादी पार्टी के सांसद रामजीलाल सुमन के राणा सांगा को गद्दार कहने का मुद्दा सोमवार को विधानसभा में भी उठा, हालांकि इस मामले पर चर्चा पर आपत्ति का विरोध करने पर कांग्रेस फंसती दिखी और सत्ता पक्ष के सदस्यों ने कांग्रेस पर राणा सांगा का अपमान करने वालों के साथ खड़ा होने का आरोप लगाया।

विधानसभा में भाजपा विधायक श्रीचंद कृपलानी ने पॉइंट ऑफ इन्फॉर्मेशन के जरिए राणा सांगा को गद्दार कहने का मामला उठाते हुए पूरे मामले में कार्रवाई की मांग की। इस पर कांग्रेस विधायक हरिमोहन शर्मा ने कहा कि सदन में इस पर चर्चा नहीं हो सकती। हरिमोहन शर्मा के इतना कहते ही भाजपा विधायकों ने कड़ी आपत्ति की और कहा कि राणा सांगा के अपमान पर चर्चा क्यों नहीं हो सकती? कई भाजपा विधायक जोर-जोर से बोलने लगे, इससे सदन में हंगामे की स्थिति बन गई। भाजपा विधायकों ने कहा कि आप राणा सांगा पर टिप्पणी का समर्थन कर रहे हो क्या?

श्रीचंद कृपलानी ने कहा कि आपके खड़े होने से यह तय हो गया कि आप रामजीलाल सुमन के साथ हो? कांग्रेस ने खुद अपनी पोल खोल ली। आप मुगलों का साथ दे रहे हो। सरकारी मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने कहा कि कांग्रेस विधायक दल रामजीलाल सुमन के साथ खड़ा है, राणा सांगा का अपमान करने वाले के साथ खड़ा है, शर्म आनी चाहिए। इस मामले को लेकर थोड़ी देर तक हंगामा होता रहा। बाद में स्पीकर ने विधायी कार्य शुरू कर दिया।

# जयपुर एयरपोर्ट को डिजिटल पहल के लिए मिले अवॉर्ड



### सुविधाओं पर ध्यान : परिचालन दक्षता बढ़ाने और यात्री अनुभव को बेहतर बनाने के लिए उठाए कदम

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट को परिचालन दक्षता बढ़ाने और यात्री अनुभव को बेहतर बनाने के लिए कम लागत वाले डिजिटल व ऑटोमेटेड प्रोजेक्ट्स के लिए तीन प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। ये पुरस्कार जयपुर एयरपोर्ट को सीआईआई के राष्ट्रीय प्रतियोगिता के 10वें संस्करण में प्रदान किए गए।

जयपुर एयरपोर्ट को विमान नेविगेशन सुरक्षा के लिए स्मार्ट मॉनिटरिंग सिस्टम के लिए सर्वोच्च प्लेटिनम पुरस्कार से सम्मनित किया गया। वही अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के लिए वाई-फाई डिस्पेंसिंग कियोस्क के लिए स्वर्ण पुरस्कार और एयरपोर्ट के माहौल को बेहतर बनाने के लिए मोबाइल-आधारित सुगंध प्रणाली के लिए कांस्य पुरस्कार मिला। गौरतलब है कि 230 से अधिक कॉरपोरेट्स द्वारा विभिन्न क्षेत्रों से 175 से अधिक केस स्टडीज जूरी के समक्ष प्रस्तुत की गईं थीं।

### एक नजर दिए गए अवॉर्ड पर...

- **विमान नेविगेशन सुरक्षा :** स्मार्ट मॉनिटरिंग सिस्टम परियोजना ने दिखाया कि कैसे रियल टाइम डाटा हवाई यात्रा को और अधिक सुरक्षित बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।
- **वाई-फाई डिस्पेंसिंग कियोस्क :** इसके जरिए एयरपोर्ट पर यात्रियों के लिए निर्बाध इंटरनेट कनेक्टिविटी सुनिश्चित की गई।
- **मोबाइल-आधारित सुगंध प्रणाली :** यात्रियों की सुविधा के लिए मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से एयरपोर्ट के माहौल को आसानी से नियंत्रित और प्रबंधित किया जा सकता है।

**30 अप्रेल तक अभियान :** गर्मियों में सुचारु पेयजल आपूर्ति की दिशा में मुख्य सचिव ने दिए निर्देश

# अवैध पेयजल कनेक्शन है तो बच नहीं सकते... होने लगी कार्रवाई

### पीएचईडी अधिकारियों ने शुरू की सख्ती

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** गर्मियां शुरू होने के साथ ही जलदाय विभाग ने अब अवैध कनेक्शनों पर सख्ती करना शुरू कर दिया है। मुख्य सचिव के आदेश के बाद हर घर तक सुचारू पेयजल आपूर्ति के लिए पाइप लाइन से अवैध जल कनेक्शनों को काटने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

दरअसल, मुख्य सचिव सुधांश पंत ने सभी कलेक्टर और पुलिस अधीक्षकों को पत्र लिखकर अवैध पेयजल कनेक्शन हटाने के लिए निर्देश दिए हैं। इसके तहत पहले चरण में 22 मार्च से 30 अप्रेल तक विशेष अभियान चलाने के लिए भी कहा गया है। इसके बाद जयपुर जिले में अतिरिक्त मुख्य अभियंता शुभांशु दीक्षित ने अभियंताओं को अवैध कनेक्शनों पर कार्रवाई करने के लिए निर्देशित कर दिया है। इसका असर अब फील्ड में भी देखने को मिल रहा है।

पिछले दो दिनों की बात करें तो जयपुर जिले में सैकड़ों अवैध कनेक्शनों को काट दिया गया है। जयपुर नॉर्थ सर्किल के अधीक्षण अभियंता सुरेन्द्रसिंह राठौड़ ने बताया कि क्षेत्र में विभाग की टीम पूरी नजर बनाए हुए है। अब तक 44 अवैध कनेक्शनों को काटने की कार्रवाई की गई है। इनमें पानीपेच नगर खंड में 8, मिस्त्रीखाना में 5, ब्रह्मपुरी में 18 और विद्याधर नगर में 13 अवैध कनेक्शन मिले हैं। वहीं, जयपुर साउथ सर्किल के अधीक्षण अभियंता अनिल शर्मा ने बताया कि अब तक उनके क्षेत्राधिकार में करीब 125 अवैध कनेक्शनों को काटा गया है, इनमें सर्वाधिक कार्रवाई जगतपुरा क्षेत्र में की गई हैं।



### फैक्ट फाइल (प्रदेश स्तर पर...)

- अक्टूबर 2024 में अभियान शुरू
- 66,751 अवैध कनेक्शन चिन्हित
- 3020 कनेक्शनों को किया गया नियमित
- 61,253 कनेक्शन काटे गए
- 84.44 लाख रुपए की जुर्माना राशि वसूली
- 33 एफआईआर करवाई गई दर्ज

### अवैध कनेक्शनों पर हो रही एफआईआर

जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी का कहना है कि अक्टूबर 2024 में अवैध जल कनेक्शनों को काटने के लिए अभियान शुरू किया गया था। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि ऐसे अवैध कनेक्शन जिन्हें अब तक नियमित नहीं करवाया गया है, तो उन्हें नोटिस जारी किया जाए। उन्होंने बताया कि संबंधित द्वारा नोटिस जारी होने के बाद भी पेनल्टी जमा करवाकर जल संबंध नियमितिकरण नहीं करवाया है तो उनके विरुद्ध एफ.आई.आर दर्ज करवाने की कार्यवाही की जाए।

### मुख्य सचिव ने ये दिए निर्देश

मुख्य सचिव की ओर से सभी कलेक्टर और पुलिस अधीक्षकों को लिखे गए पत्र में कहा गया है कि गर्मियों में पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करना चुनौतीपूर्ण कार्य है। इसके बावूजद कुछ लोग पेयजल की मुख्य वितरण लाइनों से अवैध कनेक्शन कर लेते हैं और जिन्होंने वैध कनेक्शन ले रखे हैं, उन्हें पेयजल उपलब्ध नहीं हो पाता है। ऐसे में इन कनेक्शनों को हटाया जाए और विभाग के इंजीनियर्स को इस काम में सहयोग करने के लिए पुलिस सहायता भी मुहैया करवाई जाए। ऐसे अवैध कनेक्शन रखने वाले लोगों पर एफआईआर कराने के निर्देश भी दिए गए हैं।

**चिकित्सा विभाग में मिशन मोड में भर्तियां**

# फार्मासिस्ट के 2347 पदों के लिए अंतिम वरीयता सूची जारी

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल एवं चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के निर्देशन में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग में विभिन्न पदों पर भर्तियों के कार्य को मिशन मोड में पूरा किया जा रहा है। विभाग ने सोमवार को बहुप्रतीक्षित फार्मासिस्ट भर्ती के 2347 पदों के लिए भी अंतिम वरीयता सूची जारी कर दी है। फार्मासिस्ट के कुल 3067 पदों में से 252 पद बैकलॉग के हैं तथा 468 पदों पर विभिन्न कारणों से परिणाम रोका गया है। चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने बताया कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग में करीब 50 हजार पदों पर भर्ती के कार्य को जल्द पूरा करने के प्रयास किए जा रहे हैं। सोमवार को फार्मासिस्ट के 2347 पदों की अंतिम वरीयता सूची जारी कर दी गई है।

### भर्ती का कार्य अल्प समय में पूराः गायत्री राठौड़

प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने बताया कि राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान के माध्यम से 8 कैडर के 20 हजार 546 पदों पर नियमित भर्ती का कार्य अल्प समय में पूरा किया गया है। दंत तकनीशियन, ईसीजी तकनीशियन, लैब टेक्नीशियन, नेत्र सहायक, सहायक रेडियोग्राफर, महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं नर्सिंग ऑफिसर के करीब 17 हजार पदों पर भर्ती कार्य पहले ही पूर्ण हो गया था। अब वर्षों से लंबित फार्मासिस्ट भर्ती की प्रक्रिया भी पूर्ण कर ली गई है।

### 720 नर्सिंग ऑफिसर एवं 8 एएनएम का परिणाम भी जारी

निदेशक अराजपत्रित राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि सोमवार को ही नर्सिंग ऑफिसर के 720 पदों के लिए एवं 8 एएनएम का परिणाम भी जारी कर दिया गया है। पूर्व में जारी अंतिम वरीयता सूची में विभिन्न कारणों से इनका परिणाम रोका गया था। इसी प्रकार चिकित्सा विभाग ने सोमवार को ही 214 एएनएम के नियुक्ति एवं पदस्थापन आदेश भी जारी कर दिए हैं।

## नगर निगम ग्रेटर ने हटाए अतिक्रमण, तीन केन्टर सामान किया जब्त

**जयपुर।** नगर निगम ग्रेटर की सतर्कता शाखा की टीम ने सोमवार को विभिन्न स्थानों पर कार्रवाई करते हुए अतिक्रमणों को हटाया। इस कार्रवाई के दौरान 3 केन्टर सामान भी जब्त किया गया। सतर्कता उपायुक्त अजय कुमार शर्मा ने बताया कि ग्रेटर के क्षेत्राधिकार में ट्रैफिक पुलिस के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए एसएमएस अस्पताल के सामने तथा झोटवाड़ा जोन के अलावा कालवाड़ रोड़ 200 फीट बाईपास से मार्बल मण्डी चौराहा तक अस्थाई अतिक्रमणों को हटाया गया।

# शहीद दिवस पर 200 से अधिक समाजसेवियों का सम्मान





**जयपुर (मसं)।** शहीद दिवस पर सामाजिक संगठन नागरिक शक्ति मंच द्वारा समाजसेवियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। मंच अध्यक्ष एडवोकेट अभिषेक शर्मा मे बताया कि कार्यक्रम में समाजसेवा में सक्रिय 200 से अधिक समाजसेवियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसीपी सांगानेर विनोद शर्मा ने शहीदो को पुष्पांजलि अर्पित की। समाजसेवी एवं माहेश्वरी समाज अध्यक्ष केदार मल भाला ने बताया कि सामाजसेवियों के महत्वपूर्ण योगदान के लिए उनका सम्मान आवश्यक है। विशिष्ट अतिथि योगगुरु महेन्द्र सिंह ने कहा कि युवा वर्ग को समाजसेवा में आगे आना जरूरी है। इस अवसर पर अपने क्षेत्र में विशेष योगदान देने वाले पत्रकार विकास डाबरा, छवि अवस्थी, पुलिसकर्मी मनीष कुमार, राकेश चंद, नोरत मीना, धोली बाई एवं समाजसेवी अशोक निषाद, शेर बहादुर सिंह, वीरेंद्र कुमावत, संदीप गुप्ता, चेतन धुंधारिया, भावना सारस्वत, सुशीला सारस्वत, डॉ. सुनील जैन, द्वारिका जैमन, राहुल डागर, चिरायु, सुनीता सैनी, रेखा बंजारा, संजय शर्मा, दयाराम सारोठिया, गोविन्द कपूर, महेश शर्मा, रामचंद्र खत्री, रवीना लालावत समेत बड़ी संख्या मे समाजसेवियों ने भाग लिया।

# नागौर-जोधपुर के बीच कनेक्टिविटी परियोजना को मंजूरी

### केंद्र सरकार ने 787.33 करोड़ रुपए किए मंजूर

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** नागौर और जोधपुर के बीच कनेक्टिविटी को और बेहतर बनाने के लिए केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने एक परियोजना को मंजूरी दी है, जिसके अंतर्गत 87.63 किलोमीटर लंबी सड़क को चार लेन में अपग्रेड किया जाएगा, जिससे न केवल यातायात को गति मिलेगी, बल्कि सुरक्षा में भी वृद्धि होगी। केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत के प्रयासों से इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए केंद्र सरकार ने 787.33 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की है।

परियोजना के तहत सड़क के साथ-साथ 6.55 किलोमीटर लंबा बाईपास भी प्रस्तावित किया गया है, जो बावड़ी शहर समेत पूरे मार्ग के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा। अपग्रेड के बाद सड़क का चौड़ाईकरण और नवीनीकरण यातायात की गति को बढ़ाने के साथ-साथ दुर्घटनाओं के जोखिम को भी कम करेगा। नए बाईपास से बावड़ी शहर में भारी वाहनों का दबाव घटेगा, जिससे ट्रैफिक जाम की समस्या हल होगी।

यह स्थानीय निवासियों के लिए राहत का कारण बनेगा और पर्यावरण प्रदूषण में भी कमी आएगी। केंद्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने प्रोजेक्ट को मंजूरी दिए जाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का आभार व्यक्त किया है।

# जेसीटीएसएल कर्मियों ने मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** जेसीटीएसएल मजदूर कांग्रेस (इंटक) की ओर से सोमवार को अपनी विभिन्न मांगों को लेकर मुख्य सचिव को ज्ञापन सौंपा गया है।

कार्यकारी अध्यक्ष बाबूलाल न्यांगली ने बताया कि ज्ञापन में जेसीटीएसएल के बगराना डिपो में हुए निजी कंपनी को अधिक भुगतान देने में करोड़ों के घोटाला, टोडी डिपो की बसों का मेंटिनेंस नहीं होने, लंबे समय से एक ही जगह पद विरुद्ध कार्य कर रहे परिचालकों को हटाने सहित अन्य कई मांगें शामिल है। न्यांगली ने बताया कि सीएस ने ज्ञापन को लेकर सकारात्मक आश्वासन दिया है।


### ये बताए गए हैं ज्ञापन में मुख्य बिंदु

- बगराना आगार में रिटायर्ड संविदा कर्मचारियों की मिलीभगत से वित्तीय अनियमितता कर निजी फर्म को करोड़ों का फायदा पहुंचाया गया, जिसकी जांच की मांग।
- जेसीटीएसएल में पद विरुद्ध लंबे समय से परिचालक बाबू बने हुए हैं, उनको अभी तक नहीं हटाया गया।
- लो फ्लोर बसें कबाड़ा बन रही हैं, इसका प्रमुख कारण अधिकांश कर्मचारी मेंटेनेंस करने वाली कम्पनी पर मेहरबान रहते हैं।
- टोडी आगार से संचालित बसों का भी निजी फर्म द्वारा मेंटेनेंस सही से नहीं किया जा रहा है। प्रतिदिन बिना मेंटेनेंस के ही बसों को डिपो से मार्ग पर निकाल दिया जाता है। मेंटेनेंस के अभाव में बसें रोज बीच सड़क पर खड़ी हो जाती है।

# खाटूश्यामजी रेलवे स्टेशन और रेल लाइन निर्माण को मिली मंजूरी

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष और राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ के पत्र के बाद खाटूश्यामजी रेलवे स्टेशन और रींगस-खाटूश्याजी रेल लाइन के निर्माण को लेकर अहम कदम उठाया गया है। राठौड़ ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर इस परियोजना को गजट अधिसूचना के अनुसार पूरा करने की मांग की थी। राठौड़ के पत्र को देखते हुए रेल मंत्री ने संबंधित विभागों को निर्देश जारी किए हैं कि रेल लाइन और स्टेशन का निर्माण गजट नोटिफिकेशन के अनुरूप हो। इसके लिए रेल मंत्री ने जांच के भी निर्देश दिए हैं। राठौड़ ने कहा कि खाटूश्यामजी में हर साल लाखों श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं, लेकिन रेलवे कनेक्टिविटी की कमी के कारण उन्हें परेशानी होती थी। रींगस से खाटूश्यामजी तक नई रेल लाइन बनने से यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा और आवागमन सुगम होगा।



**टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान :** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने प्रदान किया पुरस्कार

# राजस्थान देश में तीसरे स्थान पर, मिला राष्ट्रीय पुरस्कार

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** विश्व टीबी दिवस-2025 के अवसर पर राजस्थान को टीबी उन्मूलन की दिशा में किए गए विशेष प्रयासों के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। सोमवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित समारोह में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने राजस्थान को टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान में देश में तीसरे स्थान पर रहने पर राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किया।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ एवं मिशन निदेशक एनएचएम भारती दीक्षित ने यह पुरस्कार प्राप्त किया। केंद्रीय मंत्री नड्डा ने राजस्थान में टीबी उन्मूलन की दिशा में प्रतिबद्धता के साथ किए जा रहे प्रयासों एवं उपलब्धियों को सराहा। उन्होंने कहा कि टीबी मुक्त भारत अभियान और टीबी मुक्त ग्राम पंचायत जैसी महत्वपूर्ण पहल को साकार रूप देने में राजस्थान ने उल्लेखनीय कार्य किया है।



### खींवसर ने दी बधाई

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने टीबी मुक्त अभियान की दिशा में राष्ट्रीय स्तर पर प्राप्त इस पुरस्कार के लिए चिकित्सा विभाग की टीम को बधाई दी है। उन्होंने कहा है कि विभाग 'आपणो स्वस्थ राजस्थान' की दिशा में प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। हमारा प्रयास है कि राजस्थान जल्द से जल्द टीबी मुक्त हो और टीबी मुक्त भारत अभियान के निर्धारित लक्ष्य हासिल करने में राजस्थान देश का अव्वल राज्य बने।

### वर्ष 2024 में प्रदेश की 3,355 ग्राम पंचायतें टीबी मुक्त घोषित

प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने बताया कि टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान के तहत वर्ष 2024 में राजस्थान की 3,355 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किया गया है, जबकि वर्ष 2023 में यह संख्या 586 थी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत राजस्थान में अब तक 19 हजार से अधिक निक्षय मित्र (समुदाय समर्थक) जोड़े जा चुके हैं। सांसदों और विधायकों की भागीदारी से अभियान को सामुदायिक स्तर पर सशक्त किया गया है। समारोह में राज्य टीबी अधिकारी डॉ. पुरुषोत्तम सोनी एवं टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान के नोडल अधिकारी डॉ.एसएन धौलपुरिया भी उपस्थित रहे।

## टीबी मुक्त ग्राम पंचायत को लेकर चलाए जा रहे अभियान पर चर्चा

### विश्व क्षय रोग दिवस पर सीएमई का आयोजन

**जयपुर।** विश्व क्षय रोग दिवस के अवसर पर सोमवार को श्वसन रोग संस्थान, जयपुर में सीएमई का आयोजन किया गया। इस दौरान टीबी मुक्त ग्राम पंचायत को लेकर चलाए जा रहे अभियान पर विस्तार से चर्चा की गई।

प्रमुख विषेषज्ञ डॉ. राजेन्द्र कुमार महिचा ने बताया कि टीबी मरीजों को निशुल्क दवाइयों के साथ साथ पोषण के लिए निक्षय पोषण योजना के अन्तर्गत 500/-प्रतिमाह भुगतान डीबीटी के माध्यम से गाइडलाइन के अनुसार किया जा रहा था, जिसको सरकार ने 1 नवम्वर 2024 से सहायता राशि को 500/-प्रतिमाह से बढ़ाकर 1000/- कर दिया गया है। डॉ. रविन्द्र कुमार खत्री ने बताया कि अभियान के दौरान निक्षय मित्र बनाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है जिससे उनके द्वारा टीबी मरीजों को पोषण किट व अन्य तरह की सहायता अधिक से अधिक मिल सके।



सीएमई में अधीक्षक/प्रो. डॉ. शोभा जैन, प्रोफेसर डॉ. गुलाब सिंह यादव, प्रो. डॉ. मनोज कुमार मीणा, विभागाध्यक्ष डॉ. आशिष कुमार सिंह, जिला क्षय रोग अधिकारी जयपुर प्रथम डॉ. रविन्द्र कुमार खत्री एवं प्रमुख विशेषज्ञ डॉ. राजेन्द्र कुमार महिचा एवं विभाग के अधिकारी/रेजिडेंट डॉक्टर मौजूद रहे। सीएमई में विभाग के विशेषज्ञ ने टीबी को लेकर व्याख्यान दिए। सीएमई में डीपीसी नितिका शेखावत, पीपीएम ऋचा त्रिवेदी, एसटीएस विकास शर्मा, डीआरटीबी कोऑर्डिनेटर दिनेश कांत हरित, एस.ए. नोकेश कुमार वर्मा, काउंसलर सीता अग्रवाल, टीबीएचवी प्रियंका गुप्ता, अब्दुल कय्यूम आदि मौजूद रहे।

जयपुर

मिशन पत्रकारिता का प्रहरी

# महानगर टाइम्स

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।

facebook YouTube twitter

www.mahanagartimes.com

जयपुर, मंगलवार, 25 मार्च, 2025

जयपुर, कोटा, दौसा, अलवर, उदयपुर एवं जोधपुर से एक साथ प्रकाशित




## केंद्र सरकार की योजना से 23 लाख कर्मचारी होंगे लाभान्वित

# यूपीएस 1 अप्रेल से होगी शुरू, मिलेगी 50 फीसदी गारंटी पेंशन

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार अपने कर्मचारियों के लिए एक नई योजना यूनिफाइड पेंशन स्कीम (यूपीएस) ला रही है। इस योजना के तहत केंद्रीय कर्मचारी जो कि कम से कम 25 वर्षों से अपनी सेवा दे रहे हैं, 1 अप्रेल से यूपीएस के तहत रिटायरमेंट से पहले आखिरी 12 महीनों के अपने औसत मूल वेतन का 50 प्रतिशत पेंशन के रूप में पाने के पात्र होंगे।

सरकार अपनी इस योजना के साथ कम से कम 23 लाख केंद्रीय कर्मचारियों को रिटायरमेंट के बाद वित्तीय सुरक्षा देने की तैयारी में है। यूपीएस खासकर उन लोगों को ध्यान में रखते हुए लाई जा रही है, जिन्हें बाजार से जुड़ी पेंशन के बजाय एक स्थिर और अनुमानित आय पसंद आती है।

नई योजना के तहत जिन कर्मचारियों ने 10 साल से अधिक, लेकिन 25 साल से कम समय तक सेवा की है, उन्हें प्रतिमाह न्यूनतम 10,000 रुपए पेंशन मिलेगी। पेंशनभोगी की मृत्यु की स्थिति में उनके परिवार को पारिवारिक पेंशन के रूप में अंतिम




पेंशन का 60 प्रतिशत मिलेगा। इसके अलावा केंद्र सरकार के कर्मचारी, जो वर्तमान में राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) के तहत हैं, वे यूपीएस पर स्विच कर सकते हैं। इस योजना को हाइब्रिड मॉडल के रूप में डिजाइन किया गया है, जिसमें ओल्ड पेंशन स्कीम (ओपीएस) और नेशनल पेंशन सिस्टम (एनपीएस) दोनों की विशेषताएं शामिल हैं। एनपीएस बिना किसी निश्चित भुगतान के बाजार-आधारित रिटर्न प्रदान करता है, वहीं एनपीएस से अलग नई योजना एक गारंटीकृत पेंशन राशि सुनिश्चित करती है।

### 2004 में लाया गया था एनपीएस

ओपीएस को 2004 में एनपीएस से बदला गया था। ओपीएस आवधिक महंगाई भत्ते संशोधनों के साथ पूरी तरह से सरकारी समर्थित पेंशन प्रदान करता था। यूपीएस की शुरुआत एनपीएस की अनिश्चितताओं के बारे में सरकारी कर्मचारियों के बीच बढ़ती चिंताओं को देखते हुए हुई है। कई सरकारी कर्मचारियों ने रिटायरमेंट के बाद वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए अधिक पूर्वानुमानित पेंशन प्रणाली की मांग की। सरकार का लक्ष्य इस नई योजना के माध्यम से कर्मचारी सुरक्षा को अपनी वित्तीय जिम्मेदारियों के साथ संतुलित करना है। यह कदम राज्य सरकारों को समान पेंशन मॉडल तलाशने के लिए भी प्रभावित कर सकता है। 25 साल से अधिक सेवा करने वालों को 50 प्रतिशत गारंटीकृत पेंशन से सबसे अधिक लाभ होगा। रिटायरमेंट के बाद स्थिर आय चाहने वाले कर्मचारियों को यूपीएस अधिक उपयुक्त लग सकता है, जबकि बाजार में उतार-चढ़ाव से सहज रहने वाले कर्मचारी संभावित रूप से उच्च रिटर्न के लिए एनपीएस को प्राथमिकता दे सकते हैं।

### तीन कैटेगरी में बांटे गए कर्मचारी

**पिछले** सप्ताह पेंशन फंड विनियामक और विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) ने एनपीएस विनियम 2025 के तहत यूपीएस के संचालन को आधिकारिक रूप से अधिसूचित किया। ये विनियम केंद्र सरकार के कर्मचारियों की तीन कैटेगरी में बांटते हैं।

**पहली कैटेगरी :** 1 अप्रेल, 2025 तक सेवा में कार्यरत मौजूदा केंद्र सरकार के कर्मचारी शामिल हैं, जो एनपीएस के अंतर्गत आते हैं।

**दूसरी कैटेगरी :** केंद्र सरकार की सेवाओं में नए भर्ती हुए लोग शामिल हैं, जो 1 अप्रेल, 2025 को या उसके बाद सेवा में शामिल होते हैं।

**तीसरी कैटेगरी :** केंद्र सरकार के वे कर्मचारी शामिल हैं, जो एनपीएस के अंतर्गत आते थे और जो 31 मार्च, 2025 को या उससे पहले रिटायर हो चुके हैं (स्वैच्छिक रूप से रिटायर या मौलिक नियम 56(जे) के तहत रिटायर) और यूपीएस के लिए पात्र हैं या कानूनी रूप से विवाहित जीवनसाथी, जो रिटायर हो चुके हैं या यूपीएस के लिए विकल्प का प्रयोग करने से पहले जिनका देहांत हो चुका है। केंद्र सरकार के कर्मचारियों की इन सभी कैटेगरी के लिए एनरोलमेंट और क्लेम फॉर्म 1 अप्रेल, 2025 से वेबसाइट पर ऑनलाइन उपलब्ध होंगे।

## न्यायाधीश यशवंत वर्मा से सभी न्यायिक कार्य वापस लिए



**नई दिल्ली (मसं)।** दिल्ली हाईकोर्ट के न्यायाधीश यशवंत वर्मा से न्यायिक कर्तव्यों को वापस ले लिया गया है। दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को न्यायाधीश वर्मा से न्यायिक जिम्मेदारियां तत्काल वापस लेने की घोषणा की। यह निर्णय, अद्यतन पूरक कारण सूची में परिलक्षित होता है, 14 मार्च, 2025 को उनके आवास पर आग लगने की घटना के आसपास के हालिया घटनाक्रमों के बाद आया है, जिसके कारण बड़ी मात्रा में नकदी मिली थी। जस्टिस वर्मा ने आरोपों से इनकार करते हुए कहा कि ना तो वह और ना ही उनका परिवार नकदी का मालिक है। उन्होंने दावा किया कि यह घटना उनकी छवि खराब करने और उन्हें फंसाने की साजिश का हिस्सा थी। उनके बयान के अनुसार नकदी कथित तौर पर एक बाहरी घर में मिली थी, ना कि मुख्य इमारत में, जहां वह और उनका परिवार रहता है। उन्होंने कहा कि उनके या परिवार के सदस्यों ने स्टोररूम में कभी नकदी रखी ही नहीं थी।

## राजस्थान दिवस उत्सव आज से, सीएम करेंगे शुभारंभ

**बाड़मेर (मसं)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मंगलवार को



बाड़मेर जिला मुख्यालय पर आदर्श स्टेडियम में मातृ वंदन कार्यक्रम के साथ राजस्थान दिवस उत्सव का आगाज करेंगे। इस दौरान वे राज्यस्तरीय महिला सम्मेलन में शिरकत करने के साथ विभिन्न जिलों के लाभार्थियों से वीसी के माध्यम से संवाद करेंगे और उन्हें विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करेंगे। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री दीयाकुमारी, प्रभारी मंत्री जोराराम कुमावत, उद्योग एवं वाणिज्य राज्यमंत्री केके विश्नोई के साथ विभिन्न जनप्रतिनिधि, विभागीय उच्च अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहेंगे।

## विधायकों ने प्रावधानों को लेकर उठाए सवाल, विधानसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

# राजस्थान कोचिंग सेंटर नियंत्रण विधेयक प्रवर समिति को भेजा

विधानसभा संवाददाता

**जयपुर।** उच्च शिक्षा मंत्री और उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि देशभर से लाखों बच्चे कोचिंग करने कोटा आते हैं, लेकिन कोचिंग सेवा ना होकर उद्योग का रूप बनता जा रहा है। ऐसे में माता-पिता की आकांक्षाओं और विद्यार्थियों के अनुकूल ऐसा शैक्षणिक माहौल बनाने का प्रयास किया जा रहा है, जो विद्यार्थियों को पढ़ाई का सहयोगी वातावरण उपलब्ध करवा सके। इसी के मद्देनजर सरकार द्वारा राजस्थान कोचिंग सेंटर (नियंत्रण और विनिमय) विधेयक 2025 सदन में लाया गया। विधेयक पर चर्चा के बाद और विधायकों के सुझावों एवं सवालों को देखते हुए सरकार ने इसे प्रवर समिति को सौंप दिया। प्रवर समिति में कुछ और सदस्य शामिल कर बिल पर और चर्चा की जाएगी। इसके बाद स्पीकर वासुदेव देवनानी ने विधानसभा सत्र अनिश्चितकाल के लिए स्थगित



करने की घोषणा की। विधानसभा में सोमवार को राजस्थान कोचिंग सेंटर (नियंत्रण और विनिमय) विधेयक 2025 पर चर्चा के बाद सदन में वक्तव्य देते हुए उच्च शिक्षा मंत्री बैरवा ने कहा कि विद्यार्थियों को इको फ्रेंडली वातावरण मिले, उन्हें समस्याओं का समाधान भी समय पर मिले। साथ ही कोचिंग संस्थान नियंत्रित स्थिति में कार्य करें। इसके कुछ नियम बनाए गए थे। पक्ष-विपक्ष के विधायकों ने इस पर चर्चा कर विचार रखे। चर्चा में भाग लेने वाले अधिकतर विधायकों ने इसे जल्दबाजी में लाया विधेयक बताया। सत्ता पक्ष और प्रतिपक्ष के विधायकों ने 16 साल के विद्यार्थी को भी कोचिंग की इजाजत देने का विरोध किया।

### इन्होंने दिए सुझाव

- भाजपा की अनीता भदेल ने विधेयक में कई संशोधन के बारे में कहा कि इसमें छोटे कोचिंग सेंटर जिनकी छात्र संख्या ही 50 हो, उस पर भी वही नियम लगाए गए हैं, जबकि छोटे गांवों में वे सेवा ही कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान से यूपीएससी और एसएससी में देशभर में बड़ी संख्या में छात्र चयनित होते हैं। उन्होंने हर कमेटी में नौकरशाहों को प्रमुखता देने पर आपत्ति जताई। 16 साल से छोटे बच्चों को भी कोचिंग की इजाजत नहीं देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पेनल्टी छोटे संस्थानों के लिए बहुत अधिक है।
- कांग्रेस के हरिमोहन शर्मा ने कहा कि आत्महत्याओं के कारण बिल लाने की जरूरत पड़ी, लेकिन बिल में आत्महत्या रोकने के बारे में प्रावधान ही लचीले हैं। शर्मा ने सर्वे रिपोर्ट के बारे में बताया और कहा कि हर दस विद्यार्थी में से एक बच्चे के मन में आत्महत्या का ख्याल आता ही है। माता-पिता को भी बच्चों से ज्यादा अपेक्षा नहीं रखनी चाहिए, बच्चों की रुचि के बारे में भी जानना चाहिए।
- सत्तापक्ष के ही कालीचरण सराफ ने इस बिल को प्रवर समिति को भेजने की मांग की। उन्होंने कहा कि यह बिल अगर मौजूदा स्वरूप में पारित हो गया तो यह कोचिंग संस्थान राजस्थान से बाहर शिफ्ट हो जाएंगे। हजारों शिक्षक बेरोजगार हो जाएंगे। 60 हजार करोड़ का कारोबार छोटा-सा हो जाएगा। इस बिल से अफसरशाही हावी हो जाएगी। सराफ ने कहा इस बिल पर पहले कोचिंग संस्थानों, जनता, स्टूडेंट और शिक्षकों सबसे बात होनी चाहिए। कमेटी में कोई स्वयंसेवी संस्थाओं, ज्यूडिशियरी का भी व्यक्ति नहीं है। कमेटी में सरकारी अफसर हैं, लेकिन जनप्रतिनिधि नहीं है। साथ ही ज्यूडिशियरी का प्रतिनिधि भी होना चाहिए। सराफ ने कहा कि कोई बच्चा 2 दिन गैरहाजिर रहता है तो उसकी सूचना उसके माता-पिता को दी जानी चाहिए, वह प्रावधान इस बिल से गायब है।
- कांग्रेस विधायक हरीश चौधरी ने बहस के दौरान कहा कि डिप्टी सीएम प्रदेश के छात्रों और युवाओं के लिए 100 करोड़ खर्च करें, जिसमें प्रदेश की बेहतर परीक्षा प्रणाली बनाने पर काम हो।
- सत्तापक्ष की दिप्ति किरण माहेश्वरी ने कहा कि कोचिंग की अपनी वेबसाइट होनी चाहिए। काउंसलिंग जरूरी है। बच्चों से लगातार बातचीत होनी चाहिए, जिससे उनकी मानसिकता समझी जा सके।
- शांति धारीवाल ने कहा कि विद्यार्थी आत्महत्या क्यों करते हैं इस पर विशेष सर्वे करवाया गया, जिसमें कई कारण सामने आए। धारीवाल ने मानसिक स्वास्थ्य पर सबसे अधिक जोर दिया। साथ ही माता-पिता के साथ लगातार बातचीत का भी सुझाव दिया। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि बिल में विद्यार्थी के हित के लिए कई सकारात्मक सुझाव हैं। इसमें नीट और आईआईटी पर ही फोकस है, बाकी परीक्षाओं के बारे में नहीं कहा गया।
- चर्चा में नरेंद्र बुढानिया, डॉ. सुभाष गर्ग, पूराराम गोदारा, छगन सिंह राजपुरोहित, मनोज कुमार, रामस्वरूप लांबा, डॉ. शिखा मील, जयकृष्ण पटेल, रीटा चौधरी, कैलाश वर्मा आदि ने सुझाव रखे।

### सिविल लाइंस विधायक ने कोचिंग कल्चर को दी एंट्रेंस एग्जाम के नर्क की संज्ञा

## एजुकेशन, एग्जाम और एम्प्लॉयमेंट की खाई पाटी जाए : गोपाल शर्मा



**जयपुर।** राजस्थान कोचिंग सेंटर (नियंत्रण एवं विनियमन) विधेयक, 2025 पर चर्चा के दौरान सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा ने शिक्षा प्रणाली पर सवाल खड़े किए। विधायक शर्मा ने कहा कि स्कूल-कॉलेजों के पाठ्यक्रम और प्रतियोगी परीक्षाओं के सिलेबस के बीच बड़ी खाई है। कोचिंग इसी खाई को पाटने वाला पुल है। जापान में इसे 'जुकेन जिगोकू' कहा जाता है यानी 'एंट्रेंस एग्जाम का नर्क'। विधायक शर्मा ने कहा कि यदि समय रहते इस खाई को पाटा नहीं गया तो यह 'नर्क' एजुकेशन सिस्टम का 'बेड़ा गर्क' कर देगा।

### कोचिंग प्राधिकरण बड़ा मायाजाल

**विधायक** शर्मा ने बिल में प्रस्तावित कोचिंग प्राधिकरण की स्थापना को अफसरशाही के बड़े मायाजाल की आहट बताया। उन्होंने चिंता जताई कि यह प्राधिकरण भी जयपुर विकास प्राधिकरण की तरह नहीं बन जाए। शर्मा ने इसे लेकर उच्च शिक्षा मंत्री का ध्यान आकृष्ट किया। उन्होंने कहा कि सिर्फ दो बार एक तो एंट्रेंस एग्जाम के लिए और फिर नौकरी के लिए कोचिंग की जरूरत पड़ रही है। इसके लिए सिलेबस में बदलाव की जरूरत है।

### 'एजुकेशन सिस्टम का कौलेप्स होना भी वजह'

**शर्मा** ने कहा कि आज देश में कोचिंग इंडस्ट्री 60 हजार करोड़ की हो चुकी है। इसकी एक ही वजह है हमारे एजुकेशन सिस्टम का कौलेप्स होना। किसी भी स्कूल, कॉलेज, यूनिवर्सिटी में जाकर देख लें तो कक्षाएं वीरान मिलेंगी और कोचिंग में जाकर देखेंगे तो खचाखच भरी मिलेंगी। यह कड़वी सच्चाई है।

## गोडावण ब्रीडिंग सेंटर में आया नया मेहमान, कुनबा बढ़कर हुआ 46

महानगर संवाददाता

**जैसलमेर।** जैसलमेर जिले के सम गांव के पास स्थित सुदासरी के गोडावण ब्रीडिंग सेंटर से एक बार फिर खुशखबरी आई है। ब्रीडिंग सेंटर में ग्रेट इंडियन बस्टर्ड यानी गोडावण के एक और चूजे का जन्म हुआ है। इससे पहले 9 मार्च को भी इसी सेंटर में एक चूजे का जन्म हुआ था। अब सुदासरी और रामदेवरा दोनों जगह मिलाकर गोडावण की संख्या बढ़कर 46 हो गई है। नए चूजे को मादा गोडावण 'अमन' ने जन्म दिया है। राष्ट्रीय संरक्षण प्रजनन कार्यक्रम के तहत मिली इस सफलता से वन्यजीव संरक्षण विशेषज्ञों और प्रकृति प्रेमियों में उत्साह है। डीएनपी के डीएफओ



बृजमोहन गुप्ता ने बताया कि जैसलमेर के सुदासरी से आई इस खुशखबरी से हम उत्साहित हैं और सरकार द्वारा किए जा रहे गोडावण संरक्षा के प्रयास सफलता की ओर बढ़ते जा रहे हैं। एक ही माह में 2 बच्चों का जन्म लेना सुखद संकेत है। इससे इनकी संख्या में वृद्धि होगी। इससे पहले 9 मार्च को मादा गोडावण 'रीवा' ने एक चूजे को जन्म दिया था। गौरतलब है कि वर्तमान में देशभर के जंगलों में मात्र 150 से भी कम गोडावण बचे हैं, जिससे यह बाघों से भी अधिक दुर्लभ प्रजाति बन चुकी है।

## सांसदों के वेतन-पेंशन बढ़े, अधिसूचना जारी

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सांसदों के वेतन में 24 प्रतिशत की वृद्धि को अधिसूचित कर दिया है। यह बढ़ोत्तरी 1 अप्रेल 2023 से प्रभावी होगी और इसे मूल्य वृद्धि सूचकांक के आधार पर तय किया गया है। संसदीय कार्य मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार ना केवल सांसदों के वेतन में वृद्धि की गई है, बल्कि बैठकों में भाग लेने पर मिलने वाले दैनिक भत्ते, पूर्व सांसदों की पेंशन और अतिरिक्त सेवा वर्षों के लिए दी जाने वाली पेंशन में भी बढ़ोत्तरी की गई है। सरकार ने यह बढ़ोत्तरी सांसद वेतन, भत्ता और पेंशन अधिनियम के तहत आयकर अधिनियम, 1961 में निर्दिष्ट मूल्य वृद्धि सूचकांक के आधार पर अधिसूचित की है। इस सब में अहम बात यह है कि सांसदों के वेतन पर कोई टैक्स नहीं लगता है।



### नए वेतन-भत्ते इस प्रकार हैं

**सांसदों का मासिक वेतन**
**पहले :** 1,00,000 प्रति माह
**अब :** 1,24,000 प्रति माह

**दैनिक भत्ता (संसद सत्र के दौरान बैठकों में भाग लेने पर)**
**पहले :** 2,000 प्रति दिन
**अब :** 2,500 प्रति दिन

**पूर्व सांसदों की मासिक पेंशन**
**पहले :** 25,000 प्रति माह
**अब :** 31,000 प्रति माह

**अतिरिक्त पेंशन (पांच वर्ष की सेवा से अधिक के प्रत्येक वर्ष के लिए)**
**पहले :** 2,000 प्रति माह
**अब :** 2,500 प्रति माह

### सांसद को मिलने वाली सुख-सुविधाएं

**सांसदों** को वेतन के अलावा कई तरह की सुख-सुविधाएं भी मिलती हैं। इनमें कई सुविधाएं उनके परिवार के लोगों के लिए भी होती हैं। इसमें पत्नी के लिए कई फ्री हवाई सफर, अनलिमिटेड ट्रेन का सफर और संसद सत्र के दौरान घर से दिल्ली तक सालाना आठ हवाई सफर भी शामिल होते हैं। एक सांसद को 50 हजार यूनिट फ्री बिजली, 1 लाख 70 हजार फ्री कॉल्स, 40 लाख लीटर पानी, रहने के लिए सरकारी बंगला शामिल होता है।

## प्रदेश के 45 अप्रचलित कानून खत्म

विधानसभा संवाददाता

**जयपुर।** प्रदेश के 45 बेकार हो चुके कानून सोमवार को विधानसभा ने खत्म कर दिए। इस संबंध में लाया गया विधियां निरसन विधेयक विधानसभा ने ध्वनिमत से पारित कर दिया। इस बिल में पंचायतीराज के 37, स्वायत्त शासन के 5, प्रशासनिक सुधार विभाग, कृषि विभाग, उद्योग एवं वाणिज्य विभाग का एक-एक कानून निरस्त किया गया है।

सदन में विधि एवं विधिक संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा कि राज्य सरकार जनसामान्य तक विधि प्रणालियों को अधिक सुगमता से पहुंचाने के लिए प्रयासरत है। हमारी सरकार कानूनों में सुधार करने के साथ अप्रचलित और अनावश्यक को निरस्त करने की दिशा में आगे बढ़ी है। इससे जनमानस को लाभ मिलेगा और न्याय सुगमता से मिलेगा।

विधि एवं विधिक संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि इस विधेयक के जरिए राजस्थान सूचना का अधिकार (निरसन) अधिनियम, 2006 को भी हटाया गया है। उन्होंने कहा कि पूरे देश में केंद्र सरकार की विधियों के अनुरूप ही 'सूचना का अधिकार' प्रभावी है। ऐसे में राजस्थान में यह अधिनियम न्याय संगत नहीं है। पटेल ने बताया कि राजस्थान विधानसभा में पहले भी अप्रचलित कानून निरस्त किए गए हैं। इनमें वर्ष 1954 में 31, वर्ष 1962 में 221, वर्ष 1997 में 303, वर्ष 2015 में 248 और वर्ष 2023 में 123 कानून खत्म किए गए थे।

## राजस्थान क्षेत्रीय संघचालक ने अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की तीन दिवसीय बैठक की दी जानकारी

# संघ का लक्ष्य सर्वस्पर्शी, सर्वव्यापी होना है : डॉ. अग्रवाल

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की तीन दिवसीय बैठक जनसेवा विद्या केंद्र, चन्नेनहल्ली, बेंगलुरु में संपन्न हुई। इसमें देशभर से 1482 कार्यकर्ता शामिल हुए। इसमें संघ द्वारा देशभर में सर्वस्पर्शी, सर्वव्यापी अभियान चलाने के निर्णय के साथ बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हुए अत्याचारों पर प्रस्ताव पारित हुआ।

राजस्थान क्षेत्रीय संघचालक डॉ. रमेश अग्रवाल ने सोमवार को जयपुर स्थित संघ के क्षेत्रीय कार्यालय भारती भवन में पत्रकारों को बताया कि प्रतिनिधि सभा में संगठनात्मक कार्यों का विश्लेषण,



विकास, प्रभाव व समाज परिवर्तन पर चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि संघ ने गत 100 वर्षों में कार्य के विस्तार और सुदृढ़ीकरण पर ध्यान केंद्रित किया है। वर्तमान में देशभर में 51,570 स्थानों पर प्रतिदिन कुल 83,129 शाखाएं संचालित की जाती हैं, जो पिछले वर्ष की तुलना में 10 हजार से अधिक हैं। साप्ताहिक मिलन में पिछले वर्ष की तुलना में 4,430 की वृद्धि के साथ 32,147 हो गए हैं। देश में शाखाओं और मिलन की कुल संख्या 1,15,276 है। राजस्थान क्षेत्र के कार्य की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि वर्ष 2023-24 में 6,102 स्थानों पर 9,556 शाखाएं, 3,903 मिलन थे। जो वर्ष 2024-25 में बढ़कर 6,839 स्थानों पर 10,757 शाखाएं और 5,311 मिलन हो गए हैं। अग्रवाल ने बताया कि पिछले वर्ष सरसंघचालक डॉ. मोहनराव भागवत के आह्वान पर संघ कार्य के विस्तार और सुदृढ़ीकरण के लिए 2,453 स्वयंसेवकों ने दो साल के लिए स्वयं को इस कार्य के लिए समर्पित किया। राजस्थान में ऐसे स्वयंसेवकों की संख्या 468 थी।

### प्रयागराज महाकुंभ में चलाए अभियान की सराहना

**इस** बैठक में 'सक्षम' द्वारा प्रयागराज महाकुंभ को थर्माकोल प्लेट और पॉलीथिन बैग मुक्त बनाने के लिए विभिन्न संगठनों के एक थाली-एक थैला अभियान की सराहना के साथ लोकमाता अहिल्यादेवी होलकर की 300वीं जयंती पर देशभर में आयोजित कार्यक्रमों पर चर्चा की। संघचालक अग्रवाल ने कहा कि संघ का लक्ष्य सर्वस्पर्शी, सर्वव्यापी होना है, जो समाज और राष्ट्र के सभी पहलुओं को स्पर्श करे। संघ आज देश के 134 प्रमुख संस्थानों में मौजूद है और आने वाले वर्षों में सभी संस्थानों तक पहुंचने का लक्ष्य रखा है। सभा के अंतिम दिन संघ शताब्दी के उपलक्ष्य में एक संकल्प लिया गया। साथ ही भारत की अप्रतिम महिला स्वतंत्रता सेनानी, महारानी अबक्का के जन्म की 500वीं वर्षगांठ पर सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले का वक्तव्य भी आया। उन्होंने बताया कि शताब्दी वर्ष की शुरुआत विजयादशमी 2025 पर होगी, जिसमें संघ गणवेश में स्वयंसेवकों के मंडल, खंड, नगर स्तर के कार्यक्रम किए जाएंगे। हर वर्ष की तरह इस अवसर पर सरसंघचालक स्वयंसेवकों को संबोधित करेंगे।

### नवंबर से घर-घर संपर्क अभियान

**रमेश** चंद्र अग्रवाल ने बताया कि नवंबर 2025 से जनवरी 2026 तक तीन सप्ताह तक घर-घर संपर्क अभियान की योजना बनाई है, जिसका विषय हर गांव, हर बस्ती, घर-घर होगा। इस दौरान संघ साहित्य वितरित किया जाएगा। स्थानीय इकाई कार्यक्रम आयोजित करेंगी। सभी मंडलों, बस्तियों में हिंदू सम्मेलन होंगे। खंड-नगर स्तर पर सामाजिक सद्भाव बैठकें होंगी, जिनमें एकसाथ मिलकर रहने पर बल दिया जाएगा।

### **जेल प्रहरी भर्ती परीक्षा 2018 में बड़ा खुलासा :** टीसीएस कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर ने उपलब्ध कराए थे पेपर, करीब 60 लाख रुपए की हुई थी डील

# कंपनी के मैनेजर सहित दो गिरफ्तार

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** जेल प्रहरी भर्ती परीक्षा 2018 पेपर लीक मामले में एसओजी ने बड़ा खुलासा किया है। इसके तहत परीक्षा कराने वाली टीसीएस कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर ने परीक्षा से पहले पेपर उपलब्ध कराए थे। मामले में एसओजी ने प्रोजेक्ट मैनेजर सहित दो आरोपियों करण कुमार पुत्र अरुण कुमार (36) निवासी जमशेदपुर एवं जगजीत सिंह पुत्र सरबजीत सिंह (37) निवासी जमशेदपुर थाना टेल्को, जिला ईस्ट सिंघभुम, झारखंड को गिरफ्तार किया गया है। एटीएस-एसओजी के एडीजी वीके



मामले का खुलासा करते एडीजी वीके सिंह।

सिंह ने बताया कि आरोपी जगजीत सिंह टीसीएस कंपनी में प्रोजेक्ट मैनेजर है। इस कंपनी पर ही सरदार पटेल यूनिवर्सिटी जोधपुर द्वारा आयोजित जेल प्रहरी भर्ती परीक्षा 2018 परीक्षा कराने का जिम्मा था। जगजीत और करण कुमार दोनों स्कूली और कॉलेज फ्रेंड हैं।

### पूछताछ में खुलती गई कड़ी

एडीजी सिंह ने बताया कि मामले में एसओजी ने पूर्व में आरोपी संदीप कांदियान निवासी बजाना खुर्द गनौर को खानपुर सोनीपत से गिरफ्तार किया था। पूछताछ में सामने आया कि परीक्षा की उत्तर कुंजी उपलब्ध कराने के संबंध में उसकी मीटिंग जमशेदपुर निवासी करण से हुई थी। आरोपी करण को देहरादून से डिटेन कर 23 मार्च को बापर्दा गिरफ्तार किया गया। आरोपी करण ने पूछताछ में बताया कि इस परीक्षा के पेपर उस समय टीसीएस कंपनी में कार्यरत प्रोजेक्ट मैनेजर जगजीत सिंह ने उपलब्ध करवाए थे। इस सूचना पर जगजीत सिंह को नोएडा में ईको विलेज-2 में उसके फ्लैट से डिटेन कर सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। दोनों से टीम पूछताछ में जुटी है। इस मामले में अब तक 19 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।

विश्वविख्यात सोनार किले को लेकर केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह ने एएसआई व स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों के साथ की चर्चा

# द्वितीय द्वार और पर्यटकों की सुविधा पर करें फोकस

महानगर संवाददाता



**जैसलमेर।** अपने दो दिवसीय दौरे पर आए केन्द्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने जैसलमेर के सर्किट हाउस में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) व नगर परिषद जैसलमेर के अधिकारियों के साथ विश्व प्रसिद्ध सोनार किले की व्यवस्थाओं को लेकर महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में किले की ऐतिहासिक संरचना के संरक्षण के साथ-साथ पर्यटकों के लिए सुविधाओं के विस्तार और भीड़ प्रबंधन को लेकर चर्चा की गई।

मंत्री शेखावत ने बैठक में कहा कि किले के द्वितीय द्वार को खोलने पर विचार किया जा रहा है, जिससे पर्यटकों की आवाजाही को सुगम बनाया जा सके। वर्तमान में मुख्य द्वार से ही पर्यटकों का आवागमन होता है, जिससे कई बार भीड़ बढ़ जाती है और पर्यटकों को असुविधा होती है। द्वितीय द्वार के खुलने से भीड़ का दबाव कम होगा और सुरक्षा भी सुनिश्चित की जा सकेगी।

### संरक्षण और सुविधाओं का विस्तार

बैठक में मंत्री ने अधिकारियों से किले की ऐतिहासिक संरचना को सुरक्षित रखते हुए आधुनिक सुविधाएं जोड़ने पर चर्चा की। इनमें प्रकाश व्यवस्था, स्वच्छता, जल प्रबंधन और आपातकालीन सेवाओं को बेहतर बनाने के उपाय शामिल हैं। एएसआई के अधिकारियों ने बताया कि किले के संरक्षण के लिए विशेषज्ञों की राय ली जाएगी और आवश्यकतानुसार मरम्मत एवं सुधार कार्य करवाए जाने को लेकर कार्य किया जा रहा है।

### पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा

गौरतलब है कि इस पहल से जैसलमेर के पर्यटन उद्योग को भी बढ़ावा मिलेगा। सोनार किला न केवल ऐतिहासिक धरोहर है, बल्कि यह हजारों पर्यटकों को आकर्षित करता है। बैठक में स्थानीय प्रशासन और एएसआई के अधिकारियों ने मिलकर पर्यटन को सुविधाजनक बनाने की योजना पर विचार किया। बैठक के सकारात्मक परिणाम आने वाले समय में पर्यटकों को बेहतर अनुभव प्रदान करेंगे और जैसलमेर की ऐतिहासिक धरोहर को संरक्षित रखते हुए पर्यटन को नई दिशा देंगे।

## नगर परिषद सभापति ने किया श्रीरामशोभायात्रा का पोस्टर विमोचन



महानगर संवाददाता

**सवाई माधोपुर।** सर्व हिन्दू समाज, सवाई माधोपुर की ओर से श्री राम नवमी 6 अप्रेल को प्रातः 11.15 बजे निकाली जाने वाली शोभायात्रा की सफलता के लिए समिति सदस्यों ने प्रचार प्रसार प्रारंभ किया, जिसके अंतर्गत नगर परिषद सभापति मेघा वर्मा द्वारा श्रीराम शोभायात्रा का पोस्टर विमोचन किया गया और सभी धर्मावलंबियों से शोभायात्रा को सफल बनाने का आग्रह किया गया। मीडिया प्रभारी श्रीराम शर्मा ने बताया कि इस दौरान संयोजक मोहन लाल कौशिक, लालचंद गौतम, राजेश गोयल चक्की वाले, दीप नारायण शर्मा, श्रीराम शर्मा, नरेश सिंधी, मुकेश योगी, पार्षद जीनेद्र शर्मा, ओम सुवालका, हरिशंकर सुवालका, गिरीश शर्मा, रामावतार गौतम, नरपत सिंह राजावत, हरिसिंह नाथावत, रामपाल बालोत, कमल शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## आरटीडीसी के पूर्व अध्यक्ष राठौड़ ने कांग्रेसजनों से की संगठनात्मक चर्चा



महानगर संवाददाता

**अजमेर।** आरटीडीसी के पूर्व चेयरमैन धर्मेंद्र राठौड़ के सोमवार को अजमेर आगमन पर आरटीडीसी होटल में अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेसजनों ने माल्यार्पण कर व दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। राठौड़ ने इस अवसर पर उपस्थित ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष शैलेंद्र अग्रवाल व वाहिद मोहम्मद, शहर कांग्रेस महासचिव पार्षद नौरत गुजर, पूर्व पार्षद सर्वेश पारीक, हेमंत जोधा, मंडल कांग्रेस अध्यक्ष कमल बैरवा, हेमंत जसोरिया, चितलेश बंसल, राजा जैन झांझरी, छोटूसिंह रावत, भंवर सिंह राठौड़ आदि कांग्रेसजनों से संगठनात्मक चर्चा की। नगर निगम की नेता प्रतिपक्ष द्रोपदी कोली, हरि प्रसाद जाटव, मनीष सेन, शमसुद्दीन आदि कांग्रेसजनों ने भी राठौड़ से मुलाकात की।

## विधायक बैरवा ने विधानसभा में उठाया गांवों में सफाई का मुद्दा

महानगर संवाददाता



**चाकसू।** चाकसू विधानसभा क्षेत्र से निर्वाचित विधायक रामावतार बैरवा ने सोमवार को विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान चाकसू विधानसभा क्षेत्र में गांवों में बढ़ती कीचड़ की समस्या के समाधान के लिए नाली निर्माण एवं सफाई की बात रखी। इसका मंत्री ने जवाब देते हुए कहा कि भजनलाल सरकार योजनाओं को धरातल पर उतारने में सतत प्रयासरत है। जल्द ही सम्बंधित विभाग से बात करके पूरा बजट लगवाया जाएगा।

## लू-तापघात प्रबंधन के लिए जिला टॉस्क फोर्स कमेटी की बैठक



महानगर संवाददाता

**सीकर।** चिकित्सा विभाग की लू-तापघात प्रबंधन के लिए बनाई गई जिला स्तरीय टॉस्क फोर्स कमेटी की बैठक सोमवार को जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में जिला कलेक्टर ने सभी विभागों के अधिकारियों को गर्मी के मौसम को देखते हुए लू-तापघात से बचाव के प्रबंध करने के निर्देश दिए। उन्होंने जलदाय विभाग के अधिकारियों को पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू रखने तथा पेयजल स्त्रोतों की ब्लिचिंग करवाने के निर्देश दिए। विद्युत निगम के अधिकारियों को विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। उन्होंने चिकित्सा संस्थानों में लू तापघात से बचाव के लिए कूलर, पंखे आदि की माकूल व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

प्रदेश भर में 25 से 31 मार्च तक होंगे विभिन्न कार्यक्रम

# राजस्थान स्थापना दिवस की पूर्व तैयारियों की समीक्षा

महानगर संवाददाता



**सवाई माधोपुर।** राजस्थान स्थापना दिवस (चैत्र शुक्ल प्रतिपदा, 30 मार्च) की पूर्व तैयारियों एवं साप्ताहिक समीक्षा के संबंध में सोमवार को जिला कलेक्टर शुभम चौधरी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित हुई।

जिला कलेक्टर ने संबंधित विभाग के नोडल अधिकारियों को जिला मुख्यालय पर आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रमों के लिए उचित स्थान का चयन कर राज्य स्तरीय समारोह से जुड़ने से संबंधित सम्पूर्ण व्यवस्थाएं सुनिश्चत करने के निर्देश प्रदान किए हैं। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम के सीधे प्रसारण की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश संयुक्त निदेशक सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग पंकज मीणा को दिए है। साथ ही उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों से राजस्थान स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की सम्पूर्ण तैयारियां समय पर पूर्ण करने के आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए।

उन्होंने बताया कि 25 से 31 मार्च तक राजस्थान दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। समारोह का आगाज 25 मार्च को बाड़मेर से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की उपस्थिति में आयोजित 'महिला सम्मेलन' से होगा। जिला मुख्यालय राज्य स्तरीय कार्यक्रम का लाइव प्रसारण रामसिंहपुरा स्थित राजीव गांधी क्षेत्रीय प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय के ओडिटोरियम में किया जाएगा।

### जिला स्तरीय निष्पादन समिति की बैठक आयोजित

जिला कलेक्टर शुभम चौधरी की अध्यक्षता तथा मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद गौरव बुडानिया, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी कृष्णा शर्मा, एडीपीसी दिनेश कुमार गुप्ता, कार्यक्रम अधिकारी हेमराज मीना तथा समस्त जिला एवं ब्लॉक स्तरीय शिक्षा अधिकारियों की उपस्थिति में जिला स्तरीय निष्पादन समिति की बैठक जिला कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जिला कलेक्टर ने विद्यार्थियों की अपार आईडी बनवाने, विद्यालय खेल मैदान से अतिक्रमण हटवाने, विद्यार्थियों के आधार जनाधार प्रमाणीकरण करवाने, विद्यालयों में नामांकन वृद्धि, मिशन संवाद तथा मिशन निडर कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए दिशा निर्देश प्रदान किए।

### गर्मियों में विद्युत-पेयजल आपूर्ति नहीं हो बाधित

जिला कलेक्टर ने अधीक्षण अभियंता विद्युत विभाग बीएल मीणा को निर्देशित करते हुए कहा कि गर्मी के दौरान बिजली कटौती नहीं हो, इसके कारण किसी भी क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति बाधित नहीं होनी चाहिए। इसके लिए उन्होंने अभी से ठोस योजना तैयार करने और सक्रिय रहने के निर्देश दिए। साथ ही आगामी गर्मी के मौसम को देखते हुए जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सुव्यवस्थित जलापूर्ति बनाए रखने के लिए जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता भगवान सहाय मीणा को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अतिरिक्त सीएमएचओ डॉ. कैलाश सोनी को चिकित्सालयों में दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने, मौसमी बीमारियों के संबंध में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश भी दिए।

## राजस्थान दिवस पर विभिन्न गतिविधियों के आयोजन के निर्देश



**झुंझुनूं।** जिला कलेक्टर रामावतार मीणा की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें जिले में चल रही विभिन्न योजनाओं एवं विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। जिला कलेक्टर ने बताया कि राजस्थान स्थापना दिवस के अवसर पर जिले में सप्ताहभर विभिन्न विभागों द्वारा अनेक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा कि वे समय रहते कार्य योजना तैयार करें। उन्होंने 30 मार्च को राजस्थान दिवस के अवसर पर मुख्य सड़कों एवं भवनों पर रोशनी करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला कलेक्टर ने पेयजल, विद्युत आपूर्ति और मौसमी बीमारियों की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने नगरीय निकायों के लंबित बिजली बिलों के भुगतान को लेकर निर्देश जारी किए। बैठक में एडीएम अजय कुमार आर्य, सांख्यिकी विभाग की सहायक निदेशक पूनम कटेवा, सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर, सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग के संयुक्त निदेशक घनश्याम गोयल, महिला अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक विप्लव न्यौला, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी अनसूईया, सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल अनिल पूनिया, पर्यटन विभाग के सहायक निदेशक देवेंद्र चौधरी सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## निशुल्क आयुर्वेदिक शिविर में 74 रोगी हुए लाभान्वित



महानगर संवाददाता

**नवलगढ़।** कस्बे के जागिड़ अस्पताल में भारतीय सेवा समाज के संस्थापक स्वामी कृष्णानंद महाराज की प्रेरणा से शारदा क्रोपकेम बंबई के आर्थिक सौजन्य से, सामाजिक विकास हेरिटेज एण्ड वाइल्ड लाइफ कंजर्वेशन फाउण्डेशन, अलायंस क्लब नवलगढ़ लॉर्ड कृष्णा व श्रीरामकृष्ण जयदयाल डालमिया सेवा संस्थान चिड़ावा के सहयोग से 128वां निशुल्क दमा, गठिया, मधुमेह रोगों का आयुर्वेदिक शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन सेवानिवृत इंजीनियर भंवरलाल जांगिड़ ने किया।

डॉ. जोगेन्दर सिंह आयुर्वेद चिकित्सक ने अपने सहयोगियों के साथ 74 रोगियों की जांच कर परामर्श दिया। कार्यक्रम संयोजक डॉ. दयाशंकर जांगिड़ ने बताया कि शिविर में आयुर्वेदिक दवाइयां पूरे एक माह की निशुल्क दी जाती है। कार्यक्रम में सह प्रांतपाल रामावतार सबलानिया, मेजर डीपी शर्मा, मुरली मनोहर चोबदार, पंकज शाह, डॉ. मनीष, डॉ. मीनाक्षी, डॉ. शिखरचंद जैन, सीताराम वर्मा, सज्जन जोशी, टी.एम त्रिपाठी. मनोज आदि ने सहयोग दिया।

## कायमखानी मुस्लिमों का कर्म ही देश पर कुर्बानी देना : झुंझुनूंवाला



महानगर संवाददाता

**झुंझुनूं।** जयपहाड़ी गांव के फाजिल खान पुत्र फारूक मोहम्मद का 5 फरवरी को बीकानेर में हुई अग्निवीर सैनिक ओपन भर्ती रैली के अंतिम परिणाम में चयन होने पर सोमवार को जनहित एकता समिति अध्यक्ष जाकिर झुंझुनूंवाला की अध्यक्षता में लतीफिया मस्जिद चौक में माला व शॉल ओढ़ाकर कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर जाकिर झुंझुनूंवाला ने कहा कि झुंझुनूं जिले के युवाओं का सपना रहता है कि वो मां भारती की सेवा सेना में जाकर करें। जिले के कायमखानी मुस्लिम देश सेवा को अपना धर्म मानते हुए भारत की सीमाओं पर जाकर कुर्बान होने को हर समय तैयार रहते हैं। कायमखानी मुस्लिमों का कर्म ही देश के लिए कुर्बानी देना है। फाजिल खान का माला पहनाकर स्वागत करने वालों में उनके दादा नवाब अली, मेजर सतवीर सिंह शेखावत, अब्दुल सलाम पीरजी, हवलदार सादिक नाई, मदीना मस्जिद इमाम अब्दुल कारी, इमाम जावेद साहब, हवलदार हाजी मुराद अली, सूबेदार जंगशेर अली, मास्टर सालेह मोहम्मद, हाकम नेता, राजपाल सिंह चारण आदि शामिल रहे।

# विश्व क्षय रोग दिवस के उपलक्ष्य में निकाली जागरूकता रैली



महानगर संवाददाता

**बाड़मेर।** जिले को टीबी मुक्त बनाने के उद्देश्य से बाड़मेर जिले में टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान जारी है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से सोमवार को विश्व क्षय रोग दिवस 2025 के उपलक्ष्य में जन जागरूकता रैली निकाली गई, जिसे मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. विष्णुराम विश्नोई एवं चिकित्सा अधिकारी डॉ. ओमप्रकाश विश्नोई ने हरि झंडी दिखाकर रवाना किया।

सीएमएचओ डॉ. विश्नोई ने बताया कि राजस्थान सरकार की ओर से क्षय रोग (टीबी) उन्मूलन के लिए व्यापक स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। जब तक आमजन को टीबी रोग की सही जानकारी सुलभ नहीं होगी, तब तक एक स्वस्थ परिवार और स्वस्थ समाज का निर्माण संभव नहीं है। इस दिशा में जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जानी बेहद जरूरी है। इसी क्रम में सोमवार को जिला एवं खंड स्तर पर जागरूकता रैलियां निकाली गई। इस दौरान गांव-गांव में जागरूकता कार्यक्रम, निशुल्क टीबी जांच शिविर और उपचार सुविधाओं को सुलभ बनाने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। रैली के दौरान जिला कार्यक्रम समन्वय छुगसिंह एवं जिला लेखाकार नवीन कुमार, नर्सिंग अधिकारी अजयपाल सिंह, सुमित्रा, मीनाक्षी, फार्मासिस्ट पदम सिंह, ठाकराराम जाखड़, महेंद्र सिंह चौधरी सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## क्षय रोग दिवस पर भाषण प्रतियोगिता के विजेताओं को किया सम्मानित



**सवाई माधोपुर।** क्षय रोग दिवस पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में सोमवार को जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग व नेहरू युवा केन्द्र के संयुक्त तत्वावधान में सीएमएचओ डॉ. अनिल कुमार जैमिनी की अध्यक्षता में किया गया।

कार्यक्रम में जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में विजेता रही छात्राओं और छात्रों को पुरस्कृत किया गया। अभियान के अंतर्गत जिले की समस्त ग्राम पंचायतों के राजकीय विद्यालयों में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय लाखनपुर की 11वीं कक्षा की छात्रा पायल प्रथम, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खंडार में 11वीं कक्षा का छात्र पार्थ सेन द्वितीय व राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बुचोलाई की 11वीं कक्षा की छात्रा शिवानी गुर्जर तृतीय स्थान पर रहीं। जिला स्तर पर प्रथम रहने वाली छात्रा पायल को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भी भाग लिया। इन तीनों विजेताओं को डॉ. जैमिनी, जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. अमित कुमार गोयल व डॉ. देशराज मीना ने मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया।

## डॉ. जुल्फिकार को मिलेगा अब्दुल कलाम नेशनल अवॉर्ड

**झुंझुनूं (मसं)।** युवाओं के प्रेरणा स्रोत युगपुरुष स्वामी विवेकानंद पर पीएचडी करने और उनके विचारों को देश-विदेश में प्रचार-प्रसार करने वाले जिले के निकटवर्ती गांव भीमसर के युवा लेखक व चिन्तक डॉ. जुल्फिकार को भारतीय समाज सेवा संस्थान की ओर से नई दिल्ली में 27 मार्च को डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम नेशनल अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। उन्हें यह सम्मान विवेकानंद पर विदेशों में शोध कार्य और निशुल्क स्वामी विवेकानंद कैलेण्डर वितरित करने के लिए अलंकृत किया जाएगा।



## पं. समिति की साधारण सभा की बैठक आज

**रामगढ़ पचवारा (मसं)।** पंचायत समिति रामगढ़ पचवारा की साधारण सभा की बैठक मंगलवार दोपहर एक बजे प्रधान डॉ. कौशल्या मीणा की अध्यक्षता में पंचायत समिति सभागार में होगी। विकास अधिकारी योगेश कुमार मीणा ने बताया कि बैठक में गत बैठक की कार्यवाही, विद्युत व पेयजल, रसद, राजस्व, सार्वजनिक निर्माण विभाग एवं चिकित्सा स्वास्थ्य व शिक्षा से जुड़े मुद्दों पर चर्चा होगी।

शहीद दिवस पर भगत सिंह फिटनेस प्रतियोगिता का आयोजन

# डेडलिफ्ट में रिकू गुर्जर, पुश अप में नवीन शर्मा ने बाजी मारी



महानगर संवाददाता

**लालसोट।** जय हिंद फिटनेस क्लब के तत्वावधान में शहीद दिवस के उपलक्ष्य में ग्राम डीडवाना के बस स्टैंड स्थित वालीबॉल मैदान पर भगत सिंह फिटनेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजन को क्षेत्र के जाने-माने संगठन एवं संस्थान भगत सिंह आभामंडल, अशोक महान कॉलेज, महालक्ष्मी ज्वेलर्स, रामाश्रम कॉलेज, पहल मानव सेवा संस्थान, भूतेश्वर गोरक्षा, कमांडो फोर्स, आदर्श विद्या मंदिर लालसोट एवं आदित्य फाइनेंस कंपनी का सान्निध्य प्राप्त हुआ।

आभामंडल के अमन शर्मा ने भगत सिंह के विचारों के माध्यम से लोगों को अवगत कराया। महेंद्र शर्मा व दिलीप शर्मा ने मंच संचालन किया।

जिम संचालक अक्षित जांगिड़ व आशीष शर्मा ने बताया कि इस दौरान 6 तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमे डेडलिफ्ट के प्रथम विजेता रिंकू गुर्जर, द्वितीय जितेंद्र सिंह, तृतीय चेतन शर्मा रहे। पुश अप में प्रथम नवीन शर्मा, द्वितीय रिंकू गुर्जर व तृतीय उत्तम शर्मा रहे। रस्सी कूद में प्रथम अनादि तिवारी व द्वितीय सावन शर्मा रहे।

स्कॉट्स में प्रथम जितेंद्र बनास्या व द्वितीय निर्मल स्वामी रहे। बेंच प्रेस में प्रथम निर्मल स्वामी और द्वितीय जितेंद्र सिंह रहे। बॉडी पोजिंग में मोनू वर्मा ने प्रथम स्थान, उज्जवल बाबरवाल ने द्वितीय व लेखराज सैनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेताओं को परितोषित देकर अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। यूथ आईकॉन दीपक पटेल व सभी ग्राम वासियों ने कार्यक्रम की प्रशंसा की।

इस दौरान दीपक पटेल, मुरारी लाल शर्मा, श्यामसुंदर सोनी, हंसराज शर्मा, सुरेन्द्र जांगिड़, राजेश शर्मा, जगदीश दनाऊ, राजूलाल जांगिड़, भागीरथ जांगिड़, रविप्रकाश शर्मा, पवन शर्मा, रमेश शर्मा, आकाश जांगिड़, आत्म सोनी, विमल शर्मा, गणेश शर्मा, कमल शर्मा सहित सैकड़ों ग्रामीण जन, युवा, महिलाएं एवं बच्चे मौजूद रहे।

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।



# नवसंवत्सर का संदेश देने चारों दिशाओं में जाएंगे श्वेत अश्व

## संस्कृति युवा संस्था पांच दिन तक करेगी अनेक आयोजन



महानगर संवाददाता

जयपुर। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा 30 मार्च से नवसंवत्सर 2082 प्रारम्भ हो रहा है। इसके स्वागत के लिए राजधानी में विभिन्न आयोजन होंगे। राज्य सरकार द्वारा चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को ही राजस्थान दिवस मनाने की घोषणा के बाद से अनेक हिंदूवादी संगठन नव संवत्सर की तैयारियों में जोरशोर से जुट गए हैं। संस्कृति युवा संस्था की ओर से नवसंवत्सर उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा। संस्था के अध्यक्ष पं. सुरेश मिश्रा ने बताया कि 27 से 31 मार्च तक 5 दिवसीय विभिन्न कार्यक्रम नव संवत्सर उत्सव के रूप में आयोजित किए जाएंगे। एक दिन पूर्व 26 मार्च को नवसंवत्सर के स्वागत के लिए चार अश्व चारों दिशाओं में रवाना होंगे। भारतीय संस्कृति और नवसंवत्सर का प्रचार करने के लिए ये श्वेत अश्व खोले के हनुमान मंदिर, गलताजी, गोनेर के लक्ष्मी जगदीश जी मंदिर, सांगानेर के सांगा बाबा, चित्रकूट के स्वामी नारायण मंदिर, हाथोज के दक्षिणमुखी बालाजी, कदम्ब डूंगरी, आमेर के काले हनुमान मंदिर सहित जयपुर शहर के सभी प्रमुख मंदिरों में जाएंगे और और नवसंवत्सर का अनूठे तरीके से प्रचार-प्रसार करेंगे। इनका विधिवत पूजन किया जाएगा। इस दौरान विभिन्न मंदिरों के संत-महंत उपस्थित रहेंगे।

इनके साथ में समिति के कार्यकर्ता प्रचार-प्रसार करते चलेंगे। युवाओं से आग्रह किया जाएगा कि भारतीय नवसंवत्सर को धूमधाम से मनाए। नव संवत्सर 30 मार्च को जयपुर के प्रमुख मंदिरों में घण्टे-घड़ियाल बजाकर नववर्ष का स्वागत किया जाएगा। गोविंददेवजी के मंदिर में शाम को महाआरती होगी।

### नवसंवत्सर उत्सव समारोह समिति गठित

पं. मिश्रा ने बताया कि पाश्चात्य संस्कृति के हिसाब से नववर्ष 1 जनवरी को मनाया जाता है लेकिन युवा वर्ग को अपने संस्कारों से परिचय हो इसलिए इस बार के आयोजन में युवाओं की अधिकाधिक प्रतिभागिता हो इसके लिए नवसंवत्सर उत्सव समारोह समिति का भी गठन किया गया है। साथ ही सोशल मीडिया पर नवसंवत्सर के मैसेज बनाकर डाले जाएंगे।

# जगद्‌गुरु वासुदेवानंद सरस्वती ने की मोतीडूंगरी गणेशजी की पूजा-अर्चना



महानगर संवाददाता

जयपुर। बद्रीनाथ स्थित ज्योतिष पीठ के जगद्‌गुरु शंकराचार्य स्वामी वासुदेवानंद जी सरस्वती सोमवार को प्रयागराज से जयपुर पहुंचे। उन्होंने प्रथम पूज्य मोतीडूंगरी गणेशजी के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। मोतीडूंगरी गणेश मंदिर के महंत कैलाश शर्मा ने उनकी अगवानी कर चरण पूजन किया। महंत कैलाश शर्मा ने अपने दीक्षा गुरु का परंपरानुसार सम्मान किया। चुनरी ओढ़ाकर प्रसाद भेंट किया। शंकराचार्य ने गणेशजी के दर्शन कर प्रदेश में सुख, शांति और समृद्धि की कामना की।

वे मोतीडूंगरी जी मंदिर में करीब तीन घंटे रुके। जगद्‌गुरु शंकराचार्य स्वामी वासुदेवानंद जी सरस्वती मोतीडूंगरी गणेशजी मंदिर से आगरा रोड स्थित अपने आश्रम में पहुंचे। वे कल जामनगर के लिए प्रस्थान करेंगे।

# भागवत कथा के समापन पर गौ सवामणि का आयोजन



महानगर संवाददाता

जयपुर। रायसिंह बास की सुरभि गोशाला में श्रीमद्भागवत कथा का गोसवा के साथ विश्राम हुआ। कथा वाचक चंद्रप्रकाश शास्त्री ने गो महिमा का बखान किया। मुख्य यजमान महेंद्र मोहन तिवाड़ी, इंद्रा देवी तिवाड़ी, ब्राह्मण समाज राजस्थान जिलाध्यक्ष भुवनेश तिवाड़ी ने गाय की पूजा की और सवामणि की। गौ माता को हरा चारा, गुड़ और लापसी खिलाई गई। इस मौके पर समाजसेवी गोपाल शर्मा, नगेंद्र वशिष्ठ, काशीनाथ शर्मा, कैप्टन श्रीराम शर्मा, ओम प्रकाश रीडर, डॉ पवन कुमार तिवाड़ी, अरुण कुमार पांडे उपस्थित थे।

# विश्व कल्याण की कामना के साथ यज्ञ देवता को अर्पित की आहुतियां

# नौ कुंडीय यज्ञ में बताए उपासना, साधना-आराधना के सूत्र

## कलश पूजन, कलश प्रार्थना, दीप पूजन के बाद देव शक्तियों का किया भाव भरा आह्वान



महानगर संवाददाता

जयपुर। वेदना निवारण केन्द्र, मानसरोवर की ओर से मुहाना रोड स्थित अमृतनगर के काली माता मंदिर में नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। करीब सवा सौ परिजनों ने यज्ञ में विश्व कल्याण की कामना के साथ यज्ञ देवता को आहुतियां प्रदान की। उपासना, साधना आराधना के सूत्र जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। भक्तभूषण वर्मा और नीलम वर्मा ने विधि विधान से यज्ञ संपन्न करवाया।

इसी कड़ी में मानसरोवर सेक्टर 65 के चमत्कारेश्वर शिव महादेव राघवेन्द्र सरकार मंदिर में गायत्री परिवार की ओर से पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। यज्ञ संयोजक बृजेश रावत ने बताया कि 300 परिजनों ने गायत्री महामंत्र, महामृत्युंजय मंत्र से सभी के कल्याण की भावना से आहुतियां प्रदान की। इस अवसर पर विद्यारंभ संस्कार करवाया गया। दो महिला मंडल का किया गया। सेक्टर 65 में प्रतिदिन सुबह जनजागरण प्रभात फेरी निकाली जाएगी। हर माह मंदिर में सामूहिक यज्ञ और संस्कार होंगे। हर गुरुवार को प्रज्ञा संगीत भजन होंगे। महिलाओं को स्वावलंबी बनाने और बच्चों में संस्कारों की स्थापना के लिए भी कार्य किया जाएगा।

यज्ञ के दौरान गुरु ईश वंदना, साधनादिपवित्रीकरण, मंगलाचरण, षट्कर्म, पृथ्वी पूजन, संकल्प, चंदन धारण, रक्षासूत्र, कलश पूजन, कलश प्रार्थना, दीप पूजन के बाद देव शक्तियों का भाव भरा आह्वान किया गया।

# भक्तामर स्तोत्र दीप महाअर्चना अनुष्ठान संपन्न

महानगर संवाददाता

जयपुर। राजस्थान जैन सभा जयपुर के तत्वावधान में जैन धर्म के प्रवर्तक एवं प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव (आदिनाथ) एवं उनके पुत्र भरत चक्रवर्ती का जयंती समारोह भट्टारकजी की नसियां में भक्ति भाव से मनाया गया। इस मौके पर 48 मण्डलों द्वारा ऋद्धि मंत्रों से युक्त भक्तामर स्तोत्र दीप महाअर्चना अनुष्ठान का संगीतमय आयोजन किया गया।

अध्यक्ष सुभाष चन्द जैन एवं महामंत्री मनीष बैद ने बताया कि अनुष्ठान में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भगवान आदिनाथ की महाआरती के बाद 48 मंडलों पर 48-48 दीपक प्रज्जवलन कर पाठ किए। भगवान आदिनाथ के चित्र के समक्ष दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीर के अध्यक्ष सुधांशु कासलीवाल एवं सभी अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य मण्डल पर दीप प्रज्जवलन अशोक टकसाली ने किया। गायक अशोक गंगवाल,संजय जैन, गायिका साक्षी जैन ने भक्तामर स्तोत्र और भजनों की प्रस्तुति दी। पुरुष सफेद वस्त्र तथा महिलाएं लाल चुनडी की साड़ी पहनकर शामिल हुए। श्रद्धालु गण संगीत की लहरियों पर झूम उठे। मंच संचालन सुभाष बज एवं राकेश गोधा ने किया। आभार महामंत्री मनीष बैद ने व्यक्त किया। कपूर चन्द, महावीर प्रसाद कसेरा, शकुंतला चांदवाड, रमेश, आलोक तिजारिया, कुसुम शाह, कंचन देवी, सपना गोधा ने पूजा-अर्चना की।

अध्यक्ष सुभाष चन्द जैन, उपाध्यक्ष विनोद जैन कोटखावदा, महामंत्री मनीष बैद, मंत्री यशकमल अजमेरा, कार्यक्रम के मुख्य समन्वयक सुभाष कुमार बज, मुख्य संयोजक राकेश कुमार गोधा एवं कार्यकारिणी सदस्यों ने अतिथियों का सम्मान किया। इस मौके पर जेडीए सचिव आईएएस निशांत जैन, दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीर जी के मानद मंत्री सुभाष चन्द जैन जौहरी, प्रदेश के पूर्व मुख्य सचिव अशोक जैन, राजीव जैन गाजियाबाद, राजस्थान जैन सभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रदीप जैन, कोषाध्यक्ष अमर दीवान खोराबीसल सहित बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य श्रेष्ठीजनों ने सहभागिता निभाई।

# सुरेश शर्मा जार जयपुर ग्रामीण अध्यक्ष, बजरंग शर्मा महासचिव निर्वाचित



महानगर संवाददाता

जयपुर। जर्नलिस्टस एसोसिएशन ऑफ राजस्थान (जार) के प्रदेश संयोजक राकेश शर्मा, प्रदेशाध्यक्ष संजय सैनी, प्रदेश महासचिव सुरेश पारीक, प्रदेश उपाध्यक्ष जगदीश शर्मा जमवारामगढ़ की उपस्थिति में अचरोल में आयोजित जार जयपुर ग्रामीण की बैठक में वरिष्ठ पत्रकार सुरेश शर्मा जमवारामगढ़ को जार जयपुर ग्रामीण का जिलाध्यक्ष तथा वरिष्ठ पत्रकार बजरंग लाल शर्मा मानपुरा माचेडी को जार जयपुर ग्रामीण का महासचिव नियुक्त करने की घोषणा की। जार प्रदेश संयोजक राकेश शर्मा ने नव नियुक्त जिलाध्यक्ष, महासचिव को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए जयपुर ग्रामीण जिले में जार को मजबूत संगठन बनाने का आह्वान किया। जार के प्रदेशाध्यक्ष संजय सैनी ने कहा कि पद से ज्यादा पद का दायित्व निभाना ज्यादा महत्वपूर्ण है। पत्रकारों के हित और सुरक्षा को लेकर सचेत रहे तथा एक दूसरे का सहयोग करें। प्रदेशाध्यक्ष ने शीघ्र ही सबकी सहमति से जिला कार्यकारिणी गठित करने के निर्देश दिए। प्रदेश महासचिव सुरेश पारीक ने कहा कि पत्रकारिता एक मिशन है। एक सेवा है। जार पत्रकार हितों की चिंता करता है। जार प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य पत्रकार रामजीलाल शर्मा,जार जयपुर ग्रामीण के वरिष्ठ पत्रकार लक्ष्मीनारायण यादव, बृज मोहन शर्मा मौजूद थे।

नव नियुक्त जार जयपुर ग्रामीण जिलाध्यक्ष सुरेश शर्मा ने जार प्रदेश नेतृत्व का आभार जताते हुए पत्रकार हितों को सर्वोच्चता प्रदान करते हुए कार्य करने का भरोसा दिलाया।

# श्वेत सिद्धि गणेश मंदिर में शिव महापुराण का विश्राम



महानगर संवाददाता

जयपुर। सूरजपोल स्थित श्वेत सिद्धि विनायक गणेश मंदिर में सोमवार को शिव महापुराण कथा का विश्राम हुआ। मंदिर व्यवस्थापक शिवरतन शर्मा ने बताया कि मंदिर के दिवंगत महंत मोहनलाल शर्मा की स्मृति में सात दिवसीय कथा में भगवान शिव के अवतारों, कार्तिकेय की महिमा, अग्नि देव, वायु देव और शक्ति के निराकार-साकार स्वरूप लीलाओं पर प्रवचन हुए। व्यास पीठ से कथावाचक शचि केसरी ने श्रद्धालुओं को भगवान शिव की महिमा की कथा श्रवण कराई। कथा के विश्राम के मौके पर भगवान भोलेनाथ की विशेष पूजा-अर्चना हवन किया गया। श्रद्धालुओं ने ओम नमः शिवाय के जाप के साथ हवन में आहुतियां प्रदान की। महिलाओं ने श्रद्धा और भक्ति से अपने घर में खीर बनाकर लाई और हवन में विशेष आहुति अर्पित की। इस मौके पर भगवान गणेश की फूल बंगला झांकी सजाकर लड्डुओं का भोग लगा कर महाआरती की। महाआरती के बाद भंडारे का आयोजन हुआ।

# पापमोचिनी एकादशी पर श्रद्धालु रखेंगे व्रत

महानगर संवाददाता

जयपुर। चैत्र कृष्ण एकादशी मंगलवार को पाप मोचिनी एकादशी के रूप में भक्तिभाव से मनाई जाएगी। छोटीकाशी के वैष्णव मंदिरों में श्रीहरि विष्णु का विशेष पूजन कर इत्र पुष्पों से मनोरम श्रृंगार किया जाएगा। एकादशी पर श्रद्धालु व्रत रखेंगे। आराध्य देव गोविंददेवजी मंदिर में महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सान्निध्य में पंचामृत अभिषेक कर लाल रंग की पोशाक धारण कराई जाएगी। आभूषणों और फूलों से श्रृंगार किया जाएगा। मंदिर के सेवाधिकारी मानस गोस्वामी ने बताया कि ठाकुरजी को सागारी लड्डुओं का भोग लगाया जाएगा। चौड़ा रास्ता स्थित राधा दामोदर जी, पुरानी बस्ती स्थित गोपीनाथ जी, सुभाष चौक पानो का दरीबा स्थित श्री सरस निकुंज, रामगंज बाजार स्थित लाड़लीजी सहित अन्य मंदिरों में भी एकादशी पर विशेष आयोजन होंगे। राजधानी के विभिन्न श्याम मंदिरों में खाटू नरेश का गुणगान किया जाएगा। म्हारे घरा पधारो श्याम संस्था की ओर से अग्रवाल फार्म सेक्टर 113 के श्याम पार्क में बाबा श्याम का दरबार सजाया जाएगा। अखंड ज्योति प्रज्वलित कर महाआरती की जाएगी। कलाकार श्याम प्रभु का गुणगान करेंगे।

# सर्वोच्च न्यायालय का फैसला लागू करवाने का लिया संकल्प



महानगर संवाददाता

जयपुर। आरक्षण से वंचित एससी-एसटी समाज संघर्ष समिति की भरतपुर संभाग की बैठक में आरक्षण से वंचित समाज के लोगों ने शपथ ली कि जब तक सुप्रीम कोर्ट के फैसले एससी-एसटी आरक्षण में वर्गीकरण को राज्य सरकार लागू नहीं करती तब तक आरक्षण से वंचित समाज के लोग चैन से बैठेंगे और न राज्य सरकार को बैठने देंगे। प्रदेश समिति संयोजक राकेश बिडावत ने कहा कि जिस प्रकार हरियाणा, कर्नाटक और पंजाब सरकार ने वंचित समाज के उत्थान के लिए आरक्षण में वर्गीकरण लागू किया है उसी प्रकार राजस्थान सरकार को भी समाज की मुख्यधारा में वंचित समाज के लिए शीघ्रता से लागू करना चाहिए।

मानसिंह बंजारा ने कहा कि आज भी इन समाजों की भागीदारी एससी-एसटी आरक्षण में ना के बराबर है। आरक्षण में समानता का अधिकार मिलना चाहिए। अनिल लाहोरा ने कहा कि वाल्मीकि समाज आज भी सिर्फ सफाई कर्मचारियों तक सिमट गया है। इतने बड़े समाज को आरक्षण का फायदा नहीं मिल पाया है। संजय डांगी ने बताया कि आने वाले समय में बड़े स्तर पर आंदोलन की तैयारी करेंगे। प्रदेश सहसंयोजक घनश्याम बडतिया ने आभार प्रकट किया।

# चेटीचंड पखवाड़ाः मानसरोवर में निकली कलश यात्रा

## मनोकामना पूर्ण रथ यात्रा 26 को, श्रद्धालु खींचेंगे रस्सी

जयपुर (मसं)। चेटीचंड महोत्सव के उपलक्ष्य में सोमवार को सिद्ध ठाकुर नाथ सेवा समिति की ओर से थड़ी मार्केट मानसरोवर के सामुदायिक केन्द्र में सिंधी संस्कृति से जुड़े सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ। अनेक लोगों ने प्रस्तुतियां दी। इससे पूर्व कलश यात्रा निकाली गई। 26 मार्च को थड़ी मार्केट मानसरोवर से मनोकामना पूर्ण रथ यात्रा आरंभ होगी जिसमें श्रद्धालु अपने हाथों से रथ की रस्सी को खींचकर आगे बढ़ाएंगे। 27 मार्च को स्वामी सर्वानंद हॉल, नाहरी का नाका में संगीत कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। इसमें महिलाओं द्वारा सिंधी भजन और शादी के अवसर पर गाए जाने वाले गीत गाए जाएंगे। 28 मार्च को 501 महिलाओं की विशाल कलश यात्रा श्री गोविंद जी के मंदिर से आरंभ होगी जो हवामहल बाजार होती कंवर नगर स्थित श्री लाल मंदिर पहुंचेगी। प्रवक्ता सचिव दिलीप भूरानी ने बताया कि 29 मार्च को दादी का फाटक स्थित श्री झूलेलाल मंदिर पर सांस्कृतिक संध्या आयोजित होगी।

# जन मंच ट्रस्ट पक्षी चिकित्सालय प्रदेश में चलाएगा परिंडा अभियान



महानगर संवाददाता

जयपुर। राजस्थान जन मंच ट्रस्ट पक्षी चिकित्सालय की ओर से गर्मियों में पक्षियों के लिए पूरे राजस्थान में परिंडा अभियान चलाया जाएगा। मालवीय नगर के पक्षी चिकित्सालय में परिंडा अभियान का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर 251 परिंडो का वितरण किया गया। पक्षी चिकित्सालय के संस्थापक कमल लोचन ने शरद कांकरिया को परिंडा अभियान का संयोजक नियुक्त किया। श्री जैन श्वेतांबर संस्था के पदाधिकारी अशोक गांधी, महेंद्र जैन ने पक्षी सेवा के लिए 21 हजार रुपए का सहयोग प्रदान किया।

# मरीजों के लिए जैन भोजन सेवा का शुभारंभ



महानगर संवाददाता

जयपुर। जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ के जन्म महोत्सव के उपलक्ष्य में सुनील सागर युवा संघ भारत एवं विश्व जैन संगठन जयपुर ने अस्पतालों में भर्ती मरीजों और परिजनों के लिए जैन भोजन सेवा का शुभारंभ सांगानेर के श्री आदिनाथ जैन मंदिर गोदिकान से किया। श्री सुनील सागर युवा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास जैन बड़जात्या एवं विश्व जैन संगठन जयपुर शाखा के अध्यक्ष बाबूलाल जैन ने हेल्पलाइन नंबर 7240401008 को जारी किया।

इस अवसर पर गजेंद्र जैन, अजय जैन, प्रवीण जैन उपस्थित रहे। अशोक जैन गुढ़ाचंद्रजी, डॉ हिमांशु जैन ने बताया कि सेवा का लाभ लेने के लिए सुबह के खाने के लिए 9 बजे तक एवं शाम के खाने के लिए दोपहर में 3 बजे तक हेल्पलाइन नंबर पर सूचित करना पड़ेगा। कार्यक्रम की शुरुआत में मंगलाचरण प्रियंका जैन बिंदायका, खुशबू जैन ठोलिया, विनीता जैन, मीनू जैन बिलाला एवं चारू जैन ने किया।

इस सेवा को शुभारंभ करते हुए जैन भोजन थालियों को जयपुर के अस्पतालों में वितरित किया गया। इस मौके पर संस्था के सदस्य कमलेश जैन, विशाल जैन ठोलिया, सुधीर जैन अजमेरा, मनोज जैन बिलाला, वैभव जैन, राखी जैन, आशीष जैन पाटनी एवं दीपेश जैन बिंदायका मौजूद रहे।

# नव निर्मित मंदिर के शिखर पर ध्वज एवं कलश स्थापित



महानगर संवाददाता

जयपुर। महेश नगर जैन मंदिर में स्थापना दिवस समारोह के साथ ही नव निर्मित मंदिर के शिखर पर ध्वज एवं कलश स्थापित किए गए। कार्यक्रम संयोजक नवल जैन ने बताया कि मंदिर स्थापना के 24 वर्ष पूर्ण होने पर महेंद्र सेठी, इंदु सेठी, आशीष छाबड़ा, नविता, समर्थ जैन, आंचल जैन परिवार के द्वारा ध्वज एवं कलश स्थापित किए गए।

जैन ने बताया कि इन चौबीस वर्षों में महेश नगर में निवास करने वाले सभी परिवारों ने आर्थिक एवं आध्यात्मिक उन्नति की है। मंत्री पीयूष जैन ने बताया कि पंडित विमल बनेठा ने भक्तिभाव पूर्वक पूजन विधान करवाया जिसका सभी ने आनंद लिया। दो श्रावक श्रेष्ठी परिवारों को नेमिनाथ एवं पदमप्रभु भगवान की प्रतिमा का पुण्यार्जक बनने का अवसर मिला। सुभाष जैन, गायक कलाकार के भजनों का आनंद लिया। कार्यक्रम के अंत में अध्यक्ष पदम चंद जैन ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# हीट वेव का बढ़ता जोखिम

## गर्मी के तल्ख तेवर से जन-जीवन पर पड़ेगा गहरा असर

**कभी** जिस मार्च के महीने को ठंड-गर्म के मिलेजुले सुहावने मौसम के रूप में याद किया जाता रहा है, उस दौरान यदि कई राज्यों में हीटवेव की चेतावनी जारी की जा रही है तो यह हमारी गंभीर चिंता का विषय होना चाहिए। निर्विवाद रूप से यह दीवार पर लिखी इबारत है कि ग्लोबल वार्मिंग का गहरा असर हमारे जन-जीवन पर गहरे तक पड़ रहा है। मौसम के मिजाज में अभूतपूर्व बदलाव देखिए कि जहां हाल ही में कश्मीर, हिमाचल व उत्तराखंड के ऊंचे इलाकों में बर्फबारी व कुछ राज्यों में बारिश हुई है, वहीं मौसम विभाग ने देश के पांच राज्यों में गर्म हवाएं चलने का अलर्ट जारी किया है। एक ओर जहां झारखंड व ओडिशा में रेड अलर्ट जारी किया गया है तो पश्चिम बंगाल, ओडिशा और महाराष्ट्र में विदर्भ के इलाकों में गर्म हवा चलने की चेतावनी दी गई है। बीते रविवार को ओडिशा के एक शहर का तापमान 43.6 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं झारखंड में कुछ जगह पारा चालीस पार कर गया। पश्चिम बंगाल के कई इलाकों में लू चलने की खबरें हैं। मौसम विज्ञानी हैरत में हैं कि जैसी गर्मी पिछले साल अप्रेल के महीने में महसूस की गई थी, वैसी गर्मी मार्च के मध्य में क्यों महसूस की जा रही है। मौसम विभाग इसकी वजह देश के ऊपर बना उच्च दबाव मानता है। वहीं साफ मौसम की वजह से सूरज की सीधी किरणें तेज पड़ रही हैं। चेतावनी दी जा रही है कि आगामी कुछ दिनों में देश के अधिकांश हिस्से तेज गर्मी की चपेट में आ सकते हैं। ऐसे में हमारी सरकारों को ग्लोबल वार्मिंग के घातक प्रभावों के मद्देनजर बचाव के उपायों को तेज करने की जरूरत है। साथ ही नागरिकों को भी जागरूक करने की जरूरत है कि लोगों का रहन-सहन, खान-पान और सार्वजनिक स्थलों पर व्यवहार कैसे रहें, ताकि लू की मार से बचा जा सके। गर्मी के दुष्प्रभाव पीड़ित लोगों के उपचार के लिए अस्पतालों में आपातकालीन वार्ड बनाए जाने की जरूरत है। हीट वेव यानी गर्म हवा चलने की बढ़ती अवधि और स्वास्थ्य तथा जीवन पर पड़ रहे इसके भीषण असर को देखते हुए संसद की एक स्थाई समिति ने सुझाव दिया है कि केंद्र सरकार अपनी आपदा प्रबंधन योजनाओं में लू जैसी नई और उभरती आपदाओं को शामिल करे। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, 2013 से 10 साल की अवधि में भारत में अत्यधिक गर्मी और लू के कारण 10,635 लोगों की जान गई। पिछले दशकों में भारत ने कई बार भीषण गर्मी की लहरों का सामना किया है, जिससे जनहानि और आर्थिक नुकसान हुआ है। पिछले साल भारत में असाधारण रूप से भीषण गर्मी पड़ी थी और 36 दिन लू वाले दर्ज किए गए, जो 14 साल में सबसे अधिक थे। इस साल भी 25 फरवरी को गोवा और महाराष्ट्र में साल की पहली हीटवेव दर्ज की गई, सर्दी के मौसम में गर्म हवा चलने का देश में यह पहला और चौंकाने वाला उदाहरण था। स्वतंत्र शोध संस्था 'सस्टेनेबल फ्यूचर कोलेबरेटिव' की एक रिपोर्ट में भी यह कहा गया है कि भारत की 11 फीसदी आबादी उन शहरों में रहती है, जहां हीटवेव का खतरा सबसे अधिक है और इन हलाकों में आने वाले समय में स्वास्थ्य आपातकाल जैसे हालात बन सकते हैं। गौरतलब है कि इस समय आपदाओं की अधिसूचित सूची में चक्रवात, सूखा, भूकंप, आग, बाढ़, सुनामी, ओलावृष्टि, भूस्खलन, बादल फटना, कीटों के हमले, पाला और शीतलहर शामिल हैं। पर्यावरण संगठन 'ग्रीनपीस इंडिया' के मुताबिक, लू को अधिसूचित आपदाओं को सूची में शामिल करने की सिफारिश इसकी बढ़ती गंभीरता को ही उजागर करती है। संगठन का यह भी कहना था कि इस कदम को वास्तव में प्रभावी बनाने के लिए यह सुनिश्चित करना होगा कि वित्तीय पहलुओं और कार्यान्वय में कोई कमी न हो। केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्री जितेंद्र सिंह ने हाल ही में लोकसभा को बताया कि 15वें वित्त आयोग ने लू को शामिल करने के लिए अधिसूचित आपदाओं की सूची का विस्तार करने के राज्यों के अनुरोध पर विचार किया था। विश्व मौसम संगठन की ताजा रिपोर्ट में यूं तो कोई ऐसी नई बात नहीं है, जिसके बारे में पहले से अंदाजा न रहा हो, लेकिन यह एक बार फिर याद दिलाती है कि जीव जगत खतरनाक भविष्य की ओर कितनी तेजी से बढ़ रहा है। पिछले दस साल इस धरती पर अब तक के सबसे गर्म रहे हैं। ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन और जलवायु परिवर्तन से जुड़ी चुनौतियां बद से बदतर होती जा रही हैं। आम तौर पर माना जाता है कि इस ग्रह के निरंतर अधिकाधिक गर्म होते जाने का अहसास मानवीय चेतना के लिए एक नई बात है। लेकिन यूरोप और अमेरिका में वैज्ञानिकों ने 19वीं सदी के शुरुआती सालों में ही यह समझ लिया था कि मानवीय सभ्यता के केंद्र ज्यादा गर्मी पैदा कर रहे हैं। उनके ध्यान में यह बात आ चुकी थी कि आसपास के देहाती इलाकों के मुकाबले शहरों में गर्मी ज्यादा होती है। गर्मी का मारक रूप भी तभी से दिखने लगा था। ऑस्ट्रेलिया में 1897 और लंदन में 1900 का साल गर्मी के लिहाज से खास माना गया था। कलकत्ता में 1905 में जब तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया तो गर्मी के चलते कई यूरोपियंस की मौत भी दर्ज की गई थी। बाद के वर्षों में हालात लगातार गंभीर ही होते चले गए। 1962 से अब तक हिमालयी ग्लेशियरों का 30 फीसदी हिस्सा पिघल चुका है। क्लाइमेट चेंज की वजह से हो रहे आर्थिक नुकसान भी कम गंभीर नहीं हैं। एक्सपर्ट्स के मुताबिक 8 प्रमुख फसलों- मक्का, गेहूं, चावल, सोया, केला, आलू, कोको, कॉफी - की पैदावार पर इसका सीधा असर पड़ सकता है। यही नहीं, अगले 25 वर्षों में वैश्विक कमाई 19 फीसदी तक घटने की आशंका है। पॉट्सडैम इंस्टिट्यूट फॉर क्लाइमेट इंपैक्ट रिसर्च के मुताबिक भारत में इन्हीं वजहों से कमाई में 25 फीसदी तक की गिरावट आ सकती है। चिंता की बात यह है कि क्लाइमेट चेंज को लेकर जिस तरह की गंभीरता हमारी सरकारों में दिखनी चाहिए, वह अब भी नहीं दिख रही। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप तो इन चिंताओं को सीधे तौर पर खारिज करते हैं। भारत सरकार ने जरूर इस पर गंभीरता दिखाई है। सबसे सकारात्मक बात यह है कि अभी भी अगर सही ढंग से प्रयास किए जाएं तो हालात सुधरने शुरू हो सकते हैं। इसके लिए हम सभी को मिलकर पहल करनी होगी।




**सरकारी आंकड़ों के अनुसार, 2013 से 10 साल में भारत में अत्यधिक गर्मी और लू के कारण 10,635 लोगों की जान गई। पिछले दशकों में भारत ने कई बार भीषण गर्मी की लहरों का सामना किया है, जिससे जनहानि और आर्थिक नुकसान हुआ है। पिछले साल देश में असाधारण रूप से भीषण गर्मी पड़ी थी और 36 दिन लू वाले दर्ज किए गए, जो 14 साल में सबसे अधिक थे। इस साल भी 25 फरवरी को गोवा और महाराष्ट्र में साल की पहली हीटवेव दर्ज की गई, सर्दी में गर्म हवा चलने का देश में यह पहला और चौंकाने वाला उदाहरण था।**

# मी लॉर्ड, इंसाफ दिखना भी चाहिए!

**शशि शेखर**

**सुकरात** ने प्लूटो के साथ अपने ऐतिहासिक संवाद में एक गजब की बात कही थी- 'न्याय एक ऐसी भलाई है, जो व्यक्ति और राजनीति, दोनों के समृद्ध विकास के लिए जरूरी है।' दुनिया के न्यायविद् सदियों से समूचे एहतराम के साथ इसे अपना ध्येय वाक्य मानते आए हैं। पिछले दिनों दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के यहां आग लगने के बाद बड़ी संख्या में नोटों के बंडल जल जाने की खबर उड़ी, जिसने इंसाफ के पुजारियों के साथ देश के अवाम को भौचक्का कर दिया। हालांकि, अभी तक ऐसा कोई प्रमाण सामने नहीं आया है, जो साबित कर सके कि वहां धनराशि मिली या नहीं? अगर नोटों की गड्डियां मिलीं, तो वे कितनी थीं?

शायद यह मामला दब गया होता, अगर मीडिया में इसकी खबर न उछली होती। इसी के बाद एक वरिष्ठ अधिवक्ता ने शुक्रवार को दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के समक्ष जोरदार तर्कों के साथ मामला उठाया। यह सब चल ही रहा था कि न्यायमूर्ति वर्मा के इलाहाबाद उच्च न्यायालय में स्थानांतरण की खबर आई। साथ ही, यह भी मालूम पड़ा कि सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को अपनी रिपोर्ट शाम तक सौंपने को कहा है। कहा जा रहा कि रिपोर्ट सौंपी जा चुकी है। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में तीन जजों की एक कमेटी बनाई है। इस कमेटी में अलग-अलग हाईकोर्ट के जजों को शामिल किया गया है। फिलहाल न्यायमूर्ति वर्मा को न्यायिक कार्यों से दूर रखा गया है। अच्छा होगा कि आला अदालत जल्द से जल्द अपनी राय से देश की जनता को अवगत करा दे, क्योंकि जितने मुंह, उतनी बातों का दौर किसी भी स्वस्थ न्यायपालिका पर आम आदमी के भरोसे के लिए भला नहीं।

इसी बीच शुक्रवार को खबरों की दुनिया में यह भी तैरने लगा कि दिल्ली के दमकल विभाग ने उन समाचारों का खंडन किया है कि उन्हें वहां किसी भी तरह के नोटों का कोई बंडल मिला। इसने आग में घी का काम किया। टेलीविजन पर लाइव डिबेट के प्रतिभागी और सोशल मीडिया के हरकारे दाल में काला खोजने में जुट पड़े थे। इसी दौरान इलाहाबाद उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन ने भी सुप्रीम कोर्ट को दरख्वास्त भेज दी कि इस जज को भला हमारे यहां क्यों भेज रहे हैं? इलाहाबाद हाईकोर्ट कूड़ादान नहीं है। मामला भड़क रहा था कि दमकल विभाग की ओर से आग को और हवा मिल गई। उसका कहना था, हमने इस संबंध में कोई बयान नहीं दिया है। आशंका शास्त्रियों को इससे दोबारा मौका मिल गया। वे कहने लगे कि इस सारे मामले की रंगाई-पुताई की कोशिश की जा रही है। कुछ वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने तो इस दौरान बेहद कड़े शब्दों का प्रयोग करते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट का कॉलेजियम सिस्टम इसलिए ईजाद किया गया था कि न्यायमूर्तिगणों को विशिष्ट दर्जा हासिल हो, ताकि उन्हें किसी भी तरह से बेवजह प्रताड़ित न किया जा सके।



उन पर आरोप लगने पर सुप्रीम कोर्ट के पास ही जांच का हक हो। तमाम वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने इस कथित घटना के हवाले से कॉलेजियम और उसके औचित्य पर ही सवाल उठाने शुरू कर दिए। उनका तर्क था कि यदि किसी नौकरशाह, पत्रकार, नेता अथवा वकील के यहां इतनी 'राशि' मिलती, तो सबसे पहले प्रवर्तन निदेशालय, यानी ईडी के अधिकारी उसे धर दबोचते। यदि वह राजकीय कर्मचारी होता, तो केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) सक्रिय हो चुकी होती और पुलिस की आर्थिक अपराध शाखाएं भी उस पर टूट पड़तीं। आनन-फानन में गिरफ्तारी होती और उसके बाद उस शख्स को लंबी कानूनी प्रक्रिया से गुजरना होता। न्यायमूर्तियों को मिले हुए विशेष अधिकार से वे इन झंझटों से बच जाते हैं। यहां वेदनापूर्वक जस्टिस निर्मल यादव के मामले को भी याद किया गया। निर्मल यादव पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट में न्यायाधीश थीं। उन पर 15 लाख रुपए रिश्वत लेने का आरोप था। इस पर जांच बैठी। सीबीआई ने चार्जशीट दाखिल की, मामला डेढ़ दशक से अधिक तक खिंचा, लेकिन निर्मल यादव का कुछ नहीं हुआ। जिस देश में आम लोग शक की बिना पर गिरफ्तार कर लिए जाते हों और सालोंसाल उनसे अदालतें यह उम्मीद करती हों कि वे अपनी निर्दोषिता साबित करें, वहां इस तरह के मामले चौंका जाते हैं! दुर्भाग्य से न्यायमूर्ति वर्मा या निर्मल यादव अकेले नहीं हैं। कई न्यायमूर्तियों पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे, कुछ पर साबित हुए, तो कुछ पर नहीं। हर बार यह मामला उठा कि न्यायाधीशों का विशेषाधिकार न्याय के रास्ते में रोड़ा बनता है। हालांकि, निजी तौर पर मैं मानता हूं कि न्यायमूर्तियों को विशेषाधिकार हासिल होना चाहिए, ताकि वे देश की जनता की अपेक्षाओं को पूरा कर सकें। इसमें कोई शक नहीं है कि अधिकांश न्यायमूर्ति यही कर रहे हैं। इसके बावजूद कुछ लोगों की कथनी या करनी न्यायपालिका को लांछित करती रहती है। कोलकाता उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति सौमित्र सेन का मामला भी ऐसा ही था। सेन पर भ्रष्टाचार के आरोप प्रमाणित हुए और उनके खिलाफ संसद द्वारा महाभियोग की कार्रवाई पूरी हो पाती, इससे पहले ही उन्होंने इस्तीफा दे दिया। क्या इतना पर्याप्त था? निर्मल यादव अथवा सौमित्र सेन किसी अन्य पेशे में होते, तो क्या आरोप सिद्ध होने या चार्जशीट दाखिल होने में इतनी देरी लगती? क्या वे लंबे समय के लिए सलाखों के पीछे जाने से बच पाते? यहां न्यायमूर्ति वी रामास्वामी का मामला याद दिलाना चाहूंगा। वह जब हरियाणा-पंजाब हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश थे, तब उन्होंने अपने बंगले के कालीन और परदों पर प्राधिकार से आगे जाकर खर्च कर दिया। इस पर हल्ला मचा, तो सुप्रीम कोर्ट ने इसका संज्ञान लिया। लोग आज भी फख्र से याद करते हैं कि तत्कालीन प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति सब्यसाची मुखर्जी ने खुली अदालत में जो कहा, वह इतिहास बन गया। उनके आदेश से न्यायमूर्ति रामास्वामी न्यायिक कार्य से विरत कर दिए गए थे। वह पद पर रहते हुए भी कोई आदेश पारित नहीं कर सकते थे और न किसी सुनवाई में दखल दे सकते थे। जांच पूरी होने तक उन्हें महीनों ऐसे ही गुजारने पड़े। मैं अपनी उम्मीद को बनाए रखना चाहता हूं। ऐसा कहने की सबसे बड़ी वजह यह है कि एक समाचार पत्र ने अपनी वेबसाइट पर शनिवार को यह खबर साया की कि देश के प्रधान न्यायाधीश माननीय न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ने अपने सहयोगी न्यायाधीशों को दिलासा दिया है कि जस्टिस वर्मा का स्थानांतरण भर पर्याप्त नहीं है। वह और कठोर कदम उठाने के लिए तैयार हैं। तय है, वह इस मामले की गंभीरता को समझते हैं और उसमें देरी नहीं लगाना चाहते। यकीनन, उन्हें यह मशहूर कहावत याद दिलाने की जरूरत नहीं है-न्याय न सिर्फ होना चाहिए, बल्कि होते हुए दिखना भी चाहिए।

# बलूच विद्रोहियों के तेवर से पस्त पाकिस्तानी हुक्मरान

**प्रशांत कुमार मिश्र**, राजनीतिक विश्लेषक

**मोहम्मद** अली जिन्ना का मुल्क 'पाकिस्तान' बलूच विद्रोहियों की गतिविधियों के कारण लहूलुहान है। जाफर एक्स्प्रेस ट्रेन हाईजैक करने के बाद बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने छह दिनों के अंदर ही पाकिस्तानी सेना पर फिदायीन हमला किया। बीएलए का दावा है कि इस आत्मघाती हमले में 90 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए हैं, जबकि पाकिस्तान की हुकूमत ने सिर्फ 11 सुरक्षाकर्मियों की मौत की बात स्वीकार की है। अशांत बलूचिस्तान तेल और खनिज संपदा से समृद्ध है। भौगोलिक दृष्टि से यह पाकिस्तान का सबसे बड़ा लेकिन सबसे कम आबादी वाला प्रांत है। चीन इसे ललचाई नजरों से देख रहा है।

## बलूचिस्तान हमेशा से आजाद-मिजाज

बलूचिस्तान के निवासी जिन्ना की मुस्लिम सियासत और द्वि-राष्ट्रवादी सिद्धांत से कभी सहमत नहीं हुए। अपनी स्वतंत्र पहचान स्थापित करने के लिए बलूचिस्तान के लोग बेचैन हैं। पाकिस्तानी फौज बगावत को कुचलने की कोशिश करती है। लेकिन फौज के द्वारा उठाए गए क्रूर कदमों ने बलूचों को और अधिक उग्र रूप धारण करने के लिए विवश कर दिया है। लोग अपनी जान की परवाह नहीं कर रहे हैं। उन्हें पंजाबियों के वर्चस्व वाले पाकिस्तान से मुक्ति चाहिए। आत्मघाती हमलों का दौर भयावह है।

ताजा हमला इस बात को प्रमाणित करता है कि बीएलए के लड़ाके बेखौफ हैं। बलूचिस्तान के नोश्की इलाके में राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक आत्मघाती हमलावर ने विस्फोटकों से लदे वाहन से अर्द्धसैनिक फ्रंटियर कॉर्प (एफसी) के काफिले को टक्कर मार दी। बीएलए ने बयान जारी कर दावा किया कि इस काफिले में सेना की आठ बसें थी। इनमें से एक बस विस्फोट में पूरी तरह से ध्वस्त हो गई। फिर दूसरी बस को घेर लिया गया और उसमें सवार पाकिस्तानी सेना के सभी सैनिकों को मार गिराया गया। इस प्रकार मरने वालों की कुल संख्या बढ़ कर 90 पहुंच गई। नोश्की पुलिस के प्रमुख जफरुल्लाह सुमालानी ने हमले की पुष्टि की है। इस आत्मघाती हमले के पश्चात् सुरक्षा बलों ने विस्फोट स्थल की घेराबंदी कर दी है। सरकार इसे कानून-व्यवस्था का मसला मानती है। इसलिए पुलिस अधिकारी हमले के कारणों और इसके लिए जिम्मेदार लोगों का पता लगाने के लिए जांच जारी रखने की बातें कर रहे हैं।

**पाकिस्तानी सरकार ने किया है शोषण:** बलूचिस्तान के स्थानीय निवासी संघीय सरकार पर लंबे समय से भेदभाव का आरोप लगाते रहे हैं, लेकिन पाकिस्तान के सैन्य हुक्मरान ही नहीं बल्कि लोकतांत्रिक ढंग से निर्वाचित सरकार के प्रमुख भी इन आरोपों को खारिज करते हैं। अत: बलूच विद्रोहियों का आक्रामक होना वाजिब है, क्योंकि जब पाकिस्तान बना था तब बलूचिस्तान एक स्वतंत्र रियासत थी। लेकिन 1948 में जिन्ना ने छल से इसे पाकिस्तान में शामिल कर लिया। कलात के खान शासक जिन्ना के रवैये से क्षुब्ध थे। बैरिस्टर जिन्ना रोशनख्याल नहीं थे। 1947 में भारत के विभाजन के पश्चात पंडित जवाहर लाल नेहरु जहां अपने मुल्क में लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रचार-प्रसार में व्यस्त थे तो वहीं जिन्ना मुस्लिम सियासत को विस्तार देने का काम कर रहे थे। वे सिंध, पश्चिमी पंजाब, उत्तर पश्चिम सीमा प्रांत (खैबर पख्तूनख्वा) और पूर्वी बंगाल लेकर भी संतुष्ट नहीं थे। इसलिए उन्होंने बलूचिस्तान को हड़प कर पाकिस्तान के भूगोल को बड़ा आकार दिया।

बलूचिस्तान के लोगों ने अपनी आजादी के अपहरण को कभी कुबूल नहीं किया। वे अपनी राजनीतिक व सांस्कृतिक पहचान को लेकर संघर्ष कर रहे हैं। पूर्वी बंगाल के लोग अपनी विशिष्ट संस्कृति के कारण पाकिस्तान में असहज महसूस करते थे, जिसके परिणामस्वरूप उन्हें सैन्य बलों का अत्याचार झेलना पड़ा। अंतत: दक्षिण एशिया के नक्शे में बदलाव हुआ और शेख मुजीबुर्रहमान के नेतृत्व में एक नए मुल्क के रूप में 'बांग्लादेश' की स्थापना हुई। हालांकि बलूचिस्तान के पास शेख मुजीबुर्रहमान के जैसा कोई करिश्माई नेता नहीं है। लेकिन इससे उनका आंदोलन कमजोर नहीं पड़ रहा है क्योंकि आजादी हासिल करने के लिए सिर्फ सशस्त्र विद्रोह ही नहीं हो रहा है बल्कि लोकतांत्रिक तरीके से भी विरोध-प्रदर्शन करने वाले लोग सक्रिय हैं।



यहां डॉ. महरंग बलूच भी हैं जिनके नेतृत्व में बलूच औरतें आंदोलनरत हैं। उन्हें उम्मीद है कि जो बलूच पुरुष पाकिस्तानी सेना के कब्जे में हैं, उनकी एक न एक दिन सुरक्षित रिहाई जरूर होगी। बीएलए को पाकिस्तान सरकार ने एक आतंकी संगठन घोषित किया है। इसके अलावा अमेरिका व ब्रिटेन सहित कई अन्य देशों ने भी इसे आतंकवादी संगठन माना है।

2000 के दशक की शुरुआत में स्थापित यह संगठन पाकिस्तान सरकार एवं सेना के विरुद्ध सशस्त्र संघर्ष कर रहा है। बीएलए बलूच राष्ट्रवाद का पोषण करता है और पाकिस्तान से बलूचिस्तान की स्वतंत्रता की मांग करता है। 1950, 1960 और 1970 के दशक में भी बलूचिस्तान में कई बार बगावतें हुईं, लेकिन इन्हें कुचल दिया गया। 2006 में बलूच राष्ट्रवादी नेता नवाब अकबर बुगती की जब पाकिस्तानी सेना ने हत्या कर दी तब आम नौजवानों में आजादी की चाहत बहुत अधिक हो गई और आंदोलन में उनकी भागीदारी बढ़ने लगी। अफगानिस्तान में तालिबान शासन की पुनर्स्थापना से बलूच लड़ाकों को नई ताकत मिली है। तालिबानी सैनिक पाकिस्तान फौज को करारी शिकस्त दे रहे हैं। डूरंड लाइन पर होने वाली झड़पों ने पाकिस्तानी सेना की कमजोरियों को उजागर कर दिया है। बलूच राष्ट्रवादी आंदोलन के शुभचिंतक ईरान और अफगानिस्तान में भी हैं। भारत ने जिस तरह से बांग्लादेश के मुक्ति संग्राम का समर्थन किया था, वैसा उत्साह बलूचिस्तान के मामले में नहीं दिखाई देता है। लेकिन बलूच राष्ट्रवादी भारत को अपना दोस्त जरूर मानते हैं क्योंकि दोनों का दुश्मन तो पाकिस्तान ही है। पाकिस्तान से बलूच ही नहीं बल्कि सिंध और खैबर पख्तूनख्वा के लोग भी स्वतंत्र होना चाहते हैं। पंजाबियों की बादशाहत से उर्दू भाषी मुसलमान भी परेशान हैं। जाहिर है कि विघटन ही पाकिस्तान की नियति है।

## राशिफल

**आज दिनांक 25 मार्च, 2025, मंगलवार, विक्रम संवत् 2082, चैत्र माह, कृष्ण पक्ष एकादशी, श्रवण नक्षत्र, बव करण, शिव योग, राहुकाल: अपराह्न 3:34 से 5:05 बजे तक, सूर्योदय सुबह 6:29 बजे, सूर्यास्त सायं 6:35 बजे, चंद्रोदय सुबह 3.27 बजे, चंद्रास्त दोपहर 2:29 बजे, अभिजीत मुहूर्त दोपहर 12:08 बजे से 12:57 बजे, ब्रह्म मुहूर्त सुबह 4:52 से 5:40 बजे तक, चंद्रमा मकर राशि में संचार करेगा।**




आज की ऊर्जा आत्म-चिंतन और व्यक्तिगत अंतर्दृष्टि को प्रोत्साहित करती है, जिससे आपको अपने भीतर के आत्म से फिर से जुड़ने का एक अनूठा अवसर मिलता है। चंद्रमा का प्रभाव आत्मविश्वास में वृद्धि लाता है, जिससे यह महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित करने या लंबित कार्यों से निपटने के लिए एकदम सही दिन है।




यह दिन किसी भी मानसिक अवसाद को दूर कर उन चीजों पर फिर से ध्यान केंद्रित करने का है जो वास्तव में आपके लिए महत्वपूर्ण हैं। किसी करीबी दोस्त से बातचीत आपको एक नया रास्ता या समाधान खोजने में मदद कर सकती है जो आपको नहीं मिल पा रहा था।




उत्तेजक वार्तालापों में संलग्न होने से ज्ञानवर्धक अंतर्दृष्टि प्राप्त होगी, अत:अपने आप को उन लोगों के साथ घेरें जो आपकी बुद्धि को चुनौती देते हैं। सूर्य की स्थिति सामाजिक मेलजोल को बढ़ावा देती है,आपके आकर्षण और संचार कौशल को बढ़ाती है, जिससे यह नेटवर्किंग या नए संबंध बनाने के लिए आदर्श समय है।




यह एक ऐसा अभयारण्य स्थान बनाने के लिए एकदम सही दिन है जहां आप आराम कर सकते हैं और रिचार्ज कर सकते हैं। वर्तमान ग्रहों की स्थिति अतीत की भावनाओं को जगा सकती है, जिससे आपको चिंतन करने और समापन खोजने का आग्रह हो सकता है।




आपके स्वाभाविक नेतृत्व गुण प्रवर्धित हैं, जो दूसरों को प्रेरित करने और प्रोत्साहित करने के लिए एक मंच प्रदान करते हैं। यह अपनी उपस्थिति को पुष्ट करने का दिन है, अत: अपनी भूमिका में आत्मविश्वास से आगे बढ़ें। सहयोगात्मक प्रयास सफल परिणाम लाएंगे, टीम भावना और व्यक्तिगत उपलब्धियां दोनों को बढ़ाएंगे।




आज शारीरिक और मानसिक अव्यवस्था को दूर करने के लिए आदर्श समय है। पेशेवर और व्यक्तिगत दोनों तरह से उत्पादकता बढ़ाने वाली कुशल प्रणालियां बनाएं। अपने करियर में, दूसरों को अपने दृष्टिकोण से प्रभावित करने के लिए विचारों को स्पष्टता के साथ व्यक्त करें; आपकी सटीकता मान-सम्मान बढ़ाएगी।




आज की ऊर्जा आपके जीवन में संतुलन लाने के लिए संरेखित है, जो आपको रिश्तों और व्यक्तिगत संबंधों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रोत्साहित करती है। आपके कूटनीतिक स्वभाव की बहुत मांग होगी, जो विवादों को सुलझाएगी और रिश्तों को मजबूत करेगी।




आज का दिन गहन आत्मनिरीक्षण और परिवर्तन को आमंत्रित करता है, जो विकास और आत्म-सुधार के लिए आपकी सहज इच्छा के साथ संरेखित होता है। आज के ग्रह प्रभाव आपको सतह के नीचे जाने, सच्चाइयों को उजागर करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।




स्वाभाविक आशावाद आपकी सबसे बड़ी संपत्ति है, जो आपको उत्साह और जिज्ञासा के साथ नए अनुभवों को अपनाने की अनुमति देता है। एक नया शौक या अध्ययन करने पर विचार करें; वर्तमान ग्रहों के प्रभाव में बौद्धिक विकास अत्यधिक संतोषजनक होगा।




ग्रहों के प्रभाव से आपकी अनुशासित, दृढ़ भावना को बढ़ावा मिलेगा, जिससे आप अपने लक्ष्यों की ओर व्यवस्थित रूप से आगे बढ़ सकेंगे। कार्यस्थल पर, अब प्रक्रियाओं को परिष्कृत करने और जहां आवश्यक हो वहां अधिकार लेने का समय है।




पेशेवर रूप से, बॉक्स के बाहर सोचें; आपकी अनूठी अंतर्दृष्टि आगे की सोच वाले समाधानों को आगे बढ़ा सकती है, जिससे संभावित मान्यता और उन्नति हो सकती है। परिवर्तन और अनुकूलनशीलता को अपनाएं क्योंकि नए अवसर अप्रत्याशित रूप से सामने आ सकते हैं।




पेशेवर रूप से, अपनी सहज प्रवृत्ति पर भरोसा करें; वे जटिल मुद्दों के माध्यम से आपका मार्गदर्शन करेंगे और सोच-समझकर निर्णय लेने में सहायता करेंगे। सहकर्मियों के साथ सहयोग से अभिनव समाधान और साझा उपलब्धियां मिल सकती हैं। व्यक्तिगत संबंधों को आपकी पोषण करने वाली भावना से लाभ होगा।

## आत्मविश्वास की विजय

**प्रेरक प्रसंग**

**घटना** वर्ष 1960 की है। स्थान था यूरोप का भव्य ऐतिहासिक नगर तथा इटली की राजधानी रोम। सारे विश्व की निगाहें 25 अगस्त से 11 सितंबर तक होने वाले ओलंपिक खेलों पर टिकी हुई थीं।

इन्हीं ओलंपिक खेलों में एक बीस वर्षीय अश्वेत बालिका भी भाग ले रही थी। वह इतनी तेज दौड़ी, इतनी तेज दौड़ी कि 1960 के ओलंपिक मुकाबलों में तीन स्वर्ण पदक जीत कर दुनिया की सबसे तेज धाविका बन गई।

रोम ओलंपिक में लोग 83 देशों के 5346 खिलाड़ियों में इस बीस वर्षीय बालिका का असाधारण पराक्रम देखने के लिए इसलिए उत्सुक नहीं थे कि विल्मा रुडोल्फ नामक यह बालिका अश्वेत थी अपितु यह वह बालिका थी जिसे चार वर्ष की आयु में डबल निमोनिया और काला बुखार होने से पोलियो हो गया और फलस्वरूप उसे पैरों में ब्रेस पहननी पड़ी। विल्मा रुडोल्फ ग्यारह वर्ष की उम्र तक चल-फिर भी नहीं सकती थी लेकिन उसने एक सपना पाल रखा था कि उसे दुनिया की सबसे तेज धाविका बनना है। उस सपने को यथार्थ में परिवर्तित होता देखने वे लिए ही इतने उत्सुक थे पूरी दुनिया वे लोग और खेल-प्रेमी।

डॉक्टर के मना करने के बावजूद विल्मा रुडोल्फ ने अपने पैरों की ब्रेस उतार फेंकी और स्वयं को मानसिक रूप से तैयार कर अभ्यास में जुट गई। अपने सपने को मन में प्रगाढ़ किए हुए वह निरंतर अभ्यास करती रही। उसने अपने आत्मविश्वास को इतना ऊंचा कर लिया कि असंभव-सी बात पूरी कर दिखलाई। एक साथ तीन स्वर्ण पदक हासिल कर दिखाए। सच में यदि व्यक्ति में पूर्ण आत्मविश्वास है तो शारीरिक विकलांगता भी उसकी राह में बाधा नहीं बन सकती।

## सुडोकु 2059

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | 7 | 9 | | 3 | | 2 |
| 7 | | | | | 3 | | 5 | |
| | | | | | | | | 1 |
| | | | | | | | | 5 |
| | | 5 | 9 | | 4 | 6 | 8 | 7 |
| | | 6 | | 2 | 7 | | 3 | |
| 6 | | | | 4 | | | 1 | 9 |
| | | 8 | | | | 5 | 6 | |
| | | | | 3 | 9 | | 2 | |

**संकेत:** आड़े, खड़े व 3 गुणा 3 के वर्ग में 1 से 9 तक के अंक इस प्रकार भरें कि किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो। उत्तर अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा।

### सुडोकु 2058 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 7 | 5 | 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 8 |
| 1 | 8 | 3 | 7 | 6 | 9 | 2 | 4 | 5 |
| 4 | 6 | 2 | 8 | 5 | 1 | 7 | 9 | 3 |
| 2 | 4 | 7 | 5 | 8 | 6 | 9 | 3 | 1 |
| 3 | 9 | 6 | 2 | 1 | 4 | 8 | 5 | 7 |
| 5 | 1 | 8 | 3 | 9 | 7 | 4 | 6 | 2 |
| 8 | 3 | 9 | 6 | 7 | 5 | 1 | 2 | 4 |
| 6 | 2 | 4 | 1 | 3 | 8 | 5 | 7 | 9 |
| 7 | 5 | 1 | 9 | 4 | 2 | 3 | 8 | 6 |

## प्रदेश समाचार

# सवाई माधोपुर खरीद केंद्र पर गेहूं खरीद शुरू



महानगर संवाददाता

**सवाई माधोपुर।** सवाई माधोपुर एवं बहरावण्डा खुर्द में न्यूनतम समर्थन मूल्य खरीद केन्द्र पर आरएमएस 2025-26 के अन्तर्गत सरकारी गेहूं खरीद कार्य प्रारम्भ हो गया है। किसान को माला पहनाकर कार्य की शुरुआत की गई। एफसीआई जिला नोडल अधिकारी रूपचन्द मीना ने बताया कि सोमवार को कृषक पूजा बैरवा निवासी हलोंदा से लगभग 27 क्विंटल गेहूं की सरकारी खरीद की गई। सरकारी खरीद प्रारम्भ होने के दौरान खरीद केन्द्र प्रभारी विनोद कुमार किस्म निरीक्षक, भुगतान प्रभारी दिनेश मीना, नोडल अधिकारी रूपचन्द मीना एवं किसान उपस्थित रहे। किस्म निरीक्षक ने बताया कि किसान को गेहूं खरीद के बाद तुरन्त मौके पर ही भुगतान कर दिया है। वहीं बहरावण्डा खुर्द खरीद केन्द्र पर सुखवास निवासी चन्द्रभान राजपूत से 49 क्विंटल गेहूं की सरकारी खरीद की गई। नोडल अधिकारी रूपचन्द मीना ने बताया कि किसान अपने नजदीकी गेहूं खरीद केन्द्र पर जाकर वहां उपस्थित एफसीआई कार्मिकों से निशुल्क पंजीयन करवाएं एवं न्यूनतम समर्थन मूल्य का लाभ उठाएं। किसान एमएसपी दर 2 हजार 575 रुपए प्रति क्विंटल से कम दाम पर अपना गेहूं अन्य जगह बेचने की बजाय सरकारी खरीद केन्द्र पर ही गेहूं बेचकर एमएसपी का लाभ उठाएं।

## गीता उपदेश व सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन

महानगर संवाददाता

**नवलगढ़।** मुकुंदगढ़ शहर में स्थित राम मंदिर परिसर में सोमवार दोपहर 1.30 बजे से गीता ज्ञान उपदेश सत्संग का शुभारंभ हुआ। प्रथम दिवस अंतरराष्ट्रीय गीता उपदेशक संत योगीमोहन नाथ महाराज ने प्रथम अध्याय की व्याख्या करते हुए कहा कि आज मनुष्य की हालत दुख और विषाद की है। इसका मूल कारण गीता ज्ञान का नहीं होना है। इसलिए सभी सनातनियों को गीता का ज्ञान होना अतिआवश्यक है। सात दिन चलने वाले इस गीता उपदेश में 18 अध्यायों का वाचन किया जाएगा। उसके बाद सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया गया तथा सनातन धर्म के पतन के मूल कारणों पर प्रकाश डाला।

## पुरुष एकल गायन प्रतियोगिता आज

**श्रीमाधोपुर (मसं.)।** रोटरी क्लब श्रीमाधोपुर सनराइज की ओर से 25 मार्च को सुबह 10 बजे से डॉ. माधव सिंह अस्पताल के पास स्थित चौधरी नाथूराम भामु रोटरी भवन में पुरुष एकल गायन प्रतियोगिता होगी। क्लब के गिरिराज कयाल ने बताया कि रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3056 की गवर्नर जयपुर से डॉ. राखी गुप्ता अपनी आधिकारिक यात्रा के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेंगी। प्रतियोगिता के प्रोजेक्ट चेयरमैन रोटेरियन संजीव फ्रैंकलिन व प्रोजेक्ट को-चेयरमैन रोटेरियन अमित गिनोडीया नियुक्त किए गए हैं।

## मोहित सैन केंद्रीय सचिवालय में असिस्टेंट सेक्शन ऑफिसर बने



**नवलगढ़।** चिराना कस्बे के बजरंगलाल सैन के दोहिते मोहित सैन का केंद्रीय सचिवालय सेवा में चयन हुआ है। मोहित के मामा जितेंद्र सैन ने बताया कि मोहित का नई दिल्ली स्थित केंद्रीय सचिवालय में असिस्टेंट सेक्शन ऑफिसर के पद पर चयन हुआ है। मोहित बचपन से ही मेधावी विद्यार्थी रहा है। मोहित सैन अभी मुंबई में इनकम टैक्स इंस्पेक्टर के पद पर कार्यरत है।

## विश्व हिंदू परिषद की जिला बैठक आयोजित

महानगर संवाददाता



**श्रीमाधोपुर।** विश्व हिंदू परिषद की जिला बैठक में रवि प्रजापत को बजरंग दल जिला संयोजक, श्रीराम मावंडा को बजरंग दल के जिला सह संयोजक, एड. अमित ठटेरा को प्रखंड अध्यक्ष बनाया गया। पटवारी धर्मशाला में आयोजित विहिप जिला बैठक की शुरुआत प्रांत सह मंत्री अशोक डीडवानिया ने दीप प्रज्वलित कर की। अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष मनोज बंसिया ने विश्व हिन्दू परिषद के नवीन दायित्व की घोषणा की। अजय मिश्रा को सेवा प्रमुख, जितेंद्र योगी को गो सेवा सह प्रमुख, सतीश कुमावत प्रखंड उपाध्यक्ष, महेश शर्मा प्रखंड मंत्री, श्रीमाधोपुर दीपक चौटिया खंडेला प्रखंड अध्यक्ष, सुनील कटारिया प्रखंड मंत्री के दायित्व की घोषणा की गई।

## खाद्य वस्तुओं के लिए 18 सैम्पल

### शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान

महानगर संवाददाता



**सीकर।** चिकित्सा विभाग की एफएसओ सेल द्वारा शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत सोमवार को सीएमएचओ डॉ. अशोक महरिया के निर्देशन में सांवली सर्किल से कंवरपुरा चौराहे पर स्थित आटा मिल, भोजनालय, मिष्ठान भंडार रेस्टोरेंट पर कार्रवाई की गई। इस दौरान रिफाइंड सोयाबीन तेल, बेसन बूंदी लड्डू, मावे के पेड़े, मैदा पेडा, दही, दूध, पनीर, गेंहू का आटा, नमक, बटर, घी सहित कुल 18 खाद्य वस्तुओं के सैम्पल लिए गए। एफएसओ महमूद अली, गोरधन ख्यालिया, नंदराम ने कार्रवाई की।

## सीएम भजनलाल शर्मा ने किया सामूहिक विवाह सम्मेलन के पोस्टर का विमोचन



महानगर संवाददाता

**बस्सी।** अखिल भारतीय हरियाणा गौड़ ब्राह्मण महासभा की ओर से 12 मई को बस्सी के बैनाड़ा धाम में होने वाले सामूहिक विवाह सम्मेलन के पोस्टर का सोमवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने विमोचन किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष बिरधी चंद शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री निवास पर कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारियों के साथ विवाह सम्मेलन में शामिल होने का निमंत्रण दिया गया। साथ ही मुख्यमंत्री को महासभा को बॉम्बे हॉस्पिटल के पास कन्या छात्रावास के लिए आवंटित 3467 वर्ग मीटर आवंटित जमीन को निशुल्क या 10 फीसदी दर पर देने का आग्रह किया गया। इस पर मुख्यमंत्री ने समाज के पदाधिकारियों को आश्वासन दिया।

# दिल्ली ने जीत के साथ किया आगाज

# आशुतोष की तूफानी पारी से लखनऊ को 1 विकेट से हराया




### 20वें ओवर में चेज किया 210 का टारगेट

महानगर संवाददाता

**विशाखापट्टनम।** दिल्ली कैपिटल्स ने आईपीएल-18 में लखनऊ सुपर जायंट्स पर एक विकेट की रोमांचक जीत हासिल कर ली है। टीम ने 210 रन का टारगेट 20वें ओवर में तीसरी बॉल पर चेज किया। आशुतोष शर्मा ने छक्का मारकर टीम को जीत दिलाई। वे 66 रन बनाकर नाबाद लौटे। आखिरी ओवर में जीत के लिए 6 रन चाहिए थे और एक विकेट बाकी था। ऐसे में लखनऊ के कप्तान ऋषभ पंत ने पहली बॉल पर शाहबाज अहमद को स्टंप करने का मौका गंवा दिया।

विशाखापट्टनम में दिल्ली ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। लखनऊ ने 8 विकेट खोकर 209 रन बनाए। मिचेल मार्श ने 72 और निकोलस पूरन ने 75 रन बनाए। जवाबी पारी में दिल्ली की शुरुआत खराब रही। टीम ने 7 रन पर 3 विकेट गंवा दिए थे। जैक फ्रेजर-मैगर्क 1, अभिषेक पोरेल शून्य और समीर रिजवी 4 रन बनाकर आउट हो गए। ऐसे में 7वें नंबर पर उतरे आशुतोष शर्मा ने 31 बॉल पर नाबाद 66 रन की पारी खेलकर जीत दिलाई। उन्होंने 5 चौके और 5 छक्के लगाए। आशुतोष ने ट्रिस्टन स्टब्स के साथ 48 रन की अहम साझेदारी की। फिर विपराज निगम के साथ 55 रन जोड़े। आखिरी विकेट के लिए 6 बॉल पर नाबाद 19 रन की साझेदारी हुई।

## आरसीए अभिमान अवॉर्ड आज, क्रिकेट लीजेंड्स के नाम पर मिलेगा सम्मान



हनुमंत सिंह | किशन रूंगटा | लक्ष्मण सिंह | पार्थ सारथी शर्मा | सलीम दुर्रानी

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** आरसीए की एडहॉक कमेटी की ओर से मंगलवार को आरसीए सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी अवॉर्ड अभिमान समारोह होटल मैरियट में होगा। एडहॉक कमेटी संयोजक व विधायक जयदीप बिहाणी ने बताया कि बीसीसीआई घरेलू क्रिकेट सत्र 2024-25 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा।

एडहॉक कमेटी सदस्य धर्मवीर सिंह शेखावत ने बताया कि राजस्थान के लीजेंड क्रिकेटरों के नाम पर पुरुष और महिला खिलाड़ियों को अवॉर्ड दिए जाएंगे। इनमें हनुमंत सिंह, सलीम दुर्रानी, किशन रूंगटा और पार्थसारथी शर्मा के नाम शामिल हैं। समारोह में राजस्थान क्रिकेट संघ की वार्षिक सांख्यिकी पुस्तक 2024-25 का विमोचन भी किया जाएगा।

सदस्य विमल शर्मा ने बताया कि आरसीए अपने पूर्व प्रशासकों और वरिष्ठ खेल पत्रकार सुंदरलाल मथुरिया को मरणोपरांत लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित करेगा। अन्य सम्मानित प्रशासक दिवंगत कमल मोरारका, अशोक ओहरी, राजेंद्र सिंह राठौड़ और राकेश अग्रवाल हैं।




### पुरस्कार विजेताः

**हनुमंत सिंह अवॉर्ड (सीनियर वर्ग):** महिपाल लोमरोर (पुरुष), सुमन मीणा (महिला)

**सलीम दुर्रानी अवॉर्ड (अंडर-23):** मोहित चांगरा (पुरुष), उषा परेरिया (महिला)

**किशन रूंगटा अवॉर्ड (अंडर-19):** जतिन सैनी (पुरुष), मैना सियोल (महिला)

**लक्ष्मण सिंह अवॉर्ड (अंडर-16 पुरुष, अंडर-15 महिला):** यथार्थ भारद्वाज, धृति माथुर

**सर्वश्रेष्ठ इमर्जिंग प्लेयर:** कार्तिक शर्मा (पुरुष), आयुषी गर्ग (महिला)

## राजस्थान क्रीड़ा पदक विजेताओं को कनिष्ठ सहायक पद पर नियुक्ति

**कार्यभार ग्रहण नहीं करने पर नियुक्ति होगी रद्द, गृह जिले में नियुक्ति पर विशेष जोर**

**49 खिलाड़ियों को मिलेगा सरकारी नौकरी का लाभ**

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** राज्य सरकार ने राजस्थान क्रीड़ा पदक विजेताओं को बड़ी राहत देते हुए उन्हें बिना पारी नियुक्ति नियम के तहत कनिष्ठ सहायक के पद पर नियुक्त किया है। इससे राज्य के प्रतिभावान खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी में अवसर मिलेगा।

खेल एवं युवा मामले विभाग की ओर से सोमवार को जारी आदेश के अनुसार विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 49 खिलाड़ियों को कनिष्ठ सहायक पद पर नियुक्त किया गया है। इनमें वूशु, साइक्लिंग, बॉक्सिंग, शूटिंग, पैरा स्विमिंग और एथलेटिक्स जैसे खेलों के खिलाड़ी शामिल हैं। सरकार ने इस बात पर विशेष जोर दिया है कि चयनित खिलाड़ियों को उनके गृह जिले में ही नियुक्ति दी जाए। साथ ही, विभाग ने साफ कर दिया है कि यदि कोई चयनित खिलाड़ी निर्धारित समय में कार्यभार ग्रहण नहीं करता है, तो उसकी नियुक्ति रद्द कर दी जाएगी।

चयनित खिलाड़ियों की वरिष्ठता सूची, सेवा नियमों के तहत तय की जाएगी। नियुक्ति से पहले सभी चयनित खिलाड़ियों के शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र और अन्य दस्तावेजों की गहन जांच की जाएगी। राज्य सरकार के इस फैसले से प्रदेश के युवा खिलाड़ियों में उत्साह है।

**पुलिस रिपोर्ट सही होने पर ही नियुक्ति होगी पक्की :** यदि किसी खिलाड़ी की पुलिस रिपोर्ट सही पाई जाती है, तो उसकी नियुक्ति को प्रोविजनल माना जाएगा। किसी भी प्रकार की आपत्ति या गलत जानकारी पाए जाने पर नियुक्ति निरस्त की जा सकती है।

### जोफ्रा आर्चर के लिए किया ऐसे शब्द का इस्तेमाल, जिससे मचा बवाल

## हरभजन पर कमेंट्री के दौरान नस्लीय टिप्पणी करने का आरोप

महानगर संवाददाता



**हैदराबाद।** आईपीएल 2025 में भी विवादों की शुरुआत हो चुकी है। भारत के पूर्व क्रिकेटर हरभजन सिंह, जो फिलहाल आईपीएल की कमेंट्री पैनल का हिस्सा हैं, विवादों में घिर गए हैं। रविवार को सनराइजर्स हैदराबाद और राजस्थान रॉयल्स के बीच मैच के दौरान उनका एक बयान काफी चर्चा में है। भज्जी पर नस्लीय टिप्पणी करने के आरोप लगे हैं। उनका बयान जोफ्रा आर्चर को लेकर था और फैंस सोशल मीडिया पर हरभजन के इस बयान की आलोचना भी कर रहे हैं।

**हरभजन ने ऐसा क्या कहा, जिससे विवाद हुआ?:** दरअसल, हरभजन ने आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद बनाम राजस्थान रॉयल्स मैच में कमेंट्री करते हुए इंग्लैंड और राजस्थान रॉयल्स के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर को लेकर कुछ समझाते हुए 'काली टैक्सी' शब्द का इस्तेमाल किया था। वह उदाहरण दे रहे थे और आर्चर को समझाने के लिए उन्होंने इस शब्द का इस्तेमाल किया। इसको लेकर फैंस ने पोस्ट भी किया है और उनकी आलोचना की है। हरभजन खुद भी अपने सक्रिय क्रिकेटिंग कॅरियर के दौरान नस्लीय टिप्पणी झेल चुके हैं, लेकिन अब उनका बयान चर्चा का विषय बन गया है।

**फैंस ने हरभजन से माफी मांगने को कहा:** हरभजन को एसआरएच बनाम आरआर मैच में कमेंट्री के दौरान यह कहते हुए सुना गया, 'लंदन में काली टैक्सी का मीटर तेज भागता है और यहां पर आर्चर साहब का मीटर भी तेज भाग रहा है।' फैंस ने इस मामले पर हरभजन को लताड़ा है और उनसे माफी मांगने के लिए कहा है। हालांकि, टर्बनेटर ने अभी तक इस मामले पर स्पष्टीकरण जारी नहीं किया है या माफी नहीं मांगी है। हरभजन का बयान इस वजह से था कि आर्चर काफी महंगे साबित हुए। उन्होंने चार ओवर में बिना विकेट लिए 76 रन लुटाए थे। आर्चर का मीटर भागने से हरभजन का यही मतलब था।

## कौशल्या, मैना और धृति को मिलेगा सुंदर कांति जोशी क्रिकेट अवॉर्ड

### पूर्व क्रिकेटर अजमेर की सोनिया बिजावत को लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** राधा निवास क्रिकेट क्लब की ओर से बीसीसीआई के टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली प्रदेश की महिला क्रिकेटर्स को दिए जाने वाले सुंदरकांति जोशी (एसकेजे) अवॉर्ड की घोषणा की गई। इस वर्ष सीनियर वर्ग में ऑलराउंडर कौशल्या चौधरी को, जूनियर वर्ग में मैना सियोल को और सब-जूनियर वर्ग में धृति माथुर को पुरस्कार के लिए चुना गया है।

इसके साथ ही, 70 और 80 के दशक में राष्ट्रीय क्रिकेट में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करने वाली अजमेर की सोनिया बिजावत को लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। राधा निवास क्रिकेट क्लब के अध्यक्ष और पूर्व रणजी क्रिकेटर विपिन जोशी ने यह जानकारी दी।

सोमवार को पूर्व रणजी ट्रॉफी क्रिकेटर योगेश माथुर की अध्यक्षता में हुई चयन समिति की बैठक में ये निर्णय लिए गए। चयन समिति में पूर्व रणजी क्रिकेटर देवेंद्र पाल सिंह, राष्ट्रीय महिला क्रिकेट खिलाड़ी और आरसीए की चयनकर्ता गंगोत्री चौहान, सुल्ताना खान और अंजू लता शर्मा शामिल रहीं।

क्लब के सचिव और पूर्व रणजी क्रिकेटर शरद जोशी ने बताया कि सभी पुरस्कारों के लिए आम सहमति से फैसला लिया गया। चयन समिति के अध्यक्ष योगेश माथुर ने बताया कि सीनियर वर्ग में कौशल्या चौधरी ने राष्ट्रीय घरेलू क्रिकेट प्रतियोगिता में 292 रन बनाए और 37 विकेट हासिल किए। बल्लेबाज आयुषी गर्ग ने 22 मैचों में 770 रन बनाए, लेकिन डोमेस्टिक क्रिकेट के बाद चैलेंजर ट्रॉफी के लिए चयन को ध्यान में रखते हुए कौशल्या को वरीयता दी गई। जूनियर वर्ग में मैना सियोल ने ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए 179 रन बनाए और 12 विकेट लिए, जबकि सब-जूनियर वर्ग में धृति माथुर ने 350 रन बनाने के साथ 7 विकेट भी हासिल किए।

क्लब की कोषाध्यक्ष अशोक जोशी ने बताया कि पुरस्कार वितरण समारोह 3 अप्रेल को सुंदर कांति जोशी के जन्मदिवस पर आयोजित किया जाएगा।

### बीसीसीआई : महिलाओं के लिए केंद्रीय अनुबंध की सूची जारी

## हरलीन देओल का नाम नहीं, श्रेयंका-साधू को मिली जगह

महानगर संवाददाता



**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने 2024-25 के लिए भारतीय महिला टीम के केंद्रीय अनुबंध की सूची जारी की है। इस बार अनुबंध में 16 खिलाड़ियों को जगह दी गई है। कप्तान हरमनप्रीत कौर, उपकप्तान स्मृति मंधाना और अनुभवी ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने ग्रेड-ए में अपनी जगह बरकरार रखी है। वहीं, रेणुका ठाकुर, जेमिमा रॉड्रिग्ज, ऋचा घोष और शेफाली वर्मा ग्रेड बी में शामिल हैं।

**गायकवाड़ को नहीं मिली जगह :** स्पिनर राजेश्वरी गायकवाड़ हालांकि अपना स्थान बरकरार नहीं रख सकी हैं। ग्रेड सी में यास्तिका भाटिया, राधा यादव, श्रेयंका पाटिल, टिटस साधू, अरुंधति रेड्डी, अमनजोत कौर, उमा छेत्री, स्नेह राणा और पूजा वस्त्राकर शामिल हैं। श्रेयंका, टिटस, अरुंधति, अमनजोत और उमा को पहली बार केंद्रीय अनुबंध में जगह मिली है। जिन खिलाड़ियों को इसमें जगह नहीं मिली है, उनमें मेघना सिंह, देविका वैद्य, सबनेनी मेघना, अंजलि सरवानी और हरलीन देओल शामिल हैं।

हरलीन का बाहर होना हैरानी भरा

हरलीन का केंद्रीय अनुबंध से बाहर होना थोड़ा हैरान करने वाला है, क्योंकि उन्होंने हाल ही में वेस्टइंडीज के खिलाफ वडोदरा में खेले गए मुकाबले में वनडे का अपना पहला शतक लगाया था। इसके अलावा उन्होंने आयरलैंड के खिलाफ राजकोट में खेले गए मैच में 89 रन बनाए थे। केंद्रीय अनुबंध में ए ग्रेड में शामिल महिला क्रिकेटर को सालाना 50 लाख, ग्रेड बी की क्रिकेटर को 30 लाख और ग्रेड सी की क्रिकेटर को 10 लाख रुपए मिलते हैं।

**भारतीय टीम श्रीलंका में त्रिकोणीय सीरीज में लेगी हिस्सा :** भारतीय महिला टीम घरेलू मैदान पर वनडे विश्व कप की तैयारियों को देखते हुए श्रीलंका में त्रिकोणीय सीरीज में हिस्सा लेगी। यह सीरीज अप्रेल-मई में होगी, जिसमें भारत और श्रीलंका के अलावा दक्षिण अफ्रीका भी शामिल होगी। इस टूर्नामेंट के सभी मैच कोलंबो के आर प्रेमादास स्टेडियम में होंगे। वनडे विश्व कप का आयोजन भारत में सितंबर में किया जा सकता है।

### केंद्रीय अनुबंध 2024-25 में शामिल खिलाड़ी (सीनियर महिला टीम)

**ग्रेड-ए:** हरमनप्रीत कौर, स्मृति मंधाना, दीप्ति शर्मा

**ग्रेड-बी:** रेणुका ठाकुर, जेमिमा रॉड्रिग्ज, ऋचा घोष, शेफाली वर्मा

**ग्रेड-सी:** यास्तिका भाटिया, राधा यादव, श्रेयंका पाटिल, टिटस साधू, अरुंधति रेड्डी, अमनजोत कौर, उमा छेत्री, स्नेह राणा, पूजा वस्त्राकर।

## तापमान में बढ़ोत्तरी के साथ ही शुरू हुआ पतझड़, देता है संघर्ष से जूझने का संदेश



मौसम कोई भी हो, कभी न कभी, कहीं न कहीं खुद में बेपनाह खूबसूरती समेटे नजर आ ही जाता है। तापमान में बढ़ोत्तरी के साथ पतझड़ के मौसम में पेड़ों पर लहलहाते पीले पत्ते अलग ही नजारा प्रस्तुत करते हैं। वहीं पेड़ों के नीचे सड़कों पर बिखरे पत्ते भी खूबसूरती बिखेर जाते हैं। कहते हैं कि जिस तरह पतझड़ के बिना पेड़ पर नए पत्ते नहीं आते, ठीक उसी तरह कठिनाई और संघर्ष के बिना अच्छे दिन भी नहीं आते...! फोटो : राजेश कुमार शर्मा

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर आरसीडीएफ की पहल

# सरस डेयरियां करेंगी घी-दूध की निशुल्क जांच



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** अब आप अपने घर में उपयोग किए जा रहे घी और दूध की निशुल्क जांच करा सकते हैं। चाहे घी-दूध खुला हो या पैक्ड, किसी भी ब्रांड का हो, आपको बस 50 एमएल कच्चे दूध या घी का सैंपल अपने नजदीकी जिला दुग्ध संघ की प्रयोगशाला में लेकर जाना होगा। वहां अत्याधुनिक मशीनों से जांच कर आपको घर बैठे जांच परिणाम की जानकारी दी जाएगी।

राजस्थान को-ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन (आरसीडीएफ) ने पहली बार राज्यभर की सभी सरस डेयरियों में घी-दूध की निशुल्क जांच सुविधा उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है। इससे उपभोक्ताओं को दूध और इससे बने उत्पादों की गुणवत्ता एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता मिलेगी और मिलावट पर भी प्रभावी रोक लग सकेगी।

### कहां और कैसे कराएं जांच?

आरसीडीएफ की प्रशासक एवं प्रबंध संचालक श्रुति भारद्वाज ने बताया कि उपभोक्ता राज्यभर की सरस डेयरियों में अपने घी-दूध अथवा दूध से बने अन्य उत्पादों के सैंपल किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय समय में जमा करा सकते हैं। संबंधित जिला दुग्ध संघ की गुणवत्ता नियंत्रण प्रयोगशाला विभिन्न मानकों पर सैंपल की जांच करेगी और निर्धारित समय में उपभोक्ताओं को जांच परिणाम से अवगत कराएगी। इस जांच प्रक्रिया में घी-दूध के पोषक तत्वों और मिलावटी तत्वों की विस्तृत जांच की जाएगी।

### पिछले अभियानों की सफलता

श्रुति भारद्वाज ने बताया कि आरसीडीएफ उपभोक्ताओं को शुद्ध, पौष्टिक और उच्च गुणवत्ता वाला दूध एवं इससे बने उत्पाद उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। हाल ही में चलाए गए सरस अमृतम अभियान और दूध का दूध, पानी का पानी अभियान को जबरदस्त सफलता मिली। सरस अमृतम अभियान के तहत राज्यभर में 4491 औचक निरीक्षण किए गए और 7943 सैंपल लिए गए। वहीं, दूध का दूध, पानी का पानी अभियान (10-30 जनवरी) के दौरान 10 हजार से अधिक सैंपल जांचे गए, जिसमें खुले दूध और अन्य ब्रांड्स के 48 प्रतिशत सैंपल सब-स्टैंडर्ड पाए गए, जबकि सरस डेयरी के 100 प्रतिशत सैंपल मानकों पर खरे उतरे। आरसीडीएफ ने खाद्य सुरक्षा विभाग को सब-स्टैंडर्ड दूध की जांच रिपोर्ट भेजकर मिलावट पर सख्त कार्रवाई करने का अनुरोध किया है।



### अत्याधुनिक मशीनों से होगी जांच

उन्होंने बताया कि जिला दुग्ध संघों द्वारा अत्याधुनिक जीसी (गैस क्रोमेटोग्राफी) और एफटीआईआर बेस्ड मशीनों का उपयोग किया जाएगा, जो घी-दूध में 35 तरह की मिलावट का पता लगाने में सक्षम हैं। जयपुर, अजमेर और भीलवाड़ा जैसी बड़ी डेयरियों में घी की जांच जीसी इंस्ट्रूमेंट से होगी, जबकि अन्य डेयरियों में केमिकल टेस्ट के आधार पर जांच की जाएगी। उपभोक्ता आरसीडीएफ से संबद्ध 24 जिला दुग्ध संघों की गुणवत्ता नियंत्रण प्रयोगशालाओं या जयपुर स्थित सरस की केंद्रीय प्रयोगशाला में सुबह 9:30 बजे से शाम 6 बजे तक जांच के लिए संपर्क कर सकते हैं।

# प्रदेश कांग्रेस संगठन में बड़ा फेरबदल

### जिलों से लेकर संभाग तक के प्रभारियों की नियुक्ति

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** प्रदेश कांग्रेस संगठन में बड़ा फेरबदल किया गया है। इस फेरबदल में जिलों से लेकर संभाग स्तर के प्रभारियों की नियुक्ति की गई है। इन संभागों में कई नेताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रदेश कांग्रेस महासचिव जसवंत गुर्जर ने बताया कि प्रदेश में कांग्रेस संगठन को मजबूत करने के लिए इन प्रभारियों की नियुक्ति की गई है।

तीन अप्रेल को राहुल गांधी और खड़गे लेंगे जिलाध्यक्षों की बैठक : संगठन को मजबूत करने के लिए राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष खड़गे के साथ संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी प्रदेश के जिलाध्यक्षों के साथ बैठक लेंगे। कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व की ओर से सभी राज्यों के जिलाध्यक्षों के साथ बैठक का कलस्टर कार्यक्रम तय कर लिया गया है। इसके तहत सभी जिलाध्यक्ष अपनी बात अब शीर्ष नेतृत्व को कह सकेंगे।

### ये बने नए प्रभारी

**सात संभाग प्रभारी**

**अजमेर :** रामविलास चौधरी
**भरतपुर :** गजराज खटाना
**जयपुर :** रमेश खंडेलवाल
**कोटा :** हंगामीलाल मेवाड़ा
**उदयपुर :** घनश्याम मेहर
**जोधपुर :** जगदीश चंद्र जांगिड़
**बीकानेर :** नसीम अख्तर इंसाफ

**जिलों में बनाए प्रभारी**

**अजमेर :** चेतन डूडी
**अलवर :** फूलसिंह झाला
**बांसवाड़ा :** लालसिंह झाला
**बारां :** राखी गौतम
**भरतपुर :** राजेश चौधरी
**बाड़मेर :** मोहन डागर
**भीलवाड़ा :** प्रशांत बैरवा
**बीकानेर :** शिमला देवी नायक
**बूंदी :** प्रतिष्ठा यादव
**चित्तौड़गढ़ :** गणेश घोघरा
**प्रतापगढ़ :** गणेश घोघरा
**चूरू :** रीटा चौधरी
**दौसा :** इंद्राज गुर्जर
**धौलपुर :** अजीत यादव
**डूंगरपुर :** राकेश पारीक
**श्रीगंगानगर :** जिया उर रहमान
**हनुमानगढ़ :** पूसाराम गोदारा
**जयपुर शहर :** रोहित बोहरा
**जयपुर ग्रामीण :** आरसी चौधरी
**जैसलमेर :** राजेंद्र मूंड
**जालोर :** सुमन यादव
**झालावाड़ :** राजेंद्र शर्मा
**झुंझुनूं :** रीटा चौधरी
**जोधपुर शहर :** विक्रम सिंह शेखावत
**जोधपुर ग्रामीण :** विक्रम सिंह शेखावत
**करौली :** संजय जाटव
**कोटा :** देशराज मीना
**कोटा ग्रामीण :** देशराज मीना
**नागौर :** मनोज मेघवाल
**पाली :** हरीश चौधरी
**राजसमंद :** विजेंद्र सिंह सिद्धू
**सवाई माधोपुर :** पुष्पेंद्र भारद्वाज
**सीकर :** विशाल जांगिड़
**सिरोही :** अंजना मेघवाल
**टोंक :** प्रशांत शर्मा
**उदयपुर :** इंदिरा मीना

# राजस्थान कोचिंग सेंटर विधेयक, 2025 स्वागत योग्य प्रयास

### अभाविप का कोचिंग सेंटरों के प्रस्तावित कानून पर सुझाव

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जयपुर प्रदेश कार्यालय में पत्रकार परिषद का आयोजन किया गया। एबीवीपी ने कोचिंग संस्थानों पर नियंत्रण के लिए लाए गए विधेयक को जरूरी बताया है। इस विधेयक का उद्देश्य कोचिंग संस्थानों के माध्यम से पढ़ाई करने वाले छात्रों के हितों की रक्षा करना, कोचिंग संस्थानों को मानकीकृत करना, शिक्षण की गुणवत्ता सुनिश्चित करना, शिक्षा के व्यापारीकरण पर रोक और छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य व करियर मार्गदर्शन के लिए आवश्यक व्यवस्था करना है।

एबीवीपी के जयपुर प्रांत मंत्री अभिनव सिंह ने कहा कि राजस्थान में कोचिंग सेंटर के नियमन और नियंत्रण के लिए विधानसभा में विधेयक लाया गया है। इस विधेयक को लाकर राज्य सरकार ने कोचिंग सेंटर को एक रेगुलेटरी फ्रेमवर्क के तहत लाकर छात्रों के हितों की रक्षा करने और शिक्षा में गुणवत्ता लाने का प्रयास किया है। इस विधेयक से न केवल कोचिंग संस्थाओं की और अधिक पारदर्शी और जवाबदेह बनेगी, बल्कि छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य, अवसाद, तनाव और आत्महत्या जैसी विभिन्न घटनाओं पर रोक लगेंगी और उनका समग्र विकास हो सकेगा। उन्होंने राजस्थान कोचिंग सेंटर (नियंत्रण और विनियमन) विधेयक, 2025 के प्रमुख प्रावधानों का स्वागत किया है।

विधेयक में कोचिंग सेंटरों का पंजीकरण अनिवार्य करने, निगरानी और नियामक प्राधिकरण का गठन करने, जिला स्तर पर समिति का गठन, कोचिंग सेंटरों के लिए मानक और नियम की रचना, फीस जमा कराने को चार किस्तों में बांटने, फीस वापसी 10 दिन के अंदर अनुपातिक रूप से करना, छात्रों की सुरक्षा और मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखने का प्रावधान किया गया है। साथ ही विधेयक में कोचिंग सेंटर में मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति करने व योग्य शिक्षकों की नियुक्ति करने पर भी जोर दिया गया है। इसी प्रकार छात्रों और अभिभावकों के लिए करियर मार्गदर्शन, मनोवैज्ञानिक परामर्श की सुविधा, झूठे विज्ञापन और भ्रामक दावों पर प्रतिबंध, कोचिंग वेबसाइट, बैच की प्रवेश प्रक्रिया एक बार में पूर्ण करने जैसे प्रावधान भी दिए गए है। छात्रों पर मानसिक दबाव डालने, अत्यधिक अध्ययन कराने और जबरन फीस वसूली पर रोक जैसे विशेष प्रावधानों को जोड़ने का एबीवीपी ने स्वागत किया।

### नियमों के उल्लंघन पर लगेगा जुर्माना

इसके साथ ही कोई कोचिंग संचालक नियमों का उल्लंघन करता है तो पहले उल्लंघन पर 2 लाख, दोबारा उल्लंघन पर 5 लाख तक का जुर्माना और बार-बार उल्लंघन करने पर कोचिंग सेंटर का पंजीकरण रद्द किए जाने का प्रवधान भी किया है. शिक्षकों के लिए योग्यता और प्रशिक्षण मानक को तय करना भी इस विधेयक में शामिल किया है. एबीवीपी ने राजस्थान कोचिंग सेंटर (नियंत्रण और विनियमन) विधेयक, 2025 के अनछुए पहलूओं की ओर भी ध्यान आकर्षित कराया।

### ये रखे सुझाव

- कोचिंग में पढ़ाई का अधिकतम समय 3 घंटे किया जाए।
- राज्य स्तरीय नियंत्रण कमेटी व प्राधिकरण में शिक्षाविदों के साथ शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत विशेषज्ञों को भी जोड़ा जाए।
- डमी स्कूलों की संस्कृति पनप पर रोक लगे।
- मनमानी फीस वसूली पर रोक लगे
- फीस नियंत्रण बोर्ड का गठन किया जाना चाहिए।

# बिल पारित होने में विलंब कोचिंग संस्थाओं को जीवनदान : कोचिंग महासंघ

### राजस्थान कोचिंग सेंटर विधेयक-2025 का मामला

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा पटल पर रखे गए राजस्थान कोचिंग सेंटर विधायक-2025 के पारित नहीं होने से कुछ समय के लिए राजस्थान के कोचिंग संचालकों ने राहत की सांस ली है।

ऑल कोचिंग इंस्टीट्यूट महासंघ की ओर से पत्रकार वार्ता में राष्ट्रीय अध्यक्ष आरसी शर्मा ने कहा कि राजस्थान कोचिंग सेंटर विधेयक-2025 विधानसभा के पटल पर रखा जा चुका है। ऐसे में भविष्य में यह पारित होगा ही, लेकिन इस बार पारित नहीं होने से कोचिंग संचालकों को इस बिल में जटिल बिंदुओं को समाप्त कर इसे लागू होने की दिशा में प्रायोगिक बनाने के लिए पर्याप्त समय मिलेगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष शर्मा ने सीएम भजनलाल शर्मा का आभार जताते हुए कहा कि उन्हें विश्वास है कि कुछ बिंदु उनकी मांग के अनुसार बदले भी गए हैं और नए प्रावधान शामिल भी किए गए हैं, लेकिन अब भी इसे कोचिंग संस्थानों में पढ़ने वाले छात्रों और कोचिंग संचालकों के लिए सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाते हुए सरल करने की गुंजाइश है और शीघ्र ही मुख्यमंत्री से मिलकर उन बिंदुओं को शामिल करने की मांग की जाएगी। महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष अनीष कुमार नाडार ने पेपर लीक में शामिल लोगों को कोचिंग जगत से बेदखल करने का मुद्दा राजस्थान कोचिंग सेंटर विधेयक-2025 में शामिल करने की मांग करते हुए कहा कि जितने भी छात्रों ने आत्महत्या की है, उनमें 90 प्रतिशत से अधिक कारण अभिभावकों का छात्रों पर अधिक दबाव बनाना है। इस विधेयक में पेपर लीक तथा आत्महत्या के प्रमुख कारणों को इंगित करते हुए जिम्मेदार लोगों को कड़ी सजा देने का प्रावधान भी होना चाहिए।

## वन नेशन वन इलेक्शन पर युवा एवं छात्र संवाद आज

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** वन नेशन वन इलेक्शन विषय पर मंगलवार को युवा एवं छात्र संवाद कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम के प्रदेश संयोजक सुनील भार्गव ने बताया कि सुबह 11 बजे जेएलएन मार्ग स्थित पंचायती राज संस्थान में आयोजित होगा।



कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल मुख्य अतिथि रहेंगे, जबकि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ अध्यक्षता करेंगे। इस दौरान छात्रों के साथ देश में एक चुनाव की अवधारणा पर चर्चा होगी और इसकी महत्ता पर प्रकाश डाला जाएगा।

## राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के रिक्त पदों पर आयुष चिकित्सकों की हो भर्ती

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** होम्योपैथिक चिकित्सा संघर्ष समिति के प्रदेश संयोजक डॉ. राजेश मीणा के नेतृत्व में सोमवार को आयुष चिकित्सक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अति. मिशन निदेशक डॉ. टी. शुभमंगला से 1532 रिक्त आयुष चिकित्सकों की भर्ती को लेकर मिले। डॉ. टी. शुभमंगला ने कहा कि एनएचएम के अंतर्गत रिक्त 1532 पदों पर आयुष चिकित्सकों की भर्ती सरकार की प्राथमिकता में है। कुछ तकनीकी कारणों की वजह से भर्ती शुरू नहीं कर पाए थे। शीघ्र रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू करेंगे।

# यात्रीगण कृपया ध्यान दें... दो दिन 11 ट्रेनें रहेंगी रद्द

- **आपकी खबर : दिल्ली मंडल के पातली स्टेशन पर साइडिंग कार्य के कारण रेल यातायात रहेगा प्रभावित**
- **कई ट्रेनें आंशिक रद्द और कई का मार्ग बदला**

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** यदि आप दिल्ली, रेवाड़ी, बरेली, बाड़मेर, बीकानेर, हिसार, श्रीगंगानगर की ट्रेन पकड़ने वाले हैं तो यह खबर आपके लिए है। आगामी 27 से 29 मार्च तक इस रूट पर कई ट्रेनें प्रभावित रहेंगी। जानकारी के अनुसार उत्तर रेलवे पर दिल्ली मंडल के पातली स्टेशन पर साईडिंग कार्य के लिए ब्लॉक लिया जा रहा है, इसके चलते रेल यातायात प्रभावित रहेगा। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण ने यह जानकारी दी।

### 28 और 29 मार्च को ये गाड़ियां रहेंगी रद्द

रेलवे के अनुसार गाड़ी संख्या 54085, दिल्ली-रेवाड़ी ट्रेन, गाड़ी संख्या 54086 रेवाड़ी-दिल्ली, गाड़ी संख्या 54421 दिल्ली-रेवाड़ी, गाड़ी संख्या 74003 दिल्ली-रेवाड़ी, गाड़ी संख्या 74002 रेवाडी- दिल्ली, गाड़ी संख्या 54417 दिल्ली-रेवाड़ी, गाड़ी संख्या 54310



हिसार-दिल्ली, गाड़ी संख्या 54309 दिल्ली-हिसार, गाड़ी संख्या 54316 हिसार-रेवाड़ी, गाड़ी संख्या 54315 रेवाड़ी-हिसार ट्रेन 28 मार्च को और गाड़ी संख्या 54310 हिसार-दिल्ली 29 मार्च को रद्द रहेगी।

### इन ट्रेनों का मार्ग बदला

- गाड़ी संख्या 12259 सियालदाह-बीकानेर एक्सप्रेस ट्रेन 27 मार्च को सियालदाह से प्रस्थान कर परिवर्तित मार्ग नई दिल्ली-रोहतक-भिवानी बाईपास-हिसार-सादुलपुर होकर चलेगी।
- गाड़ी संख्या 14321 बरेली-भुज एक्सप्रेस 28 मार्च को दिल्ली-शकूरबस्ती-अस्थल बोहर-रेवाड़ी होकर संचालित होगी।
- गाड़ी संख्या 20487 बाडमेर-दिल्ली एक्सप्रेस 27 मार्च को परिवर्तित मार्ग रेवाड़ी-अस्थल बोहर-शकूरबस्ती-दिल्ली होकर संचालित होगी।

### ये ट्रेनें आंशिक रद्द रहेंगी

- गाड़ी संख्या 14030 मेरठ छावनी-श्रीगंगानगर एक्सप्रेस 28 मार्च को मेरठ सिटी से प्रस्थान कर नई दिल्ली तक ही संचालित होगी।
- गाड़ी संख्या 14029 श्रीगंगानगर-दिल्ली एक्सप्रेस 28 मार्च को श्रीगंगानगर से प्रस्थान कर रेवाड़ी तक ही संचालित होगी।
- गाड़ी संख्या 54411 रेवाड़ी-मेरठ छावनी एक्सप्रेस 28 मार्च को रेवाड़ी के स्थान पर नई दिल्ली से संचालित होगी।

### ये गाड़ियां 5 घंटे तक देरी से चलेंगी

- गाड़ी संख्या 14662 जम्मूतवी-बाडमेर 27 मार्च को जम्मूतवी से अपने निर्धारित समय से 5 घंटे देरी से 28 मार्च को रात 3.25 बजे प्रस्थान करेगी।
- गाड़ी संख्या 20914 दिल्ली सराय-राजकोट 28 मार्च को अपने निर्धारित समय से 3 घंटे 5 मिनट देरी से शाम 4.25 बजे प्रस्थान करेगी।
- गाड़ी संख्या 12916 दिल्ली-अहमदाबाद 28 मार्च को दिल्ली से अपने निर्धारित समय से 1 घंटे देरी से दोपहर 3.55 बजे प्रस्थान करेगी।
- गाड़ी संख्या 14661 बाड़मेर-जम्मूतवी 28 मार्च को बाड़मेर से अपने निर्धारित समय से 1 घंटे 40 मिनट देरी से रात 2 बजे प्रस्थान करेगी।
- गाड़ी संख्या 20963 साबरमती-वाराणसी 27 मार्च को साबरमती से 4 घंटे की देरी से 28 मार्च को रात 2.55 बजे प्रस्थान करेगी।

## प्रदेश वैश्य समाज सभा की नई कार्यकारिणी घोषित



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान प्रदेश वैश्य समाज सभा के पदाधिकारियों का सम्मान समारोह एवं नई कार्यकारिणी का निर्वाचन तथा होली सम्मेलन का आयोजन एक होटल में आयोजित किया गया। सर्वप्रथम गणेश जी की पूजा-अर्चना की गई। इस अवसर पर पूर्व में किए गए कार्यों पर सदस्यों को जानकारी देते हुए विशेष उपहार से सम्मानित किया गया। इसके बाद नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई। इसमें वर्तमान कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारी के स्थान पर नए सदस्यों को नियुक्ति दी गई। इसकी घोषणा मुख्य संस्थापक एवं वर्तमान अध्यक्ष प्रकाश गुप्ता ने की। प्रदेश अध्यक्ष दिनेश पोद्दार को एवं महामंत्री प्रभात गुप्ता व रमेश चंद्र साहू को बनाया गया। कोषाध्यक्ष किशन अग्रवाल, कार्यकारी अध्यक्ष भवानी माहेश्वरी, नथमल बंसल, डालचंद गुप्ता को बनाया गया। मनोज अग्रवाल को ट्रस्ट अध्यक्ष घोषित किया गया। जिला अध्यक्ष ताराचंद गुप्ता को बनाया गया। इस अवसर पर पूर्व में किए गए कार्यों का विस्तार से सभी सदस्यों को अवगत करवाया गया एवं वैश्य एकता पर चर्चा की गई।

# राजस्थानी सिनेमा महोत्सव : लीजेंड्स की स्मृति में आज दिए जाएंगे अवॉर्ड

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** पर्यटन, कला एवं संस्कृति विभाग, जवाहर कला केंद्र और राजस्थानी सिनेमा विकास संघ के संयुक्त तत्वावधान में राजस्थानी सिनेमा महोत्सव सीजन-3 अवॉर्ड सेरेमनी का आयोजन मंगलवार को किया जाएगा। इससे पहले सोमवार को महोत्सव की आदमकद ट्रॉफी का अनावरण राजस्थानी सिनेमा विकास संघ के संरक्षक विपिन तिवारी और अध्यक्ष शिवराज गुर्जर ने जवाहर कला केंद्र में किया।



तिवारी ने बताया कि रंगायन सभागार में मंगलवार शाम 6 बजे मुख्य समारोह होगा, जिसमें राजस्थानी सिनेमा और लोक संगीत के लीजेंड्स की स्मृति में विभिन्न श्रेणियों में अवॉर्ड दिए जाएंगे। इससे पूर्व सुबह 10 बजे से फिल्म की शूटिंग का डेमोंसट्रेशन किया जाएगा। इसमें विजिटर को बताया जाएगा कि किस तरह से फिल्मों की शूटिंग होती है। इसके बाद दोपहर 12 बजे आमागढ़ पर एक डॉक्यूमेंट्री का प्रदर्शन किया जाएगा। इसके साथ ही एक नेशनल अवॉर्ड विनिंग डॉक्यूमेंट्री भी दिखाई जाएगी। शाम 5 बजे लोक गायिका सुप्रिया गायन की लाइव प्रस्तुति देंगी। इसके बाद शाम 6 बजे से रंगारंग कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम में राजस्थानी सिनेमा और लोक संगीत से जुड़ी हस्तियों को अवॉर्ड देकर सम्मानित किया जाएगा।

## एसीएस गुप्ता और सावंत के सिविल कारावास पर रोक

**जयपुर (मसं)।** हाईकोर्ट ने अतिरिक्त मुख्य सचिव प्रवीण गुप्ता और भास्कर ए सावंत को बड़ी राहत दी है। जस्टिस सुदेश बंसल की एकलपीठ ने वाणिज्यिक न्यायालय के उन आदेशों पर रोक लगा दी है, जिसमें दोनों अधिकारियों को तीन-तीन माह के सिविल कारावास की सजा दी गई थी। साथ ही अदालत ने मामले में अग्रिम कार्रवाई पर भी रोक लगा दी है। सोमवार को हुई सुनवाई के दौरान महाधिवक्ता राजेन्द्र प्रसाद ने सार्वजनिक निर्माण विभाग से जुड़े मामले में अदालत को बताया कि राज्य सरकार ने पूर्व में ही एसएलपी खारिज होने के बाद संबंधित कंपनी को बकाया भुगतान की कार्रवाई शुरू कर दी थी। समान मामले में पूर्व में दायर याचिका में राज्य सरकार ने हाईकोर्ट को भी इसकी जानकारी दी थी। इसके बावजूद भी वाणिज्यिक न्यायालय ने एसीएस प्रवीण गुप्ता को सिविल कारावास देने का आदेश जारी कर दिया। इसके अलावा पीएचईडी के मामले में आर्बिट्रेटर के आदेश के खिलाफ वाणिज्यिक न्यायालय में स्टे प्रार्थना पत्र पर पूर्व में सुनवाई अधूरी रही थी। उस प्रार्थना पत्र के लंबित रहने के दौरान ही वाणिज्यिक अदालत ने मनमानी पूर्वक अतिरिक्त मुख्य सचिव भास्कर ए सावंत को तीन माह का सिविल कारावास का आदेश दे दिया। ऐसे में दोनों आदेशों की क्रियान्विति पर रोक लगाई जाए।

# पुरानी कारों का बढ़ रहा क्रेज, एफवाई26 में 40 अरब डॉलर हो सकता है बाजार

## पिछले दो से तीन साल के दौरान लगातार 10 से 12 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है पुरानी कारों का बाजार

महानगर संवाददाता

नई दिल्ली। साल 2025-26 में पुरानी कारों की बिक्री नई कारों को पीछे छोड़ सकती है। उद्योग के अंदरूनी सूत्रों ने बताया कि मांग बढ़ने से पुरानी कारों की बिक्री की औसत कीमत भी बढ़ रही है। देश का पुरानी कारों का बाजार पिछले दो से तीन साल के दौरान लगातार 10 से 12 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है। उम्मीद है कि वित्त वर्ष 26 में यह बढ़कर 40 अरब डॉलर तक पहुंच जाएगा। इसका मतलब है कि संख्या के



लिहाज से पुरानी कारों की बिक्री 65 लाख से 70 लाख तक होने की उम्मीद है। पुरानी कारों के प्रमुख प्लेटफॉर्म स्पिनी के संस्थापक और मुख्य कार्य अधिकारी नीरज सिंह ने यह जानकारी दी है। फिलहाल नई कारों का घरेलू बाजार 43 अरब डॉलर के आसपास होने की उम्मीद है। इस वृद्धि से टायर, वित्त उपलब्ध कराने वाले जैसे अन्य क्षेत्रों में भी इजाफे को बढ़ावा मिलेगा। साल 2023-24 में नई कारों का बाजार 42 लाख गाड़ियों की ऐतिहासिक ऊंचाई तक पहुंच गया था और इस साल इसके सपाट रहने के आसार हैं। वित्त वर्ष 26 में नई कारों की बिक्री में एक से दो प्रतिशत तक की वृद्धि या लगभग 45 लाख से 46 लाख गाड़ियों तक पहुंचने की उम्मीद है इसके विपरीत बेंगलूर, हैदराबाद और पुणे जैसे शहरों में पुरानी कारों के बाजार में दमदार वृद्धि देखी जा रही है, जहां हाल में सबसे अधिक वृद्धि देखी गई है। नीरज सिंह का कहना है कि उन्हें अगले सात से आठ वर्षों के दौरान बाजार में 12 से 13 प्रतिशत की वार्षिक चक्रवृद्धि दर (सीएजीआर) की अच्छी बढ़ोतरी नजर आ रही है। सिंह ने बिजनेस स्टैंडर्ड को बताया, 'बाजारों के लिहाज से बेंगलूर, हैदराबाद और पुणे में हाल में सबसे अधिक वृद्धि देखी गई है। दामों के लिहाज से छह से आठ लाख रुपए के दायरे वाली कारों (खास तौर पर कॉम्पैक्ट एसयूवी) की मांग में सबसे अधिक उछाल आया है जो उनके प्रदर्शन, स्थान, उनकी कीमत और 'बड़ी कार' के आकर्षण जैसे कई कारणों पर निर्भर करता है।'

### पुरानी कारों की बिक्री के औसत मूल्य में भी इजाफा

मांग के इस उत्साह से देश में पुरानी कारों की बिक्री के औसत मूल्य में भी इजाफा हुआ है। सिंह बताते हैं, 'भारत में पुरानी कारों की बिक्री की औसत कीमत 4.5 लाख रुपए से लेकर पांच लाख रुपए के बीच है, जो बढ़ रही है और पिछले दो से तीन साल के दौरान 10 से 15 प्रतिशत तक बढ़ चुकी हैं।' बजट कारों (तीन से पांच लाख रुपए के दायरे वाली) की कीमतों में 10 से 12 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई है। मिड-रेंज वाले वाहनों (पांच से 10 लाख रुपए के दायरे में) की कीमतों में 14 से 16 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है। प्रीमियम और एसयूवी के मॉडल में सबसे तेज वृद्धि हुई है। अधिक मांग और सीमित आपूर्ति के कारण इनमें 20 प्रतिशत तक का इजाफा हुआ है। पुरानी कारों की वृद्धि को बढ़ावा देने वाला एक अन्य कारक यह है कि स्वामित्व की औसत अवधि कम हो गई है।

---

**आईएमएफ ने जारी की रिपोर्ट**

# भारत की वित्तीय प्रणाली पहले से अधिक मजबूत और विविधतापूर्ण

महानगर संवाददाता

मुंबई। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत की वित्तीय प्रणाली पहले से अधिक मजबूत और विविधतापूर्ण हो गई है। तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के कारण इसने महामारी का भी सफलतापूर्वक सामना किया है। आईएमएफ और विश्व बैंक द्वारा संयुक्त रूप से किए जाने वाले वित्तीय क्षेत्र मूल्यांकन कार्यक्रम (एफएसएपी) के तहत इस अध्ययन को किया गया। आईएमएफ ने भारत-एफएसएपी रिपोर्ट जारी की है, जबकि विश्व बैंक की रिपोर्ट जल्द आने वाली है।

रिपोर्ट के अनुसार, 2017 के बाद भारत की वित्तीय प्रणाली अधिक मजबूत हुई है। यह 2010 के दशक की वित्तीय समस्याओं से उबर चुकी है और महामारी के प्रभाव को भी झेलने में सक्षम रही। गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों और बाजार वित्तपोषण का विस्तार हुआ है, जिससे पूरी प्रणाली अधिक विविध और जुड़ी हुई बन गई है। हालांकि, सरकारी बैंकों और वित्तीय संस्थानों की भागीदारी अभी भी बड़ी बनी हुई है।

### गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों और शेयर बाजार पर निगरानी मजबूत

आईएमएफ ने कहा कि भारत में गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों के लिए बनाई गई स्केल-आधारित नियामक व्यवस्था प्रभावी है। साथ ही, बड़े गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों के लिए बैंक जैसी एलसीआर लागू करने की सराहना की गई। शेयर बाजार से जुड़े जोखिमों को रोकने के लिए भारत के नियामक ढांचे में सुधार किया गया है। कॉरपोरेट डेट मार्केट डेवलपमेंट फंड की स्थापना को एक महत्वपूर्ण कदम माना गया है।

**बैंकों की स्थिति और पूंजी जरूरतें :** आईएमएफ का कहना है कि भारतीय बैंक और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां सामान्य आर्थिक परिस्थितियों में पर्याप्त पूंजी रखते हैं और कठिन समय में भी सीमित मात्रा में ऋण देने में सक्षम रह सकते हैं। लेकिन कुछ सरकारी बैंकों (पीएसबीएस) को अपनी पूंजी को मजबूत करने की जरूरत हो सकती है। कुछ शहरी सहकारी बैंक (यूबीसीएस) और छोटी गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों कमजोर स्थिति में हो सकते हैं। हालांकि, अल्पकालिक नकदी संकट का खतरा फिलहाल नियंत्रण में है।

---

**जर्मनी-जापान, अमेरिका को भी छोड़ा पीछे**

# दुनिया के टॉप 10 बाजारों में भारत बना टॉप परफॉर्मर

## चार सालों में सबसे बड़ी मासिक बढ़त

महानगर संवाददाता



नई दिल्ली। लगातार पांच महीनों की गिरावट के बाद मार्च में भारतीय शेयर बाजार ने जबरदस्त वापसी की है। डॉलर के लिहाज से भारतीय बाजार का कुल मार्केट कैप 9.4 फीसदी बढ़कर 4.8 लाख करोड़ डॉलर तक पहुंच गया है, जो चार सालों में सबसे बड़ी मासिक बढ़त है। इस तेजी ने भारत को दुनिया के टॉप 10 इक्विटी बाजारों में सबसे बेहतरीन प्रदर्शन करने वाला देश बना दिया है।

मार्च में भारत की 9.4 फीसदी की उछाल के मुकाबले जर्मनी का मार्केट कैप 5.64 फीसदी, जापान 4.9 फीसदी, हांगकांग 4 फीसदी, फ्रांस 2.7 फीसदी, चीन 2.2 फीसदी, यूके 2 फीसदी और कनाडा मात्र 0.44 फीसदी ही बढ़ सका। दूसरी ओर दुनिया के सबसे बड़े इक्विटी बाजार अमेरिका में 3.7 फीसदी और सऊदी अरब में 4.4 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई।

### तेजी के पीछे ये रहे कारण

**ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदें:** हाल ही में आए महंगाई के आंकड़े आरबीआई के 4 फीसदी लक्ष्य से नीचे रहे, जिससे अप्रैल की मौद्रिक नीति बैठक में ब्याज दरों में कटौती की संभावनाएं बढ़ गई हैं।

**अमेरिकी फेडरल रिजर्व का नरम रुख:** 2025 में दो बार दरों में कटौती के संकेत मिले, जिससे निवेशकों की धारणा मजबूत हुई।

**बैंकिंग सिस्टम में नकदी की उपलब्धता:** आरबीआई ने वीआरआर, स्वैप और ओएमओएस के जरिए 3 लाख करोड़ रुपए की नकदी सिस्टम में डाली, जिससे लिक्विडिटी बढ़ी।

**वैल्यू बॉइंग और मजबूत तिमाही नतीजों की उम्मीदें:** निवेशकों ने हालिया गिरावट के बाद अच्छे वैल्यूएशन पर शेयर खरीदे और चौथी तिमाही के नतीजों से बाजार को और मजबूती मिलने की संभावना है।

---

# सोने के दामों में आई गिरावट चांदी की कीमत में उछाल

महानगर संवाददाता

नई दिल्ली। सोने के दाम में सोमवार को गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 324 रुपए गिरकर 87,845 रुपए पर आ गया है। इससे पहले सोना 88,169 रुपए पर था। 20 मार्च को सोने ने 88,761 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था। हालांकि एक किलो चांदी की कीमत 18 रुपए बढ़कर 97,638 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी का भाव 97,620 रुपए प्रति किलो था। चांदी ने पिछले हफ्ते 17 मार्च को 1,00,400 रुपए का ऑलटाइम हाई बनाया था। 10 रुपए की गिरावट के साथ 22 कैरेट का 10 ग्राम सोना 82,290 रुपए पर बिका।

---

# सेंसेक्स 1078, निफ्टी में 307 अंक की तेजी

महानगर संवाददाता



नई दिल्ली। हफ्ते के पहले कारोबारी दिन सोमवार को शेयर बाजार में तेजी रही। सेंसेक्स 1078 अंक (1.40 फीसदी) चढ़कर 77,984 पर बंद हुआ। निफ्टी में 307 अंक (1.32 फीसदी) की तेजी रही, ये 23,658 पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 24 में तेजी रही। टॉप गेनर्स में कोटक महिंद्रा बैंक 4.63 फीसदी, एसबीआई 3.75 फीसदी, टेक महिंद्रा 3.54 फीसदी और पावर ग्रिड 3.27 फीसदी रहे। वहीं निफ्टी पीएसयू बैंक इंडेक्स में 3.18, प्राइवेट बैंक में 2.42, रियल्टी में 1.53, ऑयल एंड गैस में 1.46 और फाइनेंशियल सर्विसेज इंडेक्स में 1.89 फीसदी की तेजी रही। विदेशी निवेशक ट्रेंड को बदलते हुए भारतीय बाजार में खरीदारी कर रहे हैं। 21 मार्च को उन्होंने 7,470.36 करोड़ रुपए की नेट बाइंग की। यह विदेशी निवेशकों की 2025 की सबसे बड़ी नेट बाइंग है। यह बीते हफ्ते से लगातार तीसरा सेशन था, जिसमें विदेशी निवेशकों ने खरीदारी की। बाजार को गिराने वाले जो भी इवेंट थे उसे हम डाइजेस्ट कर चुके हैं। जैसे इजराइल-हमास जंग, ट्रेड वॉर, रूस-यूक्रेन जंग।

---

# कमाई के मामले में गुजरात के भरथना का टोल प्लाजा नंबर वन

महानगर संवाददाता

नई दिल्ली। भारत का सबसे ज्यादा कमाई करने वाला टोल प्लाजा गुजरात के भरथना गांव में स्थित है, जो राष्ट्रीय राजमार्ग 48 पर बना है। यह हाईवे दिल्ली को आर्थिक राजधानी मुंबई से जोड़ता है और देश का सबसे व्यस्त राजमार्ग भी है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, यह टोल प्लाजा हर साल करीब 400 करोड़ रुपए की कमाई करता है।



**देश के दूसरे सबसे बड़े कमाई वाले टोल प्लाजा:** भरथना के बाद राजस्थान के शाहजहांपुर में स्थित एनएच-48 का ही एक और टोल प्लाजा है, जो सालाना 378 करोड़ रुपए की कमाई करता है। भारत में कुल 1,063 टोल प्लाजा हैं, जिनमें से 14 टोल प्लाजा ऐसे हैं जो सालाना 200 करोड़ रुपए से अधिक कमाते हैं। फास्टैग के आने से टोल की चोरी में कमी आई है और कलेक्शन में पारदर्शिता बढ़ी है। सरकार के अनुसार, 2019-20 में टोल से 27,504 करोड़ रुपए की कमाई हुई थी, जो पिछले साल बढ़कर 55,882 करोड़ रुपए तक पहुंच गई। पिछले पांच वर्षों में लोगों ने टोल के रूप में 1.9 लाख करोड़ रुपए से अधिक का भुगतान किया है लेकिन यह राशि राजमार्गों के विकास और रखरखाव के लिए आवश्यक बजट का केवल 20 फीसदी है।

**किस राज्य में हैं सबसे ज्यादा टोल प्लाजा :** सरकारी आंकड़ों के अनुसार, राजस्थान में सबसे ज्यादा 156 टोल प्लाजा हैं, जबकि उत्तर प्रदेश में 97 टोल प्लाजा हैं, जिन्होंने पिछले पांच वर्षों में 22,914 करोड़ रुपए की कमाई की है। राजस्थान के टोल प्लाजा ने इसी अवधि में 20,308 करोड़ रुपए की कमाई दर्ज की है।

---

# एमएसएमई के वर्गीकरण में संशोधन 1 अप्रेल से होगा लागू

## फोर्टी ने की भुगतान सीमा बढ़ाने की मांग

महानगर संवाददाता



### एमएसएमई के दायरे में वृद्धि का स्वागत

सुरेश अग्रवाल ने एमएसएमई के दायरे में वृद्धि का स्वागत किया है। अग्रवाल का कहना है कि इससे केंद्र और राज्य सरकार की एमएसएमई प्रोत्साहन योजनाओं का लाभ ज्यादा उद्योगों तक पहुंचेगा। इससे देश के औद्योगिक विकास में एमएसएमई की भागीदारी बढ़ेगी। यूथ विंग अध्यक्ष सुनील अग्रवाल का कहना है कि एमएसएसई का दायरा बढाना स्वागत योग्य है, लेकिन आयकर की धारा 43 एच बी के तहत एमएसएमई को भुगतान की समय सीमा में भी वृद्धि की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि 15 और 45 दिन की सीमा को नहीं बढ़ाया गया तो अब ज्यादा उद्योग इसके दायरे में आएंगे, खासतौर से टेक्सटाइल और गारमेंट इंडस्ट्री को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा।

जयपुर। सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्योग मंत्रालय की ओर से नोटिफिकेशन जारी कर एमएसएमई के वर्गीकरण मानदंड 2006 में संशोधन किया गया है। इसके तहत अब एमएसएमई के लिए निवेश और टर्नओवर की सीमा में 150 प्रतिशत तक का इजाफा किया गया है।

अब सूक्ष्म उद्योगों की श्रेणी के लिए 1 करोड़ के निवेश की जगह ढाई करोड़ और 5 करोड़ की जगह 10 करोड़ रुपए की सीमा तय की गई है। इसी तरह लघु उद्योगों के लिए निवेश सीमा 10 करोड़ से बढ़ाकर 25 करोड़ रुपए और टर्नओवर 50 करोड़ से बढ़ाकर 100 करोड़ रुपए किया गया है। मध्यम उद्योगों के लिए निवेश सीमा 50 करोड़ से बढ़ाकर 125 करोड़ और टर्नओवर 250 करोड़ से बढ़ाकर 5 सौ करोड़ रुपए कर दिया गया है। नया वर्गीकरण पूरे देश में एक अप्रेल से लागू हो जाएगा।

फोर्टी ने सुरेश अग्रवाल की अध्यक्षता में एमएसएमई के नए वर्गीकरण पर समीक्षा बैठक का आयोजन किया। इसमें यूथ विंग अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, महासचिव गौरव मोदी, सचिव प्रशांत शर्मा, ब्रांच चेयरमैन प्रवीण सुथार, उपाध्यक्ष डॉ. अभिषेक शर्मा, संयुक्त सचिव विनय गोधा, सलाहकार विजय गोयल, सदस्य सीए निर्मल जैन, सीए विष्णु अग्रवाल, प्रवेश गोयल, सीए अमित अग्रवाल ने भाग लिया।

---

# जनवरी महीने में ईएसआईसी से जुड़े 18.19 लाख नए सदस्य

नई दिल्ली (मसं)। कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) ने जनवरी महीने में कुल 18.19 लाख नए कर्मचारियों को ईएसआई योजना के तहत जोड़ा है। जो सालाना आधार पर 2.34 फीसदी की वृद्धि है। वहीं, दिसंबर 2024 में 17.01 लाख नए सदस्य जोड़े गए थे।

श्रम और रोजगार मंत्रालय ने सोमवार को जारी एक बयान में बताया कि जनवरी महीने में जुड़े नए सदस्यों में 8.67 लाख यानी 47.66 फीसदी 25 वर्ष तक की आयु वर्ग के कर्मचारी हैं, जो दिखाता है कि देश में नौकरियों के अवसर बढ़ रहे हैं और अर्थव्यवस्था की स्थिति अच्छी बनी हुई है। पेरोल आंकड़ों का लिंगवार विश्लेषण से पता चलता है कि जनवरी महीने में 3.65 लाख महिला सदस्यों का पंजीकरण हुआ है, जबकि इस दौरान 85 ट्रांसजेंडर सदस्यों ने ईएसआई योजना के तहत पंजीकरण कराया है। यह समाज के हर वर्ग को अपने लाभ पहुंचाने के लिए ईएसआईसी की प्रतिबद्धता को प्रमाणित करता है।

---

# चार वर्षों में दाखिल किए गए 90 लाख से अधिक आयकर रिटर्न

महानगर संवाददाता




नई दिल्ली। आयकर रिटर्न (आईटीआर) दाखिल करने वालों ने पिछले चार वर्षों में 90 लाख से अधिक अपडेटेड आईटीआर-यू दाखिल किए गए। इससे सरकार को 9,118 करोड़ रुपए की अतिरिक्तआमदनी हुई है। चालू वित्त वर्ष 2024-25 में 28 फरवरी तक 4.64 लाख अपडेटेड आईटीआर दाखिल किए गए और 431.20 करोड़ रुपए के टैक्स का भुगतान किया गया।

केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने सोमवार को लोकसभा में एक सवाल के लिखित जवाब में बताया कि स्वैच्छिक अनुपालन को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार ने 2022 में करदाताओं के लिए संबंधित मूल्यांकन वर्ष से दो साल तक अपडेटेड आयकर रिटर्न दाखिल करने का विकल्प पेश किया था, जिसके तहत अतिरिक्त आयकर का भुगतान करना होता है। पंकज चौधरी ने सदन को बताया कि पिछले चार वर्षों में 90 लाख से अधिक अपडेटेड आयकर रिटर्न दाखिल किए गए हैं, जिससे सरकार के खजाने में 9,118 करोड़ रुपए प्राप्त हुए हैं। केंद्रीय मंत्री के मुताबिक वित्त वर्ष 2023-24 में 29.79 लाख से अधिक अपडेटेड आईटीआर दाखिल किए गए और 2,947 करोड़ रुपए के अतिरिक्तकर का भुगतान हुआ। इसी तरह वित्त वर्ष 2022-23 और वित्त वर्ष 2021-22 में क्रमशः 40.07 लाख और 17.24 लाख अपडेटेड आईटीआर दाखिल किए गए, जिनसे अतिरिक्त 3,940 करोड़ रुपए और 1,799.76 करोड़ रुपए के टैक्स प्राप्त हुए। उन्होंने सदन को बताया कि वित्त विधेयक, 2025 के माध्यम से सरकार ने अपडेटेड रिटर्न दाखिल करने की समय-सीमा को संबंधित मूल्यांकन वर्ष से 4 साल तक बढ़ाने का प्रस्ताव रखा है।

---

**एचएसबीसी के फ्लैश पीएमआई सर्वे रिपोर्ट : मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में दिखी तेजी**

# मार्च में धीमी पड़ी सर्विस सेक्टर की रफ्तार, मैन्युफैक्चरिंग में मजबूती

महानगर संवाददाता

नई दिल्ली। मार्च में भारत के प्राइवेट सेक्टर की ग्रोथ फरवरी के मुकाबले थोड़ी धीमी रही। एचएसबीसी के फ्लैश पीएमआई सर्वे के मुताबिक, मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में तेजी दर्ज की गई, जबकि सर्विस सेक्टर की रफ्तार कुछ कम हुई। सर्वे में कहा गया है, मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर मार्च में बेहतर प्रदर्शन करने वाला सेक्टर रहा। यहां बिक्री और उत्पादन में अच्छी बढ़त हुई, जो सर्विस सेक्टर से ज्यादा रही।

एचएसबीसी का फ्लैश पीएमआई इंडेक्स मार्च में घटकर 58.6 पर आ गया, जो फरवरी में 58.8 था। यह इंडेक्स हर




महीने मैन्युफैक्चरिंग और सर्विस सेक्टर की संयुक्त ग्रोथ को मापता है। लगातार 44वें महीने यह इंडेक्स 50 के ऊपर बना हुआ है, जो इकोनॉमी में मजबूती को दिखाता है। सर्वे के मुताबिक, भारत की प्राइवेट सेक्टर इकोनॉमी ने वित्त वर्ष 2024-25 का अंत मजबूत स्थिति में किया है। नए ऑर्डर और आउटपुट में अच्छी बढ़त बनी रही है। हालांकि, फरवरी के मुकाबले ग्रोथ थोड़ी धीमी जरूर रही, लेकिन यह अब भी लंबे समय के औसत से ज्यादा है। मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में नए ऑर्डर, उत्पादन, रोजगार, डिलीवरी टाइम और इन्वेंट्री जैसे पहलुओं में सुधार देखा गया, जो पूरे साल के औसत के आसपास रहा। एचएसबीसी के फ्लैश पीएमआई आंकड़ों के मुताबिक, मार्च में उत्पादन में अच्छी बढ़ोतरी दर्ज की गई, जो जुलाई 2024 के बाद सबसे ऊंचा स्तर है। एचएसबीसी की चीफ इंडिया इकोनॉमिस्ट प्रांजुल भंडारी ने बताया कि मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में तेजी से ग्रोथ देखने को मिली है। हालांकि, कंपनियों को मार्जिन के दबाव का सामना करना पड़ा। इनपुट कॉस्ट में बढ़ोतरी देखी गई, जबकि फैक्ट्री गेट प्राइस यानी बिकवाली की कीमतें बीते एक साल में सबसे कम दर से बढ़ीं। इसके अलावा, टैरिफ की घोषणाओं के बीच नए एक्सपोर्ट ऑर्डर की ग्रोथ में भी कुछ नरमी आई।

### डिमांड मजबूत, कंपनियों के लिए पॉजिटिव संकेत

सर्वे में कहा गया कि उत्पादन में बढ़ोतरी का मुख्य कारण मांग में मजबूती है। नए ऑर्डर लगातार बढ़ रहे हैं और पिछले साढ़े तीन साल से ज्यादा समय से यह ट्रेंड जारी है। सर्वे के मुताबिक, सामान बनाने वाली कंपनियों ने फरवरी के मुकाबले तेज ग्रोथ दर्ज की, जो सर्विस सेक्टर से ज्यादा रही। सर्विस सेक्टर में नवंबर 2023 के बाद दूसरा सबसे धीमा विस्तार देखा गया, क्योंकि कंपनियों को प्रतिस्पर्धा के दबाव का सामना करना पड़ा। भारत में निजी क्षेत्र की कंपनियों ने ऑपरेटिंग खर्च में और बढ़ोतरी दर्ज की है। एक सर्वे के मुताबिक तांबा, इलेक्ट्रॉनिक सामान, फल-सब्जियां, चमड़ा, मेडिकल उपकरण, रबर और वाहन के पुर्जों पर खर्च बढ़ने से लागत पर दबाव बना है। सर्वे में कहा गया है कि सेवा क्षेत्र में यह लागत दबाव ज्यादा रहा, जबकि यहां ग्रोथ में थोड़ी सुस्ती देखी गई। दूसरी तरफ, माल बनाने वाली कंपनियों में लागत दबाव के बावजूद तेजी आई है। हालांकि, कुल मिलाकर महंगाई की दर अब भी अपने लंबे समय के औसत से नीचे बनी हुई है। कुछ कंपनियों ने बढ़ी हुई लागत का बोझ ग्राहकों पर डालने की कोशिश की और अपने उत्पादों के दाम बढ़ाए। लेकिन बाजार में प्रतिस्पर्धा के चलते वे ज्यादा दाम नहीं बढ़ा सकीं।

---

# मीशो लाएगी 8,300 करोड़ का आईपीओ

महानगर संवाददाता

मुंबई। डोमेस्टिक ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म मीशो इस साल के आखिर तक इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग यानी आईपीओ ला सकता है। कंपनी इसके जरिए एक बिलियन डॉलर (करीब 8300 करोड़ रुपए) जुटाना चाहती है। मीशो यह फंडिंग 10 बिलियन डॉलर (करीब 85,500 रुपए) के वैल्यूएशन पर उठाएगी।

कंपनी कुछ हफ्तों में इसके लिए ड्राफ्ट डॉक्यूमेंट्स भी फाइल करने वाली है। इस बात की जानकारी मनीकंट्रोल ने दी है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, मीशो ने इसके लिए मॉर्गन स्टेनली, कोटक महिंद्रा कैपिटल और सिटी को अपना आईपीओ एडवाइजर बनाया है। इस साल सितंबर-अक्टूबर के बीच स्टॉक एक्सचेंजों में लिस्टिंग होने की उम्मीद है।

### 4,705 करोड़ फंडिंग ले चुकी है मीशो

कंपनी टोटल 50 मिलियन डॉलर (करीब 4705 करोड़ रुपए) का फंडिंग उठा चुकी है। इसी साल की शुरुआत में मीशो ने टाइगर ग्लोबल, थिंक इन्वेस्टमेंट्स और मार्स ग्रोथ कैपिटल जैसे निवेशकों से लगभग 250-270 मिलियन (करीब 2300 करोड़ रुपए) का फंड जुटाया था। तब कंपनी की वैल्यूएशन 3.9-4 बिलियन डॉलर (करीब 34,242 करोड़ रुपए) रहा।

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।



# रात के समय अंधेरे में डूबा रहता है सहकार मार्ग से टोंक रोड अंडरपास का लिंक रोड




जयपुर। सहकार मार्ग से टोंक रोड को जोड़ने के लिए बनाए गए लिंक रोड पर कई दिनों से रोडलाइटें बंद पड़ी हैं। इस कारण रात के समय यह मार्ग अंधेरे में डूबा रहता है। यहां बने अंडरपास का दूसरी तरफ टोंक रोड वाला हिस्सा रोशनी से जगमगाता रहता है, लेकिन लालकोठी की तरफ वाले हिस्से में अंधेरा पसरा रहता है। इस कारण यहां हादसे का अंदेशा बना रहता है। (फोटो : सुधीर कुमार शर्मा)

# आईआईएस जयपुर में हुआ 'एआईयू सेंचुरी लेक्चर'

## 'भारत और विश्व में उच्च शिक्षा का विकास और भविष्य' पर हुई चर्चा

महानगर संवाददाता



जयपुर। आईआईएस (डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी), जयपुर के इंटरनल क्वालिटी एश्योरेंस सेल की ओर से शनिवार को 'एआईयू सेंचुरी लेक्चर' का आयोजन किया गया। इस व्याख्यान का विषय 'भारत और विश्व में उच्च शिक्षा का विकास और भविष्य' था। जिसमें प्रमुख वक्ता कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. के.सी. शर्मा उपस्थित रहे।

इस अवसर पर प्रो. शर्मा ने भारत में शिक्षा के ऐतिहासिक विकास, वर्तमान परिदृश्य और भविष्य की संभावनाओं पर गहन चर्चा की। उन्होंने प्राचीन भारतीय शिक्षा प्रणाली, गुरुकुल परंपरा, आधुनिक शिक्षा प्रणाली के उतार-चढ़ाव और नई शिक्षा नीति के प्रभावों पर प्रकाश डाला। साथ ही, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कैसे पारंपरिक और आधुनिक ज्ञान को एकीकृत कर शिक्षा को और अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है। प्रो. शर्मा ने कहा कि शिक्षा किसी भी राष्ट्र निर्माण की आधारशिला होती है और इसे सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टी.एन. माथुर, शिक्षाविद्, शोधार्थी और संकाय सदस्यों ने भाग लिया।

# आईआईआईएम के छात्रों ने आरटीयू की परीक्षा में हासिल की मेरिट

महानगर संवाददाता



जयपुर। इंटरनेशनल स्कूल ऑफ इन्फॉर्मेटिक्स एंड मैनेजमेंट (आईआईआईएम) के छात्रों ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए राजस्थान टेक्निकल यूनिवर्सिटी (आरटीयू) की परीक्षा में शानदार सफलता हासिल की है। संस्थान के एमबीए और एमसीए पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों ने राज्य स्तरीय परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया है।

एमसीए (2022-24 बैच) की छात्रा स्नेहा मीणा ने राज्य में चौथा स्थान प्राप्त कर संस्थान का गौरव बढ़ाया है। वहीं, उन्हीं बैच के छात्र राजवीर सिंह ने आठवीं रैंक हासिल कर उल्लेखनीय सफलता अर्जित की। वहीं एमबीए (2022-24 बैच) की प्रग्या परनामी ने राज्य में नौवीं रैंक हासिल की है। इसी बैच की एक अन्य मेधावी छात्रा प्राची जैन ने दसवां स्थान हासिल कर अपने जज्बे को साबित किया।

इस अवसर पर संस्थान की प्राचार्या ने कहा कि यह उपलब्धि छात्रों के अटूट संकल्प और शिक्षकों के अटल प्रयासों का फल है। उन्होंने कहा कि आईआईआईएम को लंबे समय से राजस्थान टेक्निकल यूनिवर्सिटी के परीक्षा परिणामों में मेरिट होल्डर्स देने का गौरव है। इस बार की सफलताएं फिर से साबित करती हैं कि संस्थान का उद्देश्य, अकादमिक उत्कृष्टता की परम्परा को केवल बनाए रखना ही नहीं, बल्कि उसे नई ऊंचाइयों पर ले जाना है।

### विराट सिंधु मेले में साकार हुई सिंधु संस्कृति

# चेटीचंड पर राष्ट्रीय अवकाश हो घोषित : संत मोनूराम महाराज

## विधानसभा स्पीकर, महापौर, प्रदेश अध्यक्ष सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति हुए मेले में शामिल

महानगर संवाददाता



जयपुर। चेटीचंड के उपलक्ष्य में चेटीचंड सिंधी मेला समिति महानगर जयपुर के तत्वावधान में रविवार को सिंधी समाज समाज का विराट सिंधु मेला हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

मेले का शुभारंभ अमरापुर स्थान जयपुर के संत मोनूराम महाराज ने दीप प्रज्वलित कर किया। मेले में विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी भी शामिल हुए। इस मौके पर देवनानी ने भगवान झूलेलाल की झांकी की पूजा-अर्चना कर प्रदेश में खुशहाली की कामना की। मोनूराम महाराज ने विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी से संतों की 'हिंदी पाठ्य पुस्तकों में सिंधी संत महापुरुषों का जीवन परिचय एवं उनकी वाणी शामिल करने की मांग की। साथ ही चेटीचंड महोत्सव पर राष्ट्रीय अवकाश घोषित करने का आग्रह किया गया। कार्यक्रम में महापौर कुसुम यादव, प्रदेश अध्यक्ष अमित गोयल, पूर्व मंत्री अशोक परनामी सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने शिरकत की। चेटीचंड मेला समिति के अध्यक्ष दिलीप हरदासनी, मेला संयोजक मनोज ठाकवानी ने संतों को पखर पहनाकर आशीर्वाद लिया।

# भूदान यज्ञ बोर्ड को भंग करने के आदेश पर रोक

महानगर संवाददाता

जयपुर। राजस्थान हाईकोर्ट ने राज्य सरकार के 18 जून, 2024 के उस आदेश पर रोक लगा दी है, जिसके तहत राजस्थान भूदान यज्ञ बोर्ड को भंग किया गया था।

जस्टिस सुदेश बंसल की एकलपीठ ने यह आदेश बोर्ड अध्यक्ष लक्ष्मण कड़वासरा और सदस्य भंवरलाल व अन्य की ओर से दायर याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए दिए। याचिकाओं में अधिवक्ता सुनील समदड़िया ने अदालत को बताया कि राज्य सरकार ने 11 फरवरी, 2022 को याचिकाकर्ता को भू-दान यज्ञ बोर्ड का चेयरमैन नियुक्त किया था। वहीं 28 सितंबर, 2022 को बोर्ड के दस सदस्यों को नियुक्ति दी गई। याचिका में कहा गया कि उन्हें चार साल के लिए बोर्ड में नियुक्ति दी गई थी। ऐसे में भू-दान यज्ञ बोर्ड अधिनियम, 1954 की धारा 4 में बताई निर्योग्यताओं को छोड़कर उनके कार्यकाल को बीच में समाप्त नहीं किया जा सकता। इसके बावजूद भी राज्य सरकार ने बिना किसी आधार 18 जून, 2024 को बोर्ड को भंग कर दिया। वहीं इस आदेश से प्रभावित होने के बावजूद याचिकाकर्ताओं को सुनवाई का मौका भी नहीं दिया गया। इसके अलावा अधिनियम में निर्धारित प्रक्रिया का पालन भी नहीं किया गया। ऐसे में इस आदेश को अवैध घोषित करते हुए रद्द किया जाए। वहीं दूसरी ओर राज्य सरकार की ओर से मामले में जवाब पेश करने के लिए समय मांगा गया। जिस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने बोर्ड भंग करने के आदेश पर रोक लगा दी है।

# 'लेट्स ग्रो टुगेदर' का महिला उद्यमी सम्मान समारोह

महानगर संवाददाता



जयपुर। वैशाली नगर स्थित ग्लॉसमी स्टूडियो में सोमवार को 'लेट्स ग्रो टुगेदर-महिला उद्यमी सम्मान समारोह 2025' का आयोजन किया गया।

इसका आयोजन महिला सशक्तिकरण और उद्यमिता को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से किया गया। संयोजक डॉ. मेघा शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण माइक्रोब्लेडिंग विशेषज्ञ, पारुल बंसल और मिसेस राजस्थान 2019 आकृति शर्मा का सिंगिंग, फोक और क्लासिकल डांसिंग पर विशेष सत्र रहा। कार्यक्रम में जयपुर के विभिन्न उद्योगों की 11 महिला उद्यमियों, इनोवेटर्स और बिजनेस लीडर्स को सम्मानित किया गया, जिनमें शुदीपा ओली, पारुल बंसल, आस्था माथुर, सिद्धि गुप्ता, अबीर माथुर, कीर्ति जैन, आयुषी शेखावत, ममता मोट, प्रीती गोयल, सारिका कुमत और नूतन चौहान शामिल रहीं। इस अवसर पर जयपुर में पहली बार होने वाला इन्फ्लुएंसर्स अवॉर्ड और लेट्स ग्रो टुगेदर टॉक शो विद एंट्रेप्रेनुइर्स के पोस्टर का विमोचन भी किया गया। इसके अलावा लेट्स ग्रो टुगेदर की कार्यकारिणी में ललिता कुच्छल को संरक्षक, दीप्ति चौधरी सैनी को ब्रांड एंबेसडर, एंकर प्रीति सक्सेना को ब्रांड फेस, आरजे देवांगना को ब्रांड आइकन और रानू नैथनी श्रीवास्तव को सर्वश्रेष्ठ सलाहकार नियुक्त किया गया।

# छात्रावास अधीक्षक भर्ती में हाईकोर्ट ने मांगा जवाब

जयपुर (मसं)। राजस्थान हाईकोर्ट ने छात्रावास अधीक्षक ग्रेड द्वितीय भर्ती-2022 सामान्य वर्ग की सीटों पर आरक्षित वर्ग के एक दर्जन अभ्यर्थियों को शामिल करने के मामले में स्टाफ सलेक्शन बोर्ड और प्रमुख सामाजिक एवं अधिकारिता सचिव से जवाब तलब किया है। इसके साथ ही अदालत ने मामले में याचिकाकर्ताओं के हित सुरक्षित रखते हुए भर्ती को याचिका के निर्णय के अधीन रखा है। जस्टिस समीर जैन ने यह आदेश राजेश कुमार कुलहरि व अन्य की ओर से दायर याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए। याचिका में अधिवक्ता हरेन्द्र नील ने अदालत को बताया कि स्टाफ सलेक्शन बोर्ड ने छात्रावास अधीक्षक ग्रेड-2 के 335 पदों पर साल 2024 में भर्ती निकाली। इसके लिए समान पात्रता परीक्षा, 2022 की मेरिट लिस्ट से पदों के मुकाबले 15 गुणा अभ्यर्थी बुलाए गए। याचिका में कहा गया कि भर्ती विज्ञापन में शर्त थी कि आरक्षण का लाभ लेने वाले अभ्यर्थी को विज्ञापित पद की उसी श्रेणी में माना जाएगा। याचिका में कहा गया कि भर्ती में सामान्य वर्ग की कट ऑफ 86.86 आई और ओबीसी वर्ग के याचिकाकर्ता के भी इस कट ऑफ के बराबर अंक आए। भर्ती में आरक्षित वर्ग के 12 उन अभ्यर्थियों का सामान्य पदों के विरुद्ध चयन कर लिया, जिन्होंने समान पात्रता परीक्षा में आरक्षण का लाभ लिया था। ऐसे में उन्हें ओबीसी वर्ग की सूची में ही शामिल किया जाना चाहिए था।


**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि यह कि एक फ्लैट नं. A 519 on Fifth Floor, in Sankalp Tatvam situated at Khasra No. /Plot No. 329, 333, 335, 336, 337, 338, 353, 355, 356, 357, 358, 362, Village, Thikriya, Tehsil Sanganer, Ajmer Road, Jaipur-302026 (Rajasthan) में स्थित है, जिस पर मेरी पत्नी (स्वर्गीय मोनिका पीटर) ने एचडीएफसी लिमिटेड से ऋण लिया हुआ था तथा उक्त फ्लैट के समस्त दस्तावेज एचडीएफसी लिमिटेड में रहन (MORTGAGE) कर रखे हैं।
यह कि मेरी पत्नी स्वर्गीय मोनिका पीटर का दिनांक 13.01.2025 को स्वर्गवास हो चुका है तथा उक्त फ्लैट के पेटे लिये हुये ऋण की पूर्ण अदायगी एचडीएफसी लिमिटेड को की जा चुकी है, इसलिए अब मैं उक्त फ्लैट के असल दस्तावेजों को प्राप्त करना चाहता हूँ यदि इस सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म इत्यादि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति है तो मय दस्तावेज प्रकाशन तिथी से सात दिवस तक की अवधि में एचडीएफसी लिमिटेड, 1st Floor, Hanuman Nagar, Vaishali Nagar, Jaipur, Rajasthan -302021 (फोन नम्बर 1800 210 0018) में सम्पर्क करें। सूचित करें।
एडविन राजेन्द्र कुमार
57-A 21, साउथ, शिव पथ निवारू रोड, झोटवाडा, जयपुर, (राज) 302012
मो. 8963834288
दिनांक: 24.03.2025

**जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर।**
पृथ्वीराज नगर (उत्तर), कार्यालय, चित्रकूट स्टेडियम, वैशाली नगर।
क्रमांक:-जविप्रा/उपा./पीआरएन-उत्तर (द्वितीय)/2025/डी-172 दिनांक-20-03-25
-: सार्वजनिक सूचना :-
सिन्धु नगर को-आपरेटिव हाउसिंग सोसायटी लि. जयपुर की योजना-मोती विहार, के भूखण्ड संख्या 231 एंव 232 (क्षेत्रफल 219.04 वर्गगज) की लीजडीड हेतु श्री दिनेश सोनी पुत्र श्री सूरजनारायण सोनी ने आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि उक्त भूखण्ड के स्वामित्व के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो 07 दिवस की अवधि में कार्यालय को आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा आवेदक के पक्ष में उक्त भूखण्ड की लीजडीड जारी कर दि जावेगी।
उपायुक्त पीआरएन-उत्तर-II, जविप्रा, जयपुर।

**कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति (''बी श्रेणी'')**
**बस्सी, जिला जयपुर (राज.)**
फोन नं: 01429-226283 ई-मेल: kums.bassi@rajasthan.gov.in
क्रमांक:- 2028-42 दिनांक :- 18/03/2025
**भूखण्ड आवंटन बैठक सूचना**
कार्यालय की विज्ञप्ति क्रमांक 632-646 दिनांक 09.11.2022 के अन्तर्गत गौण मण्डी प्रांगण (फल-सब्जी) तूंगा में भूखण्ड आवंटन हेतु आवंटन समिति की बैठक दिनांक 28.03.2025 को समय प्रातः 11:00 बजे (वार-शुक्रवार) को अचल सम्पति आवंटन नीति 2005 एवं संशोधित प्रावधानानुसार प्रथम चरण में महिला कृषक वर्ग एवं फुटकर वर्ग के भूखण्डों का निर्धारित लॉटरी प्रक्रिया द्वारा आवंटन किया जाने हेतु आवंटन समिति की बैठक आयोजित की जाती है। अतः समस्त आवंटन समिति के सदस्यों से अनुरोध है कि नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित होने का श्रम करें। तथा समस्त इच्छुक आवेदकों की उपस्थिति अनिवार्य है।
(सुभाष चन्द महावर)
सचिव
कृषि उपज मण्डी समिति
बस्सी (जयपुर)

**उत्तर मध्य रेलवे**
निविदा सूचना संख्या : ए.जी.सी.-ई.एल.जी.-टी-30-2024-25 दिनांक : 21.03.2025
ई-निविदा सूचना
वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सामान्य), आगरा द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु केवल ऑन लाईन (E-Tendering) द्वारा खुली निविदा आमन्त्रित की जाती है।
टेन्डर संख्या : AGC-ELG-T-30-2024-25 | कार्य की अनुमानित लागत : Rs. 3985552.85
कार्य का नाम लोकेशन सहित एवं कार्य पूर्ण करने की अवधि : मथुरा (225 केएल) और कोसी कलां (225 केएल) और होडल (180 केएल) स्टेशनों पर ओएचटी के प्रतिस्थापन के लिए पाइपलाइन व्यवस्था के साथ विद्युतीकरण कार्य।
कार्य पूर्ण करने की अवधि : 08 माह
पूर्ण जानकारी एवं टेन्डर में भाग लेने हेतु Indian Railways Website www.ireps.gov.in देखें। टेंडर्स केवल बेव पोर्टल Indian Railways Website www.ireps.gov.in पर 15:00 बजे तक दिनांक 15.04.2025 तक टेन्डर डाल सकते है। 525/25 (C)
@CPRONCR North central railways cproncrly CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

**जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर**
क्रमांक: जविप्रा/उपा/जोन-12/2025/डी-7350 दिनांक: 11.02.2025
आम सूचना
आवेदक द्वारा लीजहोल्ड से फ्री होल्ड हेतु आवेदन किया गया है, जिनका विवरण निम्नानुसार है:-

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | मूल आवंटी की नाम | भूखंड संख्या | क्षेत्र-फल | गृ.नि.स.स./निजी खातेदारी जविप्रा/योजना | योजना का नाम | सेवा जिसके लिए आवेदन किया गया | कार्यवाही हेतु प्रस्तुत दस्तावेज |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्रीमती सुशीला शर्मा पत्नी श्री नंद किशोर | श्रीराम शर्मा पुत्र श्री नंद किशोर | 95 | 100.00 वर्ग गज | श्री गणपति गृ.नि.स.स. लि. | बालाजी विहार-II | नाम हस्तांतरण लीजडीड से फ्री होल्ड | मूल आंवटी कि मृत्यु होने के कारण |

आवेदक द्वारा प्रस्तुत उपरोक्तानुसार दस्तावेजों के आधार पर किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो 07 दिवस में जोन-12 कार्यालय में दर्ज करवायें, अन्यथा नियमानुसार उक्त भूखण्ड की लीज होल्ड से फ्री होल्ड की कार्यवाही आवेदक के पक्ष में कर दी जावेगी।
उपायुक्त जोन-12, जविप्रा जयपुर।

**जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर**
क्रमांक: जविप्रा/उपा./ जोन-07/2025 /डी -529 दिनांक: 20.03.25
सार्वजनिक सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती किरण देवी पत्नी श्री महीपाल ने नेहरू गृ.नि.रा.रा.लि. द्वारा जारी आवंटन पत्र, रसीद एवं साईट प्लान के आधार पर समिति की योजना रेलवे ऑफिसर्स कॉलोनी के भूखण्ड संख्या 145 का पट्टा जारी करने हेतु आवेदन किया गया है। जविप्रा द्वारा जारी सदस्यता सूची में किसी व्यक्ति का नाम अंकित नहीं है। सोसायटी द्वारा जारी आवेदन पत्र दिनांक 19.12.1995 को आवेदिका के नाम जारी किया गया था। अतः उक्त दस्तावेजों के आधार पर नेहरू गृ.नि.स.स. लि की योजना रेलवे ऑफिसर्स कॉलोनी के भूखण्ड संख्या 145 का पट्टा, जारी किये जाने के संबंध में किसी भी व्यक्ति/फर्म/ कम्पनी एवं अन्य किसी को कोई आपत्ति हो तो सार्वजनिक सूचना जारी दिनांक से 07 दिवस की अवधि में अपने हक स्वामित्व से संबंधित दस्तावेज सहित आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। यह सूचना आज दिनांक 20.03.2025 को जारी की गई है।
उपायुक्त (जोन-07) जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

**सार्वजनिक सूचना** **कार्यालय नगर निगम, ग्रेटर, जयपुर**
क्र.- एफ-6( ) उपा.राज.-द्वि.( सा.प्र. )/ननिज/2025/1151दिनांक-24.03.2025
मूल भूखण्ड संख्या सी-47, अम्बाबाडी, जयपुर का नगर विकास न्यास, जयपुर द्वारा श्रीमती सरोजनी देवी जरिये मुख्त्यारनामा आम डॉ. सोमदेव ग्रोवर के नाम से क्षेत्रफल 600 वर्गगज भूमि का पट्टा जारी किया गया था। श्रीमती सरोजनी देवी मल्होत्रा पत्नी श्री ए.के. मल्हौत्रा जरिए मुख्यत्यारनामा आम डॉ. सोमदेव ग्रोवर पुत्र श्री रामशरण ने उक्त भूखण्ड दिनांक 22.04.1971 को जरिए रजि0 विक्रय पत्र द्वारा श्री सम्पत राम माथुर पुत्र श्री मोतीलाल माथुर के पक्ष में क्षेत्रफल 600.00 व.ग. का बेचान किया गया। श्री सम्पत राम माथुर पुत्र श्री मोतीलाल माथुर ने उक्तभूखण्ड का जरिए रजि0 विक्रय पत्र द्वारा दी जय बैंक कर्मचारी हाउसिंग कॉ-ऑपरेटिव सोसायटी लिमिटेड एस.एम.एस. हाईवे जरिए मंत्री श्री महेश मिश्रा के पक्ष में बेचान किया गया। दी जय बैंक कर्मचारी हाउसिंग कॉ-ऑपरेटिव सोसायटी लिमिटेड एस.एम.एस. हाईवे जरिए मंत्री श्री महेश मिश्रा उक्त भूखण्ड संख्या सी-47- बी क्षेत्रफल 300. 00 इस निर्मित तामीरात श्री जयराम सिंह पुत्र भूरामल को हस्तान्तरित कर दिया गया। श्री जयराम सिंह पुत्र भूरामल का दिनांक 19.08.2014 को स्वर्गवास हो गया। श्री जयराम सिंह की मृत्यु उपरान्त उनकी पत्नी श्रीमती रामकिशोरी देवी व पुत्री श्रीमती उमा देवी ने भूखण्ड संख्या सी-47 - बी ने अपने हिस्से का रजि0 हकत्याग पत्र द्वारा श्री राजेन्द्र सिंह एवं श्री देवेन्द्रपाल सिंह के पक्ष में कर दिया गया। श्री राजेन्द्र सिंह एवं श्री देवेन्द्र पाल सिंह ने जरिए रजि0 विक्रय पत्र द्वारा दिनांक 03.09.2024 को श्री संजय काबरा एवं श्री राजेश काबरा के पक्ष में बेचान किया गया। आवेदक द्वारा प्रस्तुत रजिस्टर्ड हस्तान्तरण पत्र, मूल मृत्यु प्रमाण पत्र, रजिस्टर्ड हक त्याग पत्र, रजिस्टर्ड विक्रय पत्र, अण्डरटेकिंग एवं अन्य दस्तावेजों के आधार पर उक्त भूखण्ड का नगर निगम ग्रेटर, जयपुर द्वारा श्री संजय काबरा एवं श्री राजेश काबरा के पक्ष में क्षेत्रफल 300 वर्गगज का उपविभाजन जारी किया जाना है। इस उपविभाजन जारी किये जाने बाबत् किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म, कम्पनी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय ( उपायुक्त, राजस्व-द्वितीय )में प्रस्तुत करें, अन्यथा निर्धारित अवधि की समाप्ति के बाद, नियमानुसार उपविभाजन जारी किये जाने की कार्यवाही सम्पादित कर ली जावेगी।
उपायुक्त (राजस्व- द्वितीय), नगर निगम ग्रेटर, जयपुर

[illegible] (ऑर्डर 5 कायदा 1 व 5)
नम्बर मुकदमा 189 सन 2022 ई० मुकाम बअदालत श्रीमान MACT महोदय जिला कन्नौज
कौशिला देवी बनाम रामकरन मीना आदि मुद्दाअलेह
बनाम रामकरन मीना पुत्र भगवान सहाय निवासी थाना गाजी [illegible] पता- 74 [illegible] जयपुर हरगाह [illegible]

**जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर**
[illegible]
से मास्टर प्लान/जोनल प्लान में दर्शित मिश्रित भू-उपयोग प्रयोजनार्थ किया जाना प्रस्तावित है। उक्त भूखण्ड के साईट प्लान अनुसार पूर्व दिशा की ओर-भूखण्ड संख्या 194, पश्चिम दिशा की ओर-भूखण्ड संख्या 196, उत्तर दिशा की ओर-80 फीट सड़क, दक्षिणी दिशा की ओर-भूखण्ड संख्या 176 दर्शित है। किसी व्यक्ति अथवा संस्था को उपरोक्त भू उपयोग परिवर्तन के संबंध में कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति इस आम सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की अवधि में प्राधिकरण के कमरा नम्बर पीबी-एसएफ-218डी में दर्ज करायें। उक्त कालावधि में आपत्ति/सुझाव प्राप्त नहीं होने पर नियमानुसार कार्यवाही अमल में लायी जाएगी। सूचित रहें। यह विज्ञप्ति आज दि0 24.3.2025 को जारी की गई।
उपायुक्त जोन-7, जविप्रा, जयपुर

**आम सूचना**
मैं, मोहिना माथुर काला पुत्री स्वर्गीय श्री अरूण माथुर, निवासी-बी-403, हैंगिंग गार्डन, भांकरोटा, जयपुर। हमारा वाहन फोर्ड आइकॉन आर.जे.-14-सी.जे.-0609 जो मेरे पिताजी के नाम है और मैं उसको अपने नाम करवाना चाहती हूं। मैं मेरे पिता की इकलौती संतान हूं। किसी को कोई आपति या खेद हो तो 7 दिन के अन्दर सम्पर्क करें।
जयपुर दिनांक 24.03.2025
रामकिशोर शर्मा (एडवोकेट) मो. 7877797597

**खोया-पाया**
आज दिनांक 19-03-2025 को जगदीश महाराज गोनेर मंदिर के सामने खड़े फोर व्हीलर वाहन में मेरा बैग रखा हुआ था, जिसमें रसीद सुवर्ण वाटिका फतेहपुरा तहसील सांगानेर जिला जयपुर में स्थित एक प्लाट नं. 182 कुल एरिया 100.00 वर्गगज संपूर्ण जो मेरी पत्नी संगीता के नाम से है तथा जिसका सूरजपोल गेट गृह विकास सहकारी समिति लि. जयपुर रजि. नं. 2235/एल सोसायटी का आवंटन पत्र दिनांक 29-12-1997, रसीद सं. 111283 दिनांक 29-12-1997, नक्शा सोसायटी द्वारा मेरी पत्नी के नाम से जारी किया हुआ है। उक्त वर्णित आवंटन पत्र, रसीद मय नक्शा जो उक्त वर्णित बैग में रखे हुए थे जो उक्त स्थान पर कहीं गिर/गुम गये। जिनको मिले सूचित करे।
जयकेन्द कुरारा मो. नं. 8058237067
जयपुर
भवदीय

**उत्तर पश्चिम रेलवे**
खुली ई-निविदा सूचना
भारत संघ के राष्ट्रपति एवं उनकी ओर से उप. मुख्य बिजली इन्जीनियर (निर्माण) उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर के अधीन निम्नलिखित कार्यों के लिये दी गई तिथि को 15.00 बजे तक ई- निविदा आमंत्रित की जाती है: Tender No. ELCJP / PUHT-MEC /NL/T/13/24 (1) कार्य का नाम : पुष्कर - मेड़ता नई बीजी लाइन परियोजना के संबंध में पुष्कर- कात्यासनी खंड के बीच प्लेटफार्म, कवर शेड, आवासीय क्वार्टर, स्विचिंग पोस्ट और अन्य सेवा भवनों का विद्युत कार्य। (2) कार्य की अनुमानित लागत: ₹31366702.00/- (3) बयाना राशि जो जमा करनी है: ₹306900.00/- (4) कार्य पूर्ण होने की तिथि : 15 महिने (5) निविदा प्रपत्र जमा कराने व खुलने की तारीख व समय : 16.04.2025 को 15.00 बजे तक, 16.04.2025 को 15.30 बजे (6) उपरोक्त ई निविदा की विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाइट का पता: www.ireps.gov.in 348-DK/25
हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

**उत्तर पश्चिम रेलवे**
खुली ई-निविदा सूचना
भारत संघ के राष्ट्रपति एवं उनकी ओर से उप. मुख्य बिजली इन्जीनियर (निर्माण) उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर के अधीन निम्नलिखित कार्यों के लिये दी गई तिथि को 15.00 बजे तक ई- निविदा आमंत्रित की जाती है: Tender No. ELCJP/PUHT - MEC/NL/T/21/24 (1) कार्य का नाम : पुष्कर - मेड़ता नई बीजी लाइन परियोजना के संबंध पुष्कर- कात्यासनी खंड के बीच एलटी / एचटी विद्युत ओवरहेड पावर लाइन ट्रैक क्रॉसिंग का संशोधन। (2) कार्य की अनुमानित लागत: ₹50867657.00/- (3) बयाना राशि जो जमा करनी है: ₹404300.00/- (4) कार्य पूर्ण होने की तिथि : 15 महिने (5) निविदा प्रपत्र जमा कराने व खुलने की तारीख व समय : 16.04.2025 को 15.00 बजे तक, 16.04.2025 को 15.30 बजे (6) उपरोक्त ई निविदा की विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाइट का पता: www.ireps.gov.in 349-DK/25
हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

**राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर**
क्रमांक: 6532 दिनांक: 14.02.2025
जाहिर आम सूचना
राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर, सांगानेर योजना में आवास संख्या 85/196 (EWS), (एरिया 36.000 वर्गमीटर) प्रताप नगर, सांगानेर का आवंटन श्री महेश कुमार सोनी पुत्र श्री रमेश कुमार सोनी को किया जाकर आवंटन पत्र क्रमांक 4307 दिनांक 07.12.1995 को जारी किया गया। श्री धनराज पुत्र श्री जेठानन्द के पक्ष में उक्त आवास का नियमितिकरण पत्र क्रमांक 739/878 दिनांक 30.04.2013 के द्वारा किया गया। श्री धनराज की मृत्यु दिनांक 22.11.2017 को हो जाने के कारण इनके पुत्र श्री कमल भोलवानी पुत्र स्व. श्री धनराज द्वारा उक्त आवास को स्वंय के नाम हस्तान्तरण करने हेतु आवेदन किया गया है। श्री कमल भोलवानी के आवेदन पर कार्यालय आदेश क्रमांक 8700 दिनांक 28.03.2018 द्वारा नाम दर्ज किया गया। श्री कमल भोलवानी की मृत्यु दिनांक 28.03.2023 को हो जाने के कारण पंजीकृत हकत्याग पत्र के आधार पर इनकी पत्नी श्रीमती तारा भोलवानी पत्नी स्व. श्री कमल भोलवानी द्वारा उक्त आवास को स्वंय के नाम हस्तान्तरण करने हेतु आवेदन किया गया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 07 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं हैं, श्रीमती तारा भोलवानी पत्नी स्व. श्री कमल भोलवानी का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।
संपदा प्रबंधक, वृत्त-प्रथम, राज. आवा. मण्डल, जयपुर

**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**
**राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 के अधीन नोटिस**
**समस्त संबंधित व्यक्तियों को**
(नाम, वर्णन तथा निवास स्थान)
**मुकदमा नंबर 23/2025**
चूंकि श्री जे.के. अरोड़ा, संस्थापक प्रन्यासी ने पंजीकृत प्रन्यास सांई आश्रय ट्रस्ट, प्लॉट नं. 56, संतोष विहार, जगतपुरा, एन.आर.आई. चौराहा के पास, मेन 160 फीट, रोड जयपुर जिसका पंजीयन क्रमांक 4 जयपुर 2023 के संबंध में राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 के अंतर्गत प्रन्यास की बैठक में प्रस्ताव पारित कर प्रन्यास के नवीन प्रन्यासियों की नियुक्ति कर उनके नाम प्रन्यास रिकॉर्ड में दर्ज अभिलेख कराये जाने हेतु निवेदन कर जांच किये जाने के लिए प्रपत्र-8 में आवेदन-पत्र दिया है। अतएव धारा 23 में प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास में हुए परिवर्तन/संशोधन जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से तीस दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के संबंध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपित्तयां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 20.03.25 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइंदा तारीख पेशी-24.04.25
1330/24.03.25
मुहर
सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर

राजस्थान सरकार
**कार्यालय प्रमुख चिकित्सा अधिकारी एवं सदस्य सचिव, मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी राजकीय जयपुरिया चिकित्सालय, जयपुर**
क्रमांक :- Arthroplasty/2025/592 दिनांक :17.03.25
**Notice Invitid Bid(2025)**
Bids for rate contract for supply Arthroplasty Implants for Orthopedic Department, Jaipuria Hospital, Jaipur, Jaipur are invited from interested bidders upto 5.00 PM Date 01.04.25 Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state.
UBN-MHS2425GLRC05510
**Est Cost 30.00 lacs**
**DIPR/C/3958/2025** **PMO & MS**

**उत्तर मध्य रेलवे**
ई-निविदा सूचना संख्याः झाँसी-इन्जी0-ई-2025-44 दिनांकः 21.03.2025
ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मण्डल रेल प्रबन्धक / कार्य / झाँसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते हैं।
कार्य का नामः रॉक फॉल प्रोटेक्शन, स्लोप स्टेबिलाइजेशन एंड अदर एंसीलरी वर्क टू प्रोटेक्ट दी रॉक फालिंग इन एट बेतवा ब्रिज एट एप्रोच ऑफ़ बोथ एंड अंडर सीनियर डीईएन/ईस्ट/झाँसी सेक्शन।
अनुमानित लागत (रू): ₹ 9006489.84 | अमानत राशिः ₹ 180100.00
निविदा बन्द होने की तिथि: 18.04.2025 at 15:00 hrs.
स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः 06 माह
- निविदा दिनांक 18.04.2025 को 15.00 बजे तक आनलाईन जमा कर सकेगें।
- पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिये भारतीय रेल के बेवसाईट www.ireps.gov.in पर देखें। 523/25 (A)
North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

**उत्तर मध्य रेलवे**
Letter No:- DRM/C/AGRA/NFR/E-AUCTION Dated:- 24.03.2025
ई-नीलामी सूचना
भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरि0 मण्डल वाणिज्य प्रबंधक-आगरा द्वारा निम्न दी गयी श्रेणियों के अनुसार ई नीलामी आमंत्रित की गयी है, विवरण निम्न प्रकार है:-

| श्रेणी : पब्लिसिटी | केटलॉग संख्या ADVT-AGRA-24-14 | |
|---|---|---|
| एसेट्स डिटेल्स | ई नीलामी प्रारम्भ होने की दिनांक एवं समय | ई नीलामी समाप्त होने की दिनांक एवं समय |
| आगरा फोर्ट सर्कुलेटिंग एरिया Zone-IInd पर होर्डिंग/यूनिपोल के माध्यम से वाणिज्य प्रचार का ठेका | दिनांक:- 09.04.2025 समयः- 11:00 | दिनांक:- 09.04.2025 समयः- 11:30 |
| आगरा फोर्ट रेलवे स्टेशन (प्लेटफार्म एवं कॉनकोर्स हॉल) पर LED के माध्यम से वाणिज्य विज्ञापन प्रचार का ठेका | दिनांक:- 09.04.2025 समयः- 11:10 | दिनांक:- 09.04.2025 समयः- 11:40 |

नोटः-उक्त ठेकों के आवंटन हेतु नीलामी केवल ऑनलाईन वेवसाइट- www.ireps.gov.in. के E-Auction Module के माध्यम से की जायेगी। लॉट अनुसार विवरण उर्पयुक्त केटलॉग संख्या के अन्तर्गत उपलब्ध है। 529/25(AS)
North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @ CPRONCR

**राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड**
बोली आमंत्रण सूचना
(A) बिडसंख्या-9018002437 (यूबीएन:VPN2425WLOB03791) के अन्तर्गत केडीए के जमा कार्यों के तहत ग्रीनफील्ड्स एयरपोर्ट कोटा के निर्माण कार्य के कारण मौजूदा आरवीपीएन ईएचवी लाइनों के स्थानांतरण कार्यों के लिए विभिन्न ट्रांसमिशन तत्वों के निर्माण के लिए बोलियां, डिजाइनिंग, इंजीनियरिंग, सर्वेक्षण, सभी उपकरणों / सामग्रियों की आपूर्ति, स्थापना (सिविल कार्यों सहित), परीक्षण और कमीशनिंग (टर्नकी आधार पर) सहित आरवीपीएन द्वारा विनिर्देश संख्या आरवीपीएन/ईएचवी/बीएन-9018002437 के तहत इच्छुक बोलीदाताओं से 23.04.2025 को शाम 04:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं, अर्थात् निम्न लिखित कार्यों के लिए:
i. केडीए के जमा कार्य के तहत ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट, कोटा के निर्माण कार्य के कारण मौजूदा 220 केवी डी/सी लाइन सकतपुरा-मादलगढ़ और पीजीसीआईएल-भीलवाड़ा लाइन के स्थानांतरण का कार्य आरवीपीएन द्वारा किया जाना है (कार्य का दायरा: नई लाइन की लंबाई लगभग 15 किमी का निर्माण + मौजूदा लाइन की लंबाई लगभग 11 किमी का विघटन) टर्नकी आधार पर।
ii. केडीए के जमा कार्य के तहत ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट, कोटा के निर्माण कार्य के कारण मौजूदा 400 केवी एस/सी पीजीसीआईएल-अंता लाइन का स्थानांतरण कार्य आरवीपीएन (ट्विन मूस कंडक्टर) द्वारा किया जाना है (कार्य का दायरा: नई लाइन की लंबाई लगभग 5 किमी का निर्माण + मौजूदा लाइन की लंबाई लगभग 5.5 किमी का विघटन) टर्नकी आधार पर।
बिड के अन्य विवरण खरीद पोर्टल पर देखे जा सकते है (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in) एवं www.energy.rajasthan.gov.in/rvpnl
अधीक्षण अभियन्ता (कॉन्ट्रैक्ट्स-I), जयपुर
राज.संवाद/सी/24/13794 रा.रा.वि.प्र.नि./TR-6725/2025

**उत्तर मध्य रेलवे**
ई-प्रापण निविदा सूचना सं.झांसी/उमुसाप्र/2025/01 दि.: 21.03.2025
ई-प्रापण निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबंधक सामान्य भंडार डिपो झाँसी निम्नलिखित मदो के लिए ई प्रापण निविदाये आमंत्रित करते है।
निविदा सं. : 51246251 | बयाना राशि : ₹ 148430/-

| माल का विवरण | मात्रा |
|---|---|
| Supply, installation & commissioning of Lock Bolt Plant as per Specification (Annexure-A) [Warranty Period: 30 Months after the date of delivery] [Inspection Agency: TPI, Stage Insp.: No, Stages: 0] Item Type: Goods (supply) | 05 Nos. |
| Post warranty annual maintenance contract for Lock Bolt Plant as per Specification [Warranty Period: Months after the date of delivery, AMC Period: 5 years, Rate of Discounting: 8% Start After Year: 2] [Inspection Agency: CONSG, Stage Insp.: NA, Stages: 0] Item Type: AMC | 05 Nos. |

निविदा खुलने की तिथिः 11.04.2025
नोटः 1. उपरोक्त सभी ई प्रापण निवदाओं का पूरा विवरण IREPS वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। 2. उपरोक्त निविदाओं हेतु ई बिड के अतिरिक्त अन्य किसी भी प्रारूप में बिड स्वीकार नही की जायगी। वेंडरों को चाहिए कि वे अपने आपको आई टी एक्ट 2000 के अंतर्गत CCA द्वारा जारी Class III डिजीटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र के साथ आईआरपीएस की वेबसाइट पर पंजीकृत कराये। 3. निविदा की दरे केवल डिजीटल हस्ताक्षरित फाइनेंसियल रेट पर ही विचारणीय है। दरें तथा अन्य वितीय प्रभार अन्य किसी भी फार्म लेटर हेड पर यदि संलग्न है तो उस पर विचार नहीं किया जायगा तथा सीधे तौर पर अमान्य कर दिया जायेगा। 521/25 (AS)
North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @ CPRONCR

## संक्षिप्त समाचार

# सड़क हादसे में बाइक सवार शिक्षा मंत्री के भतीजे शिक्षक की मौत

### अस्पताल में इलाज कराकर स्कूल लौटते समय अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर



महानगर संवाददाता

**बारां।** अटरू थाना इलाके के आमली के पास बगली रोड पर सोमवार को सड़क हादसे में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के भतीजे की मौत हो गई। अस्पताल से लौटते समय अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में वह बाइक से उछलकर दूर जाकर गिरा। एएसआई बाबूलाल ने बताया कि भंवरलाल दिलावर सोमवार को स्कूल में तबीयत खराब होने के बाद चरडाना सीएचसी में इलाज कराने गया था। अस्पताल से लौटते समय आमली के पास अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की मदद से उसे एंबुलेंस से बारां जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। एएसआई बाबूलाल ने बताया कि भंवरलाल दिलावर चरडाना का रहने वाला था। वह बगली स्थित सरकारी स्कूल में टीचर के पद पर कार्यरत था। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। परिजनों की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जल्द ही अज्ञात वाहन का पता लगाकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। हादसे की सूचना मिलने पर गांव में शोक की लहर छा गई। घटना की सूचना मिलते ही शिक्षा मंत्री मदन दिलावर जयपुर से अपने पैतृक गांव के लिए रवाना हो गए।

## पार्सल देने के बहाने घर में घुसकर बुजुर्ग महिला की चेन लूटी

**जयपुर (म.सं.)।** शहर के करणी विहार थाना इलाके में बुजुर्ग महिला से घर में घुसकर लूट का मामला सामने आया है। पहले बदमाश ने डोर बेल बजाकर गेट खुलवाया फिर पार्सल देने के बहाने अंदर घुसकर चेन स्नेचिंग कर भाग निकला। सूचना पर करणी विहार थाना पुलिस ने नाकाबंदी करवाई, लेकिन लुटेरे का सुराग नहीं लग सका। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर बदमाश की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि जगदम्बा नगर हीरापुरा पावर हाउस निवासी सिद्धार्थ ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि वह परिवार सहित यहां रहते हैं, जहां एक अनजान व्यक्ति घर आया। डोर बेल बजने पर उसकी बुजुर्ग मां ने गेट खोला। गेट खोलते ही पार्सल के बहाने वह अंदर आ गया। पार्सल देने के बहाने बदमाश ने मां के गले पर झपट्टा मारकर गोल्ड चेन तोड़ ली। शोर मचाकर पकड़ने के लिए पीछे भागने पर बदमाश तेजी से गलियों में गायब हो गया। घर में घुसकर चेन स्नेचिंग की सूचना पर करणी विहार थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस वारदात स्थल के आस-पास लगे सीसीटीव फुटेज खंगालने के साथ लुटेरे की तलाश कर रही है।

# धोखे से मिलने बुलाकर सहकर्मियों ने युवती से किया गैंगरेप

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** सांगानेर सदर थाना इलाके में दो सहकर्मी युवकों के युवती से गैंगरेप करने का मामला सामने आया है। धोखे से मिलने बुलाकर आरोपियों ने युवती के साथ रेप किया। इसके बाद अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल कर देहशोषण करने लगे। इस पर पीड़िता ने सांगानेर सदर थाने में दोनों आरोपियों के खिलाफ गैंगरेप का मामला दर्ज करवाया। मामले की जांच एसीपी चाकसू सुरेन्द्र सिंह कर रहे हैं।

पुलिस ने बताया कि चाकसू की रहने वाली 26 साल की युवती ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि वह सांगानेर सदर इलाके में स्थित एक फैक्ट्री में जॉब करती है। उसी फैक्ट्री में साथ काम करने के कारण दोनों आरोपियों से उसकी मुलाकात हुई थी। आरोप है कि साल-2024 में बातचीत के दौरान दोनों से अच्छा परिचय हो गया था। इसके बाद आरोपियों ने धोखे से उसे मिलने के बहाने वाटिका बुलाया, जहां मिलने जाने पर डरा-धमकाकर दोनों आरोपी सहकर्मियों ने उसके साथ गैंगरेप किया। इस दौरान आरोपियों ने अपने मोबाइल में उसके अश्लील वीडियो बना लिए। विरोध करने पर उन्होंने अश्लील वीडियो को वायरल करने की धमकी दी। आरोपियों ने अश्लील वीडियो से ब्लैकमेल कर उसका देहशोषण करने लगे। ब्लैकमेलिंग के टॉर्चर से परेशान होकर पीड़िता ने सांगानेर सदर थाने में कोर्ट से आदेश करवाकर दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई। पुलिस ने गैंगरेप और आईटी एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## अवैध गतिविधियों पर स्पा सेंटर से दो युवतियों समेत 4 गिरफ्तार

**जयपुर (म.सं.)।** प्रताप नगर थाना पुलिस ने लियो थाई स्पा सेंटर पर कार्रवाई कर दो युवतियों सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अवैध गतिविधियों की सूचना मिलने पर स्पा सेंटर पर छापेमारी की। मौके पर मिले चार लोगों को शांतिभंग में गिरफ्तार किया गया है। सीआई प्रताप नगर मनोज बेरवाल ने बताया कि अवैध गतिविधियों में संदिग्ध व्यक्तियों की धरपकड़ के लिए विशेष कार्रवाई के आदेश आयुक्तालय की ओर से दिए गए थे। जानकारी मिलने पर स्पा सेंटर पर रेड की गई, यहां पर से दो युवक और दो युवतियों को डिटेन किया गया। पुलिस ने तपीश शर्मा पुत्र सतीश कुमार शर्मा निवासी महापुरा कॉलोनी निर्माण नगर अजमेर, सोनू सिंह पुत्र राजेन्द्र सिंह निवासी भडीरा अलीगढ़ यूपी हाल जगतपुरा जयपुर और इनके साथ दो युवतियों को भी गिरफ्तार किया है। चारों को पूछताछ के बाद शांतिभंग में गिरफ्तार किया गया है। मौके से दिल्ली को दो लड़कियां, अजमेर का एक लड़का और यूपी का एक लड़का मिला है। चारों से सेंटर और उसमें हो रहे काम को लेकर पूछताछ की जा रही है।

# बहुचर्चित लक्ष्मण देवासी मर्डर मामले में फरार आरोपी पकड़ा



**बाड़मेर (म.सं.)।** ऑपरेशन भौंकाल के तहत जिला स्पेशल टीम व धोरीमन्ना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बहुचर्चित लक्ष्मण देवासी मर्डर में वांटेड आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी सांचौर पुलिस का वांटेड है, इसलिए अग्रिम कार्रवाई के लिए बाड़मेर पुलिस ने उसे सांचौर पुलिस को सुपुर्द कर दिया। पुलिस के अनुसार बाड़मेर डीएसटी व धोरीमन्ना पुलिस को सूचना मिली थी कि भजनलाल नाम का इनामी आरोपी अपने गांव आया हुआ है। इस पर दबिश दी गई। पुलिस को देखकर आरोपी भागने लगा। पुलिस ने करीब 5 किलोमीटर तक पीछा कर आरोपी को पकड़ लिया। आरोपी भजनलाल पुत्र भागीरथराम निवासी अरणियाली धोरीमन्ना सांचौर थाने में दर्ज बहुचर्चित लक्ष्मण देवासी मर्डर मामले में आरोपी है। एसपी नरेंद्र कुमार मीना ने बताया कि डीएसटी टीम व धोरीमन्ना पुलिस 50 हजार रुपए के इनामी आरोपी भजनलाल को पकड़ने के लिए गई थी, लेकिन आरोपी पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस ने करीब 5 किलामीटर तक पीछा कर उसे गिरफ्तार किया। बाड़मेर पुलिस ने आरोपी को सांचौर पुलिस को सुपुर्द कर दिया है। आरोपी के खिलाफ मादक पदार्थ तस्करी के 2 मामले जैसलमेर व जिला प्रतापगढ़ में दर्ज है।

### घर से 200 मीटर दूर खेत में कूड़ा डालने के दौरान युवती को कार में डाल ले गए बदमाश

# नाबालिग से रेप का फरार आरोपी ने किया पीड़िता का अपहरण

महानगर संवाददाता



**झुंझुनूं।** उदयपुरवाटी थाना क्षेत्र में करीब 12 साल से फरार नाबालिग से रेप का आरोपी दिनदहाड़े पीड़िता का अपहरण कर ले गया। पीड़िता अपनी चचेरी बहन के साथ घर से करीब 200 मीटर दूर खेत की ओर कूड़ा डालने के लिए गई थी। इस दौरान कार में आए बदमाश युवती का अपहरण कर ले गए। इस मामले में पीड़िता का तीसरे दिन भी सुराग नहीं मिला। हैड कांस्टेबल दयाराम ने बताया कि सूचना मिली थी कि थाना क्षेत्र में एक 28 साल की युवती का अपहरण हो गया है। इस सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की पड़ताल की। इस दौरान एक संदिग्ध गाड़ी सीसीटीवी कैमरे में दिखाई दी। पीड़ित युवती की नाबालिग चचेरी बहन ने बताया कि गाड़ी में 4 लोग थे। गाड़ी धीरे-धीरे चलते हुए हमारी ओर आई। इसके बाद एक युवक नीचे उतरा और दीदी को गाड़ी में खींच लिया और मौके से भाग गए।

### तीन दिन से कर रहे थे रैकी, मौका मिलते ही उठाया

**पीड़िता** की मां ने बताया कि आरोपी तीन दिन से मेरी बेटी की रैकी कर रहे थे। मौका देखकर उन्होंने अपहरण कर लिया और गाड़ी टोडपुरा नवलगढ़ के रास्ते पर चली गई। पुलिस ने बताया कि मामले को लेकर पीड़िता लड़की के भाई ने रात को रिपोर्ट दर्ज कराई, जिसमें बताया कि उसकी बहन घर से 200 मीटर दूर कचरा डालने के लिए खेत पर गई थी। इस दौरान सफेद रंग की कार में सवार होकर आए कुछ लोगों ने उसका अपहरण कर लिया।

### आरोपी पर 12 साल पहले दर्ज कराया था रेप केस

**पीड़िता** के भाई ने बताया कि उदयपुरवाटी निवासी महेश सैनी उसे कई दिनों से धमकी दे रहा था कि वह उसकी बहन को उठाकर ले जाएगा। साल 2013 में आरोपी महेश सैनी के खिलाफ नाबालिग बहन ने रेप का मामला दर्ज कराया था। इसके बाद से आरोपी फरार है। पुलिस ने आरोपी पर 5 हजार रुपए का इनाम घोषित कर रखा है। मामले को लेकर उदयपुरवाटी थाने के हैड कांस्टेबल दयाराम बाकोलिया ने बताया कि एसपी साहब के निर्देश पर मामला दर्ज किया गया है। एएसआई सतवीर सिंह मामले की जांच कर रहे हैं।

### ग्रामीणों ने कमरे में किया बंद, रेस्क्यू टीम ने ट्रेंकुलाइज कर पिंजरे में डाला

# लेपर्ड ने 20 मिनट में दो लोगों पर बोला हमला, गंभीर घायल

महानगर संवाददाता





**जालोर।** नौसरा स्थित आहोर के कोटड़ा गांव में सोमवार सुबह 8 बजे लेपर्ड ने 20 मिनट के अंदर 2 लोगों को घायल कर दिया। दोनों घायलों को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसके बाद ग्रामीणों ने लेपर्ड को एक कमरे में बंद कर दिया और वन विभाग को सूचना दी। सूचना पर पहुंची रेस्क्यू टीम ने कमरे में बंद लेपर्ड को 9 घंटे की मशक्कत के बाद काबू कर लिया। जोधपुर से बुलाई गई रेस्क्यू टीम और 2 कमांडो ने सोमवार दोपहर 1 बजे ऑपरेशन शुरू किया। पहले कमरे के गेट पर पिंजरा लगाया, लेकिन दो घंटे तक लेपर्ड बाहर नहीं आया। फिर टीम ने कमरे की सीमेंट शेड को तोड़कर लेपर्ड को ट्रेंकुलाइज कर पिंजरे में डाला। डीएफओ जयदेव सिंह चारण ने बताया कि लेपर्ड को आहोर वन विभाग ले जाया जाएगा। वहां मेडिकल जांच के बाद उच्च अधिकारियों के निर्देश पर जंगल में छोड़ा जाएगा।

### फसल की निगरानी के दौरान हमला, चीखने पर भागा

**जानकारी** के अनुसार सोमवार सुबह नौसरा स्थित कोटड़ा गांव का चेलाराम सरगरा खेत में अरंडी की फसल की निगरानी कर रहा था। इसी दौरान पहाड़ी की ओर से आए तेंदुए ने उस पर हमला कर दिया। मात्र 20 मिनट के अंदर तेंदुए ने एक और व्यक्ति को भी घायल कर दिया। चेलाराम के सिर पर तेंदुए ने पंजा मारा, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसकी चीख-पुकार सुनकर लेपर्ड भाग गया। परिजन और ग्रामीण तुरंत चेलाराम को आहोर के सरकारी हॉस्पिटल ले गए और वन विभाग को सूचित किया।

### घर में घुसकर महिला के चेहरे-पीठ पर मारे पंजे

**चेलाराम** पर हमला करने के करीब 20 मिनट बाद लेपर्ड कोटड़ा गांव में लीला देवी पत्नी वजाराम के घर में घुस गया। लीला देवी आंगन में घरेलू काम कर रही थीं। लेपर्ड ने लीला पर हमला बोल दिया। उसने महिला के चेहरे, पैर और पीठ पर पंजे मारे। हमले के बाद बदहवास लीला भी चिल्लाने लगीं। चीखने-चिल्लाने की आवाज सुनकर पड़ोसी घर की ओर दौड़े। इतने में लेपर्ड लीला के घर के एक कमरे में घुस गया। शोर-शराबे के बीच लेपर्ड कमरे में रखी चारपाई के नीचे बैठ गया। गांव वालों ने उसे कमरे में ही बंद कर दिया। घायल लीला को भी आहोर हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, उसको 16 टांके लगाए गए हैं।

# शादीशुदा युवक ने झूठ बोलकर बिना तलाक की दूसरी शादी

### ससुरालवालों ने टॉर्चर कर दहेज के गहने और कैश हड़पकर घर से निकाला



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** सांगानेर थाना इलाके में शादीशुदा युवक के झूठ बोलकर दूसरी शादी करने का मामला सामने आया है। युवक ने पहली पत्नी से लव-मैरिज कर तलाक दिए बिना ही दूसरी शादी कर ली। दूसरी पत्नी को दहेज के लाखों रुपए के गहने, कैश और सामान लेकर घर से निकाल दिया। इस पर पीड़ित विवाहिता ने सांगानेर थाने में आरोपी पति व ससुराल पक्ष के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई है।

पुलिस ने बताया कि प्रताप नगर की रहने वाली 27 साल की विवाहिता ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है कि जनवरी-2023 में उसकी शादी बजाज नगर में रहने वाले युवक से हुई थी। शादी में उसे लाखों रुपए कीमत के गहने, कैश व कार सहित घरेलू सामान दिया गया था। आरोप है कि शादी के कुछ दिन बाद ही पति सहित ससुरालवालों ने उसे टॉर्चर करना शुरू कर दिया। दहेज की मांग को लेकर उसे घर से बाहर निकाल दिया। इसके बाद पीड़ित महिला ने महिला थाना पूर्व में पति सहित ससुरालवालों के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज करवाया। आरोप है कि पिछले दिनों पति के पहले से शादीशुदा होने का पता चला। लव मैरिज करने के बाद पहली पत्नी से पति का तलाक भी नहीं हुआ। पहली शादी को छुपाकर दूसरी शादी करने का पता चलने पर परिवार ने अपने स्तर पर जानकारी जुटाना शुरू किया, जिसमें दिसम्बर-2019 में गांधी नगर की रहने वाली लड़की से आर्य समाज अजमेर में शादी करना सामने आया। जनवरी-2020 में मैरिज रजिस्ट्रेशन भी अजमेर में करवाया गया था। शादीशुदा होने के बाद भी झूठ बोलकर शादी करने का विरोध करने पर ससुरालवालों ने गलत करने की धमकी दी। इसके बाद पीड़ित विवाहिता ने सांगानेर थाने में आरोपी ससुराल वालों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई।

# तांत्रिक ने इतना डराया कि महिला शिक्षक को देनी पड़ी जान

### 11वीं कक्षा में जबर्दस्ती हाथ देखा फिर परिवार को खत्म करने की देता रहा धमकी

महानगर संवाददाता



**अलवर।** शहर में सरकारी महिला शिक्षक ने फंदे पर लटकने से पहले तांत्रिक के नाम एक सुसाइड नोट लिखा था, जिसमें उसने आरोप लगाया कि जब वह 11वीं कक्षा में थी तब से ही तांत्रिक ने उसे परेशान कर रखा था। तांत्रिक ने उसे इतना डराया कि अब जान देना ही आखिरी रास्ता बचा। टीचर ने सुसाइड नोट में चौंकाने वाली कहानी लिखी, जिसमें बताया कि उसे तांत्रिक विद्या आती है, मैं उसके पास नहीं जाना चाहती थी, लेकिन फिर उसकी तांत्रिक शक्तियां मेरे पास आती और मुझे खींच लेती। वो रुपए मांगता था और नहीं देती तो परेशान करता था। वह सबके सामने नहीं, लेकिन अकेले में रुपए की मांग करता था। दरअसल, सरकारी महिला टीचर गुड्डी देवी ने अपने घर के कमरे में सुसाइड कर लिया था। वह अलवर शहर के पास बख्तल की चौकी के पास पथरोड़ा के सरकारी स्कूल में शिक्षक थीं। उनके पति रामकिशन भी आभानेरी में सरकारी शिक्षक हैं। महिला ने अलवर के बगड़ राजपूत निवासी तांत्रिक देवीसहाय कुम्हार को अपनी मौत का जिम्मेदार बताया। फिलहाल तांत्रिक पुलिस की गिरफ्तार में है और उससे पूछताछ जारी है।

### शिक्षिका की हालत देख डरा हुआ था पूरा परिवार

**डीएसपी** अंगद सिंह का कहना है कि इस मामले की जांच कर रहे हैं। देवीसहाय कुम्हार के खिलाफ गुड्डी देवी के भाई शिवराम पुत्र राम किशन मीणा निवासी हिंगोटा बिरजूपाडा दौसा ने रिपोर्ट दी है। रुपए लेने और परेशान करने का आरोप लगाया है। इस पूरे मामले की जांच कर रहे हैं। मृतका शिक्षिका गुड्डी की भाभी गीता बात करते ही रोने लगती हैं, कहती हैं कि बाबा के चमत्कारों को लेकर पूरा परिवार ही उसके पीछे घूमता था। गुड्डी को देखकर पूरा परिवार ही डरने लग गया था। जब भी गुड्डी उससे मिलकर आती, खाना तक नहीं खाती थी, घबराई हुई रहती और बेचैन सी नजर आती थी। पता नहीं तांत्रिक ने क्या कर दिया था। गुड्डी की मौत के बाद से पूरा परिवार ही सदमे में है और डरा हुआ है।

### नाबालिग से लूटे गए 6 मोबाइल व वारदात में प्रयोग की गई एक बाइक बरामद

# मोबाइल लूटने वाला धरा, दो बार जा चुका बाल सुधार गृह

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** शहर की श्याम नगर थाना पुलिस ने मोबाइल लूटने वाले एक नाबालिग को पकड़ा है। पुलिस ने नाबालिग से लूटे गए 6 मोबाइल फोन व एक बाइक रिकवर की है। नाबालिग को मोबाइल लूट की वारदात में पहले भी चित्रकूट व श्याम नगर थाना पुलिस पकड़ चुकी है। दो बार बाल सुधार गृह जाने के बाद नाबालिग लगातार मोबाइल लूट की वारदात कर रहा था। श्याम नगर सीआई दलवीर सिंह ने इलाके में हो रही आपराधिक गतिविधियों पर नजर रखने के लिए थाने की स्पेशल टीम को निर्देश दिए। इसी क्रम में थाने के कांस्टेबल अजयपाल व पवन कुमार को जानकारी मिली कि एक नाबालिग जो पहले भी मोबाइल लूट की वारदात कर चुका है, वह फिर से वारदात कर रहा है। पुलिस टीम ने उस पर नजर रखना शुरू किया। पुलिस टीम का शक जब पुख्ता हुआ कि नाबालिग मोबाइल लूट की वारदात कर रहा है तो उसे निरुद्ध कर दिया गया। उसके पास से लूटे गए 6 मोबाइल फोन और एक बाइक रिकवर हुई। इसी बाइक से वह मोबाइल लूट की वारदात को अंजाम देता था। नाबालिग को निरुद्ध करने के बाद उसे बाल सुधार गृह भेज दिया गया है। पूछताछ में उसने बताया कि उसने मोबाइल लूट की वारदातें श्याम नगर, मुहाना, मानसरोवर व करणी विहार इलाकों में की है। जयपुर पुलिस ने हाल ही में कई नाबालिगों को डिटेन कर पूछताछ की तो सामने आया कि शहर में नाबालिगों ने मोबाइल और चेन तोड़ने की गैंग बना रखी है। खुद से बड़ी उम्र के लोगों को ये गैंग में शामिल कर वारदात कराते हैं। पहले हुई बाइक, मोबाइल लूट, चेन स्नैचिंग के संबंध में हुई कार्रवाई में यह तथ्य सामने आया है।

# कुख्यात अरशद गैंग का सक्रिय इनामी बदमाश अख्तर गिरफ्तार

### मध्यप्रदेश से दबोचा, 40 मुकदमों में था वांछित, बेटे को भी पकड़ा

महानगर संवाददाता



**भिवाड़ी।** भिवाड़ी पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 50 हजार रुपए के इनामी कुख्यात अरशद गैंग के सक्रिय बदमाश अख्तर उर्फ मित्तल को मध्य प्रदेश के तनोडिया गांव से गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही इसके बेटे अनीश को भी गिरफ्तार किया गया है। साथ ही पुलिस ने अनीश के कब्जे से एक देशी कट्टा भी बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक ज्येष्ठा मैत्रेयी के निर्देश में की गई इस कार्रवाई में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अतुल साहू व वृत्ताधिकारी शिवराज का विशेष योगदान रहा। थाना तिजारा के थानाधिकारी विक्रम की टीम ने मुखबिर की सूचना और साइबर सेल की मदद से यह सफलता हासिल की है। भिवाड़ी एसपी ज्येष्ठा मैत्रेयी ने बताया कि अख्तर के खिलाफ अरावली विहार थाने में केस दर्ज है। जयपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक ने उस पर 50 हजार का इनाम घोषित किया था। आरोपी पर जिले के तिजारा, अलवर के अरावली विहार थाना सहित जयपुर के शाहजहांपुर, रेवाड़ी हरियाणा के खोल में कुल 40 मुकदमे दर्ज हैं। वहीं मुख्य आरोपी अख्तर उर्फ मित्तल के बेटे अनीश मित्तल पर भी आठ मामले दर्ज हैं। टपूकड़ा थाने में आरबीए एक्ट के तहत भी मामला दर्ज है। अरावली विहार थाने में बीएनएस एक्ट, आरबीए एक्ट, आबकारी अधिनियम व आर्म्स एक्ट के तहत मामले दर्ज हैं।

वारदात

### दो महिला ठगों ने पैदल जाते समय दिया घटना को अंजाम, संदिग्ध पदार्थ सुंघा कर किया बेसुध

# नकली नोटों की गड्डी थमाकर बुजुर्ग महिला से ठगे जेवर

महानगर संवाददाता



**अजमेर।** नसीराबाद रोड नगरा भैंरू मंदिर के निकट दो महिला ठगों ने एक बुजुर्ग महिला को जाल में फांसा और उसे नकली नोटों की गड्डी थमाकर उसके दो लाख रुपए कीमत के जेवर उतरवा कर ले गई। महिला का कहना है कि आरोपी महिलाओं ने उसे कुछ सुंघा कर बेसुध कर दिया था। सूचना पर पहुंची अलवर गेट थाना पुलिस ने मौके पर पहुंच कर घटना स्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरे में संदिग्ध महिलाओं को चिन्हित किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी महिलाओं की तलाश की जा रही है। गौतमनगर निवासी पीड़िता सरोज देवी ने बताया कि वह पोता-पोती को लेकर पैदल गौतम नगर जा रही थी। इस दौरान भैंरू मंदिर के पास उसे दो महिलाओं ने रोका। एक महिला ने दूसरी महिला की तरफ इशारा करते हुए कहा कि मांजी यह महिला कई दिनों से भूखी है, इसे कुछ खाने को दिलाना है। सरोजदेवी कुछ समझ पातीं, इससे पहले उस महिला ने थैले में से नोटों की गड्डी निकाल कर दिखाई और कहा कि आपके जेवर उतार दो, तभी यह गड्डी आपको मिलेगी। इस दौरान दोनों महिलाओं ने उसे कोई वस्तु सुंघा दी, जिससे वह सुध-बुध खो बैठी।

### टॉप्स-चेन उतारकर महिलाओं के किए हवाले

**पीड़ित** सरोजदेवी सोने के टॉप्स और चेन उतार कर महिलाओं के हवाले कर दिए। महिलाओं ने उसके सामने जेवर एक रूमाल में रखे और जाते समय नोटों की गड्डी और रूमाल उसे थमाकर चली गई। कुछ देर बाद उसे होश आया तो उसने रूमाल खोल कर देखा, उसमें जेवर की जगह गुटखा और अन्य सामान था। नोटों की गड्डी में एक फटा सौ का नोट और कागज निकले।

### वारदात का तरीका कुख्यात ईरानी गैंग की तरह

**सरोजदेवी** के साथ हुई वारदात का तरीका कुख्यात ईरानी गैंग की तरह है। पुलिस गैंग के सक्रिय होने के बाद अलर्ट हो गई है। पुलिस संदिग्ध महिलाओं व लोगों को चेक कर रही है। रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और अन्य जगहों पर पुलिस संदिग्ध लोगों की तलाश की रही है। उल्लेखनीय है कि ईरानी गैंग में महिलाएं, बच्चे व पुरुष शामिल होते हैं, यह लोग सड़क पर नोट बिखेरकर, कपड़ों पर गंदगी फेंककर और कार के कांच तोड़कर वारदातें करते हैं। गैंग के सदस्य खुद को पुलिसकर्मी बताकर बुजुर्गों को शिकार बनाते हैं।

### राज्यपाल बागडे ने ली अधिकारियों की बैठक, विभागीय योजनाओं व कार्यक्रमों की समीक्षा की

# ‘सभी पात्र लोगों को मिले योजनाओं का लाभ’

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने सोमवार को टोंक जिला परिषद सभागार में जिलास्तरीय अधिकारियों से संवाद कर विकास योजनाओं और जनहित के कार्यक्रमों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम छोर पर बैठे पात्र व्यक्ति तक पहुंचे।

बागडे ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान करें और उनके जीवन में सुधार लाने के लिए जनहित की योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करें। राज्यपाल ने जल संरक्षण को लेकर मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन योजना में गांव का पानी गांव में, खेत का पानी खेत में संचित रखने पर विशेष जोर दिया।

उन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सुदूर गांवों और ढाणियों में सड़कों की बेहतर कनेक्टिविटी करने तथा इस कार्य को प्राथमिकता से समय सीमा में पूरा करने पर जोर दिया। साथ ही जल जीवन मिशन में प्रत्येक परिवार को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाने तथा पीएम सूर्य घर योजना और पीएम कुसुम योजना का लाभ लेने के लिए लोगों को प्रेरित करने पर जोर दिया। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि घूमंतु जातियों एवं भिक्षावृत्ति का कार्य करने वाले बच्चों को सतत प्रयास कर नियमित शिक्षा से जोड़ा जाए, ताकि उनकी आने वाली पीढ़ियां शिक्षित होकर सक्षम बन सकें।

#### ‘पीएम आवास योजना (ग्रामीण) में जुड़ें वंचित गांव’

**राज्यपाल** ने आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों के शारीरिक व मानसिक विकास तथा बालिकाओं की उपस्थिति एवं पोषण को लेकर विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) में पूर्व में इस योजना के लाभ से वंचित गांव, आबादी को जोड़ने के निर्देश दिए। डेयरी विभाग के अधिकारियों को जिले में डेयरी उत्पाद के विकास की संभावनाओं पर कार्य करने पर बल दिया। उन्होंने प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान की समीक्षा करते हुए कहा कि टोंक जिले को टीबी मुक्त बनाने के लिए बेहतर कार्य योजना बनाकर कार्य करें।

#### ‘महिलाओं को आर्थिक रूप से बनाना है आत्मनिर्भर’

**राज्यपाल** ने महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने पर विशेष जोर देते हुए कहा कि राजीविका योजना के माध्यम से स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों की उचित मार्केटिंग की व्यवस्था की जाए। उन्होंने किसानों के लिए चलाई जा रही योजनाओं की समीक्षा कर प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, पीएम कृषि सिंचाई योजना, पीएम फसल बीमा योजना, राष्ट्रीय बागवानी मिशन, सॉयल हेल्थ कार्ड योजना को लेकर संबंधित विभाग के अधिकारियों को किसानों को आधिकारिक जानकारी प्रदान कर लाभान्वित करने के निर्देश दिए।


## सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा ने विधानसभा में उठाया जयपुर मेटल्स का मुद्दा

### पीड़ित संघर्ष समिति ने जताया विधायक का आभार

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा ने सोमवार को विधानसभा में जयपुर मेटल्स लिमिटेड के 25 वर्षों से बंद होने के कारण कार्मिकों के वेतन और भत्ते का अंतिम भुगतान करने का मुद्दा उठाया। विधायक शर्मा ने कहा कि जयपुर मेटल्स एंड इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड गत 25 वर्षों से बंद पड़ी है।

मेटल्स के 1558 कर्मचारी आज भी अपने वेतन और मुआवजे के लिए गुहार लगा रहे हैं। यही नहीं 500 से अधिक कर्मचारी अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करते हुए दुनिया से जा चुके हैं। शर्मा ने कहा कि यदि सरकार इस उद्योग को पुनः शुरू करने का इरादा नहीं रखती है, तो श्रमिकों के वेतन और भत्तों का अंतिम भुगतान करके उन्हें न्याय प्रदान करे। इस दौरान विधायक शर्मा ने उद्योग मंत्री से आवश्यक कार्यवाही के लिए उच्चस्तरीय कमेटी गठित करने की मांग भी की।



#### लंबे अरसे बाद किसी प्रतिनिधि ने पीड़ित परिवारों की ली सुध : दिलीप व्यास

**जयपुर** मेटल्स एंड इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड की पीड़ित संघर्ष समिति ने सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा के ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के जरिए 25 सालों से बंद पड़ी मेटल्स को लेकर मामला उठाने पर विधायक का आभार जताया है। संघर्ष समिति के संयोजक दिलीप व्यास ने कहा कि लंबे अरसे बाद किसी प्रतिनिधि ने जयपुर मेटल्स से जुड़े पीड़ित परिवारों की सुध लेते हुए सदन में मामला उठाया। उम्मीद है कि सरकार इस मामले को गंभीरता से लेगी। संघर्ष समिति के सदस्य बृजेंद्र सिंह चौधरी, गुरुदयाल चौधरी, कुलभूषण व जीवनराम चौधरी ने कहा कि आशा है कि इस मामले को लेकर सरकार कोई सकारात्मक कदम उठाएगी।

## सीएम जनसुनवाई में हाथों-हाथ हुआ भू-रूपांतरण प्रकरण का निस्तारण

### परिवादी को 4 घंटे में मिली राहत



आमजन की परिवेदनाएं सुनते सीएम भजनलाल शर्मा।

**जयपुर (मसं)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर जनसुनवाई की। मुख्यमंत्री ने जनसुनवाई में आए प्रत्येक व्यक्ति की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण के निर्देश भी दिए।

जनसुनवाई के दौरान जयपुर निवासी वेद चतुर्वेदी के भू-रूपांतरण प्रकरण का कुछ ही घंटों में निस्तारण किया गया। गौरतलब है कि चतुर्वेदी का सुंदर नगर (मानसरोवर) स्थित 840 वर्गगज आवासीय भू-खंड का होटल उपयोग के लिए भू-रूपांतरण का मामला लंबित था। मुख्यमंत्री को इस संबंध में जब अवगत कराया तो इसका तुरंत ही निस्तारण कर दिया गया। मात्र चार घंटे के अंदर भू-रूपांतरण कार्य के आदेश जारी कर दिए गए। आमजन से जुड़े कई प्रकरणों में मुख्यमंत्री ने तुरंत कार्यवाही की और आमजन को राहत पहुंचाई।

## कूनो से बाहर निकले 5 चीते, ग्रामीणों ने पत्थर मारे



**श्योपुर (म.सं.)।** कूनो नेशनल पार्क से बाहर निकले 5 चीतों पर सोमवार सुबह को ग्रामीणों ने लाठी-डंडों और पत्थरों से हमला कर दिया। घटना का वीडियो भी सामने आया है। दरअसल, एक माह पहले खुले जंगल में छोड़ी गई मादा चीता ज्वाला और उसके 4 शावक शनिवार शाम पार्क सीमा से बाहर आ गए थे। सोमवार सुबह पांचों चीते कूनो सायफन के पास से होते हुए कूनो नदी में पहुंचे। मादा चीता और शावक एक-एक कर रास्ता पार कर रहे थे, तभी उन्होंने गाय पर झपट्टा मारा। इस दौरान ग्रामीण लाठी लेकर दौड़े और पत्थर मारने शुरू कर दिए। चीता ज्वाला को पत्थर लगा तो वह गाय को छोड़ शावकों के साथ भाग गई।

## तकनीकी नवाचार से मिलेगी नगरीय विकास को गति : झाबर सिंह खर्रा

### नगरीय विकास एवं आवासन मंत्री ने किया क्षमता संवर्धन कार्यशाला के उद्घाटन सत्र का शुभारंभ




महानगर संवाददाता

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व और मंत्री झाबर सिंह खर्रा के निर्देशन में नगरीय विकास विभाग नए आयाम स्थापित कर रहा है। एमएनआईटी में सोमवार को अभियंताओं की क्षमता संवर्धन के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का नगरीय विकास एवं आवासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि खर्रा ने इस अवसर पर अभियंताओं से संवाद कर उनका मार्गदर्शन किया। उन्होंने कहा कि व्यक्ति के जीवन में सीखने की कोई उम्र नहीं होती है, अभ्यास से ही वह अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर हो जाता है। उन्होंने कहा कि इंजीनियर के रूप में आपका कार्य केवल इमारत बनाना नहीं है, बल्कि नगरीय विकास की प्रगति और समृद्धि की नींव को मजबूत करना है। आज के तेजी से बदलते समय में, हमें कुछ नया और अलग सोचने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि तकनीकी नवाचारों से राजस्थान के नगरीय विकास को गति मिलेगी, हमें चाहिए कि हम नवीन विचारों को अपनाएं और निर्माण के क्षेत्र में नवीनतम तकनीकों एवं विधियों को सीखें। हमें परंपरा और आधुनिकता को जोड़ते हुए उत्कृष्टता की ओर बढ़ना है। उद्घाटन सत्र में विधायक कुलदीप धनखड़, एमएनआईटी निदेशक एनपी पाधी, आवासन आयुक्त डॉ. रश्मि शर्मा, मुख्य अभियंता यूडीएच अशोक, मुख्य अभियंता आवासन मंडल अमित अग्रवाल, टीएस मीणा सहित अन्य अधिकारी, एमएनआईटी के प्रोफेसर एवं सभी प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।

## निरीक्षण में नदारद रहे कार्मिकों के विरुद्ध होगी कार्रवाई

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** प्रशासनिक सुधार एवं समन्वय विभाग की टीम ने सोमवार सुबह करीब 10 बजे राजस्थान हाउसिंग बोर्ड जयपुर कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान 52 राजपत्रित में से 28 एवं 183 अराजपत्रित कर्मचारियों में से 78 कर्मचारी अनुपस्थिति मिले। सभी अनुपस्थित कार्मिकों को नोटिस देकर जवाब मांगा जाएगा तथा नियमानुसार कार्रवाई होगी।






स्वत्वाधिकारी महानगर मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक गोपाल शर्मा द्वारा 2, सहकार मार्ग, ज्योतिनगर, लालकोठी, जयपुर-15 से प्रकाशित एवं महानगर मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड, जी-848, फेज-3, रीको सीतापुरा, जयपुर से मुद्रित। संपादक: गोपाल शर्मा, संपादकीय प्रभारी: जिज्ञासु शर्मा*। फोन: 0141-2741076, 2741077 * पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार। e-mail : mahanagarmarketing@gmail.com * आर.एन.आई. 67873/97/ पोस्टल रजिस्ट्रेशन नम्बर-JaipurCity/008/2023-25